हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, सोमवार 20 जुलाई 2026

ALLEN Results Validated by
Official result validator
EY
Shape the future with confidence

ALLEN

पेपर बदला
तैयारी नहीं

डेट बदली
सपना नहीं

हालात बदले
हौसला नहीं

इसलिए नहीं बदला...
ALLEN Champions
का शानदार रिज़ल्ट

RESULT: NEET (UG) 2026

05 Students in Top 10 AIR

47 Students in Top 100 AIR

As per result compiled till 19 July 2026 (06:00 PM)

प्रवेश प्रारंभ
NEET | JEE | OLYMPIADS | कक्षा 6 से 12 एवं 12वीं पास
टेस्ट और कोर्स की अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट या ALLEN के नजदीकी सेंटर पर संपर्क करें।

NEET (UG) 2026 स्कोर के आधार पर रिपीटर स्टूडेंट्स को
90% तक की स्कॉलरशिप*
*नियम एवं शर्तें

ALLEN KOTA
86906 60111
allen.in

ALLEN ONLINE
95137 36499
allen.in

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of paid courses. As an 'Official Results Validator', EY validates the authenticity of the students' enrolment and engagement with ALLEN. All result-related claims are based on publicly available information.

ALLEN
ALLEN Results Validated by
Official result validator
EY
Shape the future with confidence
RESULT: NEET (UG) 2026
690+ स्कोर करने वाले 138 छात्रों में से 67 ALLENites
AIR 14 Sarthak Mahesh Patil Distance Learning Program
AIR 15 Krish Gupta Distance Learning Program
AIR 16 Kartik Chaudhary Classroom Course
AIR 17 Mansha Garg Classroom Course
AIR 18 Kritik Jain Classroom Course
AIR 22 Harshil Gupta Distance Learning program
AIR 26 Shaurya Patel Classroom Course
AIR 29 Ashi Goyal Classroom Course
AIR 30 Akshit Kumar Gaur Classroom Course
AIR 31 Prakhar Bansal Classroom Course
AIR 32 Arnav Lahoti Classroom Course
AIR 34 Raushmit Gupta Classroom Course
AIR 35 Sabyasachi Laskar Online Classroom Course
AIR 39 Ranveer Kumar Classroom Course
AIR 43 Hiya Jasmin Vasavada Classroom Course
AIR 44 Madhvan Mahajan Classroom Course
AIR 49 Thejas Varun Reddy Classroom Course
AIR 50 Arnav Jindal Classroom Course
AIR 51 Vanisha Satish Classroom Course
AIR 52 Gunjan Classroom Course
AIR 54 Yash Classroom Course
AIR 55 Ravi Kant Diwakar Distance Learning Program
AIR 56 Bhavika Gupta Classroom Course
AIR 57 Saumya Patel Classroom Course
AIR 58 Anushka Choudhary Classroom Course
AIR 64 Diganth B S Classroom Course
AIR 65 Kushagra Mittal Classroom Course
AIR 66 Harshul Garg Classroom Course
AIR 67 Sagar Rajesh Karkar Classroom Course
AIR 69 Johann Job Distance Learning Program
AIR 70 Samarth Saini Classroom Course
AIR 77 Saumya Badole Classroom Course
AIR 79 Divit Jain Distance Learning Program
AIR 81 Mohammad Fawwaz Classroom Course
AIR 83 Kompella S. G. Tejoarunima Online Test Series
AIR 84 Ananya Sinha Online Test Series
AIR 85 Anushri Ajay Thorat Distance Learning Program
AIR 88 Navithana B. Classroom Course
AIR 93 Premal Patel Classroom Course
AIR 94 Shreyankh J Classroom Course
AIR 96 Aditya Benarjee Classroom Course
AIR 97 Vinayak Garg Classroom Course
AIR 101 Shukla Dhyan Anand Classroom Course
AIR 102 Nabhya Mohan Mehta Online Test Series
AIR 104 Ekagra Yadav Distance Learning Program
AIR 107 Arima Jha Online Test Series
AIR 108 Priyanshu Lamba Classroom Course
AIR 109 Sampreeth J Classroom Course
AIR 111 Himanshu Kumar Classroom Course
AIR 113 Rajdeep Gupta Classroom Course
AIR 114 Mihir N. Patel Distance Learning Program
AIR 117 Shiprak Goyal Classroom Course
AIR 119 Amir F. Varawalla Classroom Course
AIR 120 Sarthak Pethkar Classroom Course
AIR 123 Devesh S. Agrawal Distance Learning Program
AIR 128 Aakarsh Gupta Classroom Course
AIR 129 Mayank Kumar Singh Classroom Course
AIR 132 Arsh Chauhan Classroom Course
AIR 133 Shubh Prasad Classroom Course
AIR 135 Yash Classroom Course
AIR 136 Charvi Agrawal Classroom Course
AIR 137 Gopal Vijay Patil Classroom Course
ALLEN Chhattisgarh Champions
CHHATTISGARH TOPPER
AIR 117 Shiprak Goyal Classroom Course
AIR 178 Amogh Anudeepak Classroom Course
AIR 323 Jaidev Singh Thakur Classroom Course
AIR 364 Kevin Dsouza Classroom Course
AIR 457 Pranav Gachake Classroom Course
AIR 536 Swapnil S. Chandel Classroom Course
AIR 607 Mufaddal Sadduwala Classroom Course
AIR 787 Piyush Jotwani Classroom Course
AIR 1048 Shlok Kamra Classroom Course
AIR 1247 Advitya Singh Thakur Classroom Course
AIR 1682 Mayank Meher Classroom Course
AIR 2882 Ishant Kaushik Classroom Course
AIR 2961 Anjali Kumari Classroom Course
AIR 3192 Ananyam Verma Classroom Course
AIR 3246 Siddhi Soni Classroom Course
AIR 3518 Gulshan Sahu Classroom Course
AIR 3723 Niket Wadhwa Classroom Course
AIR 3772 Samriddhi Sharma Classroom Course
AIR 4048 Lyrick Matreja Classroom Course
AIR 4093 Samridhi Purohit Classroom Course
AIR 4754 Madhur Gupta Classroom Course
AIR 5091 Mohit Kumar Bhagat Classroom Course
AIR 5307 Aditya Sadhwani Classroom Course
AIR 5521 Rishabh Patel Classroom Course
AIR 6923 Shailja Tiwari Classroom Course
AIR 7063 Aditya Agrawal Classroom Course
AIR 7860 Yashwant Patel Classroom Course
AIR 8390 Prapti Ahuja Classroom Course
AIR 9848 Bhumika Verma Classroom Course
AIR 9999 Deepika Dewangan Classroom Course
35 Students in Top 15000 AIR
56 Students in Top 30000 AIR
and many more...
As per result compiled till 19 July 2026 (06:00 PM)
इन्होंने कर दिखाया। अब आपकी बारी।
करो NEET (UG) 2027 की तैयारी और भी पक्की,
ALLEN के कंप्यूटर-बेस्ड टेस्ट (CBT) के अनुभव के साथ।
प्रवेश प्रारंभ
NEET | JEE | OLYMPIADS | कक्षा 8 से 12 एवं 12वीं पास
टेस्ट और कोर्स की अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट या ALLEN के नजदीकी सेंटर पर संपर्क करें।
NEET (UG) 2026 स्कोर के आधार पर रिपीटर स्टूडेंट्स को 90% तक की स्कॉलरशिप*
TALLENTEX
ALLEN's Talent Encouragement Exam 2027
रजिस्टर करें ₹300 ₹150
ऑफर 22 जुलाई तक मान्य
90% तक की स्कॉलरशिप*
₹2.5 करोड़ तक के कैश रिवॉर्ड्स*
*Subject to the scholarship rules and the T&Cs.
ALLEN RAIPUR 89513 95440 allen.ac.in/raipur
ALLEN BILASPUR 89513 95460 allen.ac.in/bilaspur
ALLEN BHILAI 90487 77388 allen.ac.in/bhilai
Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of paid courses. As an 'Official Results Validator', EY validates the authenticity of the students' enrolment and engagement with ALLEN. All result-related claims are based on publicly available information.

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

एक्स्ट्रा टाइम के 106वें मिनट में फेरान टोरेस ने गोल कर स्पेन को दिलाई 1-0 से जीत

स्पेन ने रचा इतिहास बना विश्व चैंपियन

एजेंसी ▶▶ ईस्ट रदरफोर्ड

स्पेन ने 16 साल बाद फुटबॉल वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया। टीम ने न्यूयॉर्क के न्यू जर्सी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में 2022 की चैंपियन अर्जेंटीना को 1-0 से हराया। स्पेन के लिए एक्स्ट्रा टाइम में फेरन टोरेस ने गोल किया। मुकाबले के निर्धारित 90 मिनट तक दोनों टीमें गोल नहीं कर सकीं। पहले हाफ में स्पेन के लामिन यमाल और अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी को गोल करने के मौके मिले, लेकिन दोनों उन्हें भुना नहीं सके। पूरे मैच में स्पेन ने लगातार अटैकिंग खेल दिखाया, जबकि अर्जेंटीना के गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज ने कई बचाव किए।

फाइनल में स्पेन-अर्जेंटीना के बीच कांटे की टक्कर

रात 3.36 बजे फुटबॉल वर्ल्ड कप को मिला नया विजेता

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप विश्वकप फाइनल देखने पहुंचे

मेलोन, शकीरा समेत कई सितारों ने बांधा समां

हाफ टाइम शो में सबसे पहले कनाडाई सिंगर जस्टिन बीबर ने परफॉर्म किया। उनके बाद कोलंबियाई पॉप स्टार शकीरा ने स्टेज संभाला। हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज क्लोजिंग सेरेमनी के समय प्रस्तुति दी।

अतिरिक्त समय तक खिंच गया मुकाबला

स्पेन और अर्जेंटीना के बीच फीफा विश्व कप फाइनल मुकाबला अतिरिक्त समय तक खिंच गया है क्योंकि निर्धारित 90 मिनट तक कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। स्पेन ने गेंद पर नियंत्रण और हमलों के मामले में बाजी मारी और लियोनेल मेस्सी की अर्जेंटीना को बांधे रखा। दोनों टीमों को 30 मिनट अतिरिक्त समय दिया गया, जिसमें 15-15 मिनट के दो हाफ हुए।

राजनांदगांव में मेरा राजनीतिक पुनर्जन्म हुआ, जिला संवाद जनप्रतिनिधियों के लिए छमाही परीक्षा जैसा : डॉ. रमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

हरिभूमि-आईएनएच जिला संवाद में जनप्रतिनिधियों से प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के बेबाक सवाल समस्याएं रखीं, समाधान सुझाए गए

खास खबर

हरिभूमि एवं आईएनएच-24 द्वारा राजनांदगांव में आयोजित जिला संवाद कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा कि राजनांदगांव की धरती ने उनका राजनीति में पुनर्जन्म किया है। यहां की जनता के प्यार के चलते वे आज राजनीति में यहां तक पहुंचे है। इसके साथ ही उन्होंने जिला संवाद कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह आयोजन जनप्रतिनिधियों के लिए आगामी विधानसभा चुनाव से पहले छमाही परीक्षा की तरह है। इस मंच में जनप्रतिनिधि अपने काम एवं जनता की समस्याओं को रख रहे है।

हरिभूमि एवं आईएनएच-24 द्वारा आयोजित जिला संवाद का आयोजन रविवार को राजनांदगांव के एबीस ग्रीन होटल में किया गया। इस आयोजन में प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी ने जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविद के साथ ही व्यापारिक एवं चिकित्सा के क्षेत्र से जुड़े लोगों से जिले के विकास एवं समस्याओं को लेकर चर्चा की। इस सार्थक संवाद के दौरान जहां सत्ता पक्ष के नेता अपने एवं सरकार के काम गिनाते नजर आए । वहीं विपक्षी दल के नेताओं ने जनता की समस्याओं को सामने रखा। आयोजन के दौरान अलग-अलग क्षेत्र में बेहतर काम करने वाली पांच विभूतियों का सम्मान भी किया गया। आयोजन में विस अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे, ▶▶ शेष पेज 3 पर

- **सवाल:** लोग आपको राजनांदगाँव से पहचानते हैं, इस पर आपका क्या कहना है?
- **जवाब:** भले ही मेरा जन्मस्थान रामपुर है और मेरी राजनीति की शुरुआत कवर्धा से हुई थी, जहाँ से मैं दो बार विधायक बना। लेकिन राजनीति में एक चुनाव हारने के बाद मुझे राजनांदगाँव से ही राजनीतिक पुनर्जन्म मिला। यहाँ से मैं सांसद बना, केंद्रीय मंत्री बना, प्रदेश अध्यक्ष बना और तीन बार मुख्यमंत्री भी रहा।
- **सवाल:** आप वर्ष 2028 को किस प्रकार देखते हैं और आपका अगला लक्ष्य क्या है?
- **जवाब:** भविष्य में पार्टी जो भी तय करेगी और जो भी दायित्व मुझे दिया जाएगा, मैं उसके अनुसार काम करूँगा। मैं हर स्थिति के लिए मानसिक रूप से पूरी तरह तैयार हूँ। फिलहाल हमारा मुख्य लक्ष्य यही है कि चौथी बार भी देश में (भाजपा की) सरकार बनाने के लिए पूरी ताकत से काम किया जाए।
- **सवाल:** आपके आने के बाद नांदगाँव को विकास के तौर पर क्या मिला?
- **जवाब:** यहाँ की आवश्यकताओं को देखते हुए हमने एक ठोस कार्य योजना तैयार की। आज राजनांदगाँव में मेडिकल कॉलेज, अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, एजुकेशन हब, क्रिकेट एकेडमी और ऑडिटोरियम सहित सभी क्षेत्रों में तेजी से काम हो रहा है। यहाँ दो-तीन महत्वपूर्ण काम करने हैं। पहला, इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर के काम में हम काफी आगे बढ़ चुके हैं। दूसरा, गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया के माध्यम से यहाँ यूरिया बनाने का प्लांट लगाने का प्रयास जारी है, ताकि यह जल्द से जल्द जिले में आ सके। इसके अलावा, स्टील सेक्टर में भी एक बड़ा प्लांट लाने की कोशिश की जा रही है।
- **सवाल:** वर्तमान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के चयन और उनके काम को आप कैसे देखते हैं?
- **जवाब:** इस बार जब मुख्यमंत्री के रूप में विष्णुदेव साय जी का नाम आया, तो मैंने तुरंत कहा कि इनसे बेहतर व्यक्ति कोई और हो ही नहीं सकता था। वे तीन बार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, सांसद और केंद्र में मंत्री रह चुके हैं। उन्होंने सत्ता में आते ही वो चमत्कार कर दिखाया जो देश का कोई दूसरा सीएम नहीं कर पाया—किसानों से 3,100 रुपये में धान की खरीदी की, 2 साल का बकाया बोनस दिया और महतारी वंदन योजना शुरू की। आज गाँव-गाँव में सड़कों का जाल बिछ रहा है।

Impact Feature

CHOUHAN GROUP

THE EMPYREAN HOTEL & RESORTS TATIBANDH, RAIPUR

18 जुलाई 2026 को पंचवटी वृक्षारोपण समारोह एवं चौहान हेवी व्हीकल्स Ashok Leyland Authorized Service Centre का भव्य शुभारंभ

पंचवटी वृक्षारोपण समारोह श्री सुरेश (भैय्या जी) जोशी जी एवं डॉ. रमन सिंह जी सहित

18 जुलाई 2026 को The Empyrean Hotel & Resorts, Tatibandh, Raipur ने एक ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनते हुए पंचवटी वृक्षारोपण समारोह एवं चौहान हेवी व्हीकल्स – Ashok Leyland Authorized Service Centre के शुभारंभ का गरिमामयी आयोजन किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ नेता एवं अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य आदरणीय श्री सुरेश (भैय्याजी) जोशी जी तथा छत्तीसगढ़ विधानसभा के माननीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह जी की गरिमामयी उपस्थिति एवं शुभाशीष ने इस आयोजन को विशेष महत्व प्रदान किया।

पंचवटी वृक्षारोपण समारोह

कुछ समय पहले छत्तीसगढ़ के लोगों के प्यार को देखते चौहान ग्रुप ने रायपुर टाटीबंध में भव्य होटल एंड रिसोर्ट का शुभारंभ किया जो काफी आकर्षक है।

The Empyrean Hotel & Resorts (टाटीबंध) परिसर में आयोजित पंचवटी वृक्षारोपण समारोह पर्यावरण संरक्षण, भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों एवं सतत विकास के प्रति चौहान ग्रुप की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

पंचवटी भारतीय परंपरा में प्रकृति, संतुलन और समृद्धि का संदेश देती है। यह पहल हरित भविष्य और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति समूह के दीर्घकालिक संकल्प को दर्शाती है।

चौहान हेवी व्हीकल्स

इसी अवसर पर चौहान हेवी व्हीकल्स- Ashok Leyland Authorized Service Centre का शुभारंभ भी किया गया। यह केंद्र प्रशिक्षित तकनीशियनों, आधुनिक उपकरणों, जेन्युइन स्पेयर पार्ट्स एवं गुणवत्ता-आधारित सेवा के माध्यम से वाणिज्यिक वाहन ग्राहकों को विश्वसनीय तकनीकी सहायता प्रदान करेगा।

The Empyrean Hotel & Resorts - प्रमुख सुविधाएँ

- Luxury Rooms & Suites
- Grand Banquet & Convention Halls
- Destination Wedding Venue
- Corporate Meetings & Conferences
- Multi-Cuisine Restaurant
- Premium Lawn & Open Event Spaces
- Large Green Campus
- Ample Parking & Modern Infrastructure

Chouhan Group-Business Verticals

Chouhan Housing (Real Estate)

Chouhan Automobiles
- Nexa
- Maruti Suzuki Arena
- Hero Motor Corp

Chouhan Hospitality
- The Empyrean Hotel & Resorts, Raipur
- The Empyrean Hotel & Resorts, Bhilai
- The Empyrean Lake Resort, Balod

Chouhan Heavy Vehicles
- Ashok Leyland Authorised Service Centre

Chouhan Group Foundation

Shri Ajay Chouhan
Group Chairman, Chouhan Group

SINGAPORE LIFE CITY- 1 & 2

The Empyrean Hotel & Resorts, Bhilai



The Empyrean Hotel & Resorts, Raipur

The Empyrean Lake Resorts, Balod

"प्रकृति का संरक्षण, उत्कृष्ट आतिथ्य, आधुनिक सेवाएँ और समाज के प्रति उत्तरदायित्व- इन्हीं मूल्यों के साथ चौहान ग्रुप छत्तीसगढ़ के विकास हेतु निरंतर अग्रसर है।"

राममंदिर का सीईओ बनने आईएएस-आईपीएस से लेकर सेना के अफसर तक मैदान में

आए 5 हजार से ज्यादा आवेदन, सर्च कमेटी जांच कर करेगी शॉर्टलिस्ट

एजेंसी ▸▸ अयोध्या

श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पहले मुख्य कार्यकारी अधिकारी बनने की दौड़ बेहद दिलचस्प हो गई है। इस प्रतिष्ठित पद के लिए आवेदन करने वालों की संख्या 5 हजार के पार पहुंच गई है। खास बात यह है कि दावेदारों में सेवानिवृत्त आईएएस, आईपीएस, आईआरएस अधिकारियों के साथ-साथ भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी और प्रशासन व कॉर्पोरेट प्रबंधन का लंबा अनुभव रखने वाले कई पेशेवर भी शामिल हैं। अब तीन सदस्यीय सर्च कमेटी इन आवेदनों की जांच कर योग्य उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट करेगी, जिसके बाद अंतिम फैसला श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट करेगा।

अंतिम तिथि 18 जुलाई तक रही

राम मंदिर के सीईओ पद के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 18 जुलाई शाम 4 बजे थी। तय समय सीमा तक ट्रस्ट को 5,000 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। सूत्रों के अनुसार इतनी बड़ी संख्या में आवेदन आने से यह चयन प्रक्रिया अब तक की सबसे चर्चित प्रशासनिक नियुक्तियों में शामिल हो गई है। बड़ी संख्या में पूर्व नौकरशाहों, सैन्य अधिकारियों और अनुभवी प्रोफेशनल्स ने इस जिम्मेदारी के लिए अपनी दावेदारी पेश की है।

सर्च कमेटी करेगी चयन

ज्ञात हो कि गत 6 जुलाई को हुई ट्रस्ट की बैठक में सीईओ चयन के लिए तीन सदस्यीय सर्च कमेटी का गठन किया गया था। इस समिति में सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति प्रमोद कोहली, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) विष्णुकांत चतुर्वेदी और श्री साईं बाबा संस्थान ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष सुरेश हवारे शामिल हैं। यही समिति सभी आवेदनों की समीक्षा कर योग्य उम्मीदवारों की सूची ट्रस्ट को सौंपेगी।

श्री रामजन्मभूमि ट्रस्ट आवेदनों की करेगा जांच

आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब ट्रस्ट सभी आवेदनों की तय मानकों के आधार पर जांच करेगा। इसके बाद पात्र उम्मीदवारों की स्क्रीनिंग और शॉर्टलिस्टिंग की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक विशेषज्ञ समिति तीन से अधिक नामों की सिफारिश नहीं करेगी। अंतिम चयन और नियुक्ति का अधिकार श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पास ही रहेगा।

अयोध्या में 23 को जुटेंगे संत-धर्माचार्य

उत्तर प्रदेश के अयोध्या स्थित राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी का मामला सामने आने के बाद श्रद्धालुओं का भरोसा फिर से मजबूत करने के उद्देश्य से विहिप और आरएसएस 23 जुलाई को यहां मणि राम छावनी में संत सम्मेलन आयोजित करेंगे। सूत्रों के अनुसार, यह सम्मेलन श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक के एक दिन बाद होगा। सूत्रों के मुताबिक, संघ के स्वयंसेवक और विहिप के कार्यकर्ता धार्मिक स्थलों पर जाकर संपर्क कर रहे हैं।

यह थी आवेदन के लिए पात्रता

ट्रस्ट द्वारा जारी पात्रता मानदंडों के अनुसार सेवारत सरकारी अधिकारी जो अपने कार्यकाल के अंतिम दो वर्षों में हैं, सेवानिवृत्त अधिकारी और योग्य निजी क्षेत्र के पेशेवर इस पद के लिए आवेदन कर सकते थे। ट्रस्ट ऐसे व्यक्ति की तलाश में है जिसे बड़े संस्थानों के संचालन और प्रशासन का अनुभव हो।

ईमानदारी का होगा टेस्ट

सूत्रों के मुताबिक, चयन प्रक्रिया केवल शैक्षणिक योग्यता या प्रशासनिक अनुभव तक सीमित नहीं रहेगी। उम्मीदवारों के सेवा रिकॉर्ड, ईमानदारी, नेतृत्व क्षमता, अनुशासनात्मक इतिहास, वित्तीय पारदर्शिता, कार्य निष्पादन और बड़े संस्थानों के संचालन के अनुभव का भी मूल्यांकन किया जाएगा। इसके अलावा यह भी देखा जाएगा कि उम्मीदवार धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील संस्थान की जिम्मेदारी निभाने के लिए कितना उपयुक्त है।

अब ट्रस्ट के अंतिम फैसले पर टिकी निगाहें

राममंदिर सीईओ पद के लिए आए 5 हजार से अधिक आवेदनों के बीच अब सभी की नजरें सर्च कमेटी की स्क्रीनिंग प्रक्रिया और ट्रस्ट के अंतिम फैसले पर टिकी हैं। आखिर राम मंदिर जैसे देश के सबसे प्रतिष्ठित धार्मिक संस्थानों में से एक का पहला सीईओ कौन बनेगा, इसका फैसला आने वाले दिनों में होगा।

खबर संक्षेप

माओवादी ठिकाने से हथियार व कारतूस बरामद

लातेहार (झारखंड)। झारखंड पुलिस ने लातेहार जिले में माओवादियों के एक ठिकाने से हथियार और कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार माओवादी रवींद्र गंझू से मिली सूचना के आधार पर एक एके-56 राइफल, दो मैगजीन और 90 कारतूस बरामद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि हथियार और कारतूस जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के वनक्षेत्र में एक पेड़ के नीचे छिपाकर रखे गए थे। प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) संगठन की क्षेत्रीय समिति सदस्य रवींद्र गंझू को 13 जुलाई को चंदवा क्षेत्र के हेल्सा गांव से गिरफ्तार किया गया था।

कार खड्ड में गिरी, चार की मौत, एक घायल



पेशावर। उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को पर्यटकों से भरी एक कार के खड्ड में गिर जाने से दो महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मानसेहरा जिले में हुई। उन्होंने बताया कि सभी पर्यटक पंजाब प्रांत के सियालकोट जिले के निवासी थे। बताया गया कि प्रारंभिक खबर के अनुसार, चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया, जिससे कार सड़क से उतरकर खाई में गिर गई।

कार की टक्कर से दंपति सहित मासूम की मौत

गुना (मप्र)। मध्यप्रदेश के गुना जिले में रविवार शाम एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दंपति और उनके सात वर्षीय पुत्र की मौत हो गई। यह दुर्घटना गुना से 25 किलोमीटर दूर म्याना थाना क्षेत्र के भदौरा गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर शाम करीब पौने पांच बजे हुई। थाना प्रभारी ब्रजमोहन भदौरिया ने बताया कि मृतकों की पहचान मनोज कुशवाहा (34), उनकी पत्नी मालती (30) और सात वर्षीय पुत्र कार्तिक के रूप में हुई है। भदौरिया ने बताया कि कार चालक को पकड़ लिया गया है और उसका वाहन जब्त कर लिया गया है।

दोनों देशों में दहशत का माहौल, सैन्य क्षेत्र से युद्ध पहुंचा अब रहवासी इलाकों में

यूक्रेन ने किया 370 सुसाइड ड्रोन से हमला बौखलाए पुतिन ने कर दी मिसाइलों की बारिश

रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध ने भीषण रूप ले लिया है। शनिवार को यूक्रेन ने रूस के कई इलाकों में लगभग 370 सुसाइड ड्रोन से हमला कर रूस के आसमान को धुंआ-धुंआ कर दिया। वहीं इस हमले से बौखलाए रूस ने यूक्रेन पर मिसाइलों की बारिश कर दी। मॉस्को के मेयर ने बताया कि इस क्षेत्र की ओर 370 से ज्यादा ड्रोन दागे गए। रूसी डिफेंस सिस्टम ने कई ड्रोन को रोक लिया, लेकिन कुछ ड्रोन अपने टारगेट तक पहुंच गए और आग लग गई।

एजेंसी ▸▸ मॉस्को

यूक्रेन की वायुसेना ने बताया कि रूस ने रात भर में 41 मिसाइलें लॉन्च कीं, जिनमें से 18 मिसाइलों को उन्होंने सफलतापूर्वक मार गिराया। मॉस्को में यूक्रेनी ड्रोन हमलों के बाद घंटों तक घना काला धुआं छाया रहा। इलेक्ट्रोस्टाल में वाइल्डबेरीज का लॉजिस्टिक्स कॉम्प्लेक्स और नोगिंस्क में तेल डिपो में आग लग गई। ये जगहें मॉस्को की राजधानी से करीब 50 किमी पूर्व में हैं। स्थानीय गवर्नर और मेयर ने इस हमले की पुष्टि की।

रूस ने बैलेस्टिक मिसाइलों से दिया जवाब : रूस ने यूक्रेन पर युद्ध शुरू होने के बाद अब तक की सबसे बड़ी संख्या में बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया है। यूक्रेन के विदेश मंत्री ने यह जानकारी दी। यूक्रेन की वायुसेना ने बताया कि रूस ने रात भर में 41 मिसाइलें लॉन्च कीं, जिनमें से 18 मिसाइलों को उन्होंने सफलतापूर्वक मार गिराया।

यूक्रेन ने सबसे बड़े तेल डिपो को बनाया निशाना

यूक्रेनी ड्रोन ने इलेक्ट्रोस्टाल स्थित वाइल्डबेरीज के बड़े लॉजिस्टिक्स सेंटर को निशाना बनाया। यह एक सबसे बड़ा गोदाम है। साथ ही नोगिंस्क में तेल डिपो पर भी हमला हुआ। नोगिंस्क डिपो में 24 स्टोरेज टैंक हैं। यह मॉस्को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण ईंधन केंद्र है। आग इतनी तेज लगी कि काला धुआं आसमान में कई घंटों तक छाया रहा। आग बुझाने के लिए दमकल की कई टीमें मौके पर पहुंचीं। क्षेत्रीय गवर्नर ने कहा कि ईंधन आपूर्ति पर असर पड़ सकता है, लेकिन तुरंत कोई बड़ा खतरा नहीं है।

जेलेंस्की का बयान और जवाबी कार्रवाई

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि ये लॉजिस्टिक्स केंद्र रूसी हमलों के जवाब में निशाना बनाए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि ये केंद्र रूस को ड्रोन बनाने वाले प्रतिबंधित पुर्जे मुहैया कराते थे। यूक्रेन का कहना है कि रूस उसके शहरों पर हमले कर रहा है, इसलिए वह रूस के अंदर सैन्य और सहायक ठिकानों को निशाना बना रहा है।

रूस की डिफेंस सिस्टम की चुनौतियां : रूस की राजधानी मॉस्को को मजबूत एयर डिफेंस सिस्टम से सुरक्षित माना जाता है। एस-400 और अन्य सिस्टम लगे हैं, जो आमतौर पर ड्रोन और मिसाइलों को रोक लेते हैं लेकिन 370 से ज्यादा ड्रोन एक साथ लॉन्च करने से कुछ ड्रोन बच निकले. इससे रूसी रक्षा विशेषज्ञों में चिंता बढ़ गई है।

यूक्रेन का हमला आतंकी कार्रवाई : पुतिन

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और सरकार ने इन हमलों की निंदा की है। उन्होंने इसे आतंकवादी कार्रवाई बताया। रूसी मीडिया ने भी इस घटना को प्रमुखता दी और यूक्रेन पर आरोप लगाया कि वह नागरिक ठिकानों को निशाना बना रहा है। हालांकि जेलेंस्की का दावा है कि ये सैन्य सप्लाई से जुड़े केंद्र थे। नोगिंस्क तेल डिपो मॉस्को क्षेत्र के लिए ईंधन का बड़ा केंद्र है।

धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा युद्ध का दायरा

यह हमला यूक्रेन-रूस युद्ध के 3 साल पूरे होने के आसपास हुआ है। शुरू में युद्ध मुख्य रूप से यूक्रेन की सीमा पर था, लेकिन अब दोनों पक्ष एक-दूसरे की गहराई में हमले कर रहे हैं। यूक्रेन ने लंबी दूरी के ड्रोन विकसित किए हैं, जो रूस के अंदरूनी इलाकों तक पहुंच सकते हैं। वहीं रूस की ओर से यूक्रेनी शहरों पर मिसाइल और ड्रोन हमले जारी रखे हुए हैं। इससे दोनों देशों में नागरिकों की जान जा रही है। आर्थिक नुकसान हो रहा है।

दोनों देशों को दूसरे देश दे रहे हथियार

बता दें कि यूरोपीय देश और अमेरिका यूक्रेन को हथियार और मदद दे रहे हैं, जबकि रूस को चीन, ईरान और उत्तर कोरिया जैसे देशों से समर्थन मिल रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे हमले युद्ध को लंबा खींच सकते हैं।

---

15 सितंबर से बहुत कुछ बदल जाएगा

अमेरिका में छात्रों व पत्रकारों के लिए भी सख्त वीजा नियम

एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट ने इमिग्रेशन नियमों में एक बड़ा और सख्त बदलाव करते हुए एफ-1 छात्र वीजा, जे-1 एक्सचेंज विजिटर और विदेशी पत्रकारों के लिए जारी होने वाले आई वीजा धारकों की अमेरिका में रहने की अधिकतम समय-सीमा चार साल तय कर दी है। इस कदम का सीधा असर लाखों भारतीय छात्रों और पेशेवरों पर पड़ने की आशंका है, जिससे उनकी चिंता काफी बढ़ गई है। इस नियम को 15 सितंबर 2026 से प्रभावी किया जाना है, हालांकि अभी इस पर अमेरिकी कांग्रेस की समीक्षा शेष है।

नए नियम में अवधि की गई तय

नई नीति के तहत, अब अधिकतर विदेशी छात्रों और एक्सचेंज विजिटर्स को अमेरिका में केवल अपने निर्धारित शैक्षणिक कोर्स या प्रोग्राम की अवधि तक ही रहने की अनुमति होगी और यह अवधि एक बार में अधिकतम चार साल तक ही सीमित रहेगी। यही नियम। वीजा पर आने वाले विदेशी मीडिया कर्मियों पर भी लागू होगा। इस नियम को 15 सितंबर 2026 से प्रभावी किया जाना है, हालांकि अभी इस पर अमेरिकी कांग्रेस की समीक्षा शेष है।

विशेषज्ञों ने जताई चिंता

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बिल्ड टैलेंट लैब्स की को-फाउंडर और सीईओ डेनियल गोल्डमैन ने चेतावनी दी है कि छात्र वीजा नियमों में हुए इस बदलाव से भारत सहित कई देशों के छात्रों पर भारी आर्थिक बोझ और प्रशासनिक मुश्किलें बढ़ेंगी। उन्हें अब पहले की तुलना में कहीं अधिक तेजी से नौकरी और एंप्लायर स्पांसरशिप हासिल करनी होगी।

भारत ने कहा- अमेरिकी सरकार के संपर्क में हैं

बदलते नियमों के बीच भारत सरकार ने कहा है कि वह इस मामले पर करीबी नजर बनाए हुए है और अपने नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए वाशिंगटन से लगातार बातचीत कर रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत अमेरिकी सरकार के संपर्क में है और नीतिगत बदलावों के कारण परेशानी झेल रहे वास्तविक छात्रों और यात्रियों के पक्ष में लगातार आवाज उठाता रहेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वीजा और इमिग्रेशन से जुड़े नियम बनाना हर देश का अपना संप्रभु अधिकार है।

हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

वांगचुक को निजी अस्पताल में शिफ्ट करने से किया इंकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने रविवार को जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के सफदरजंग अस्पताल में जारी इलाज के मामले में दखल देने से इंकार कर दिया।

न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा ने कहा कि इस चरण में सोनम वांगचुक को निजी अस्पताल में स्थानांतरित करने संबंधी उनकी पत्नी गीतांजलि जे. आंग्मो की याचिका पर किसी अंतरिम आदेश की आवश्यकता नहीं है। मामले की अगली सुनवाई 24 जुलाई को होगी। शनिवार को भूख हड़ताल के 21वें दिन दिल्ली पुलिस वांगचुक को जंतर-मंतर से सफदरजंग अस्पताल ले गई थी। वांगचुक 28 जून से नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं और परीक्षा रद्द होने के बाद कई छात्रों द्वारा आत्महत्या किए जाने के विरोध में भूख हड़ताल कर रहे थे।

सरकार ने मांगा सहयोग, राम मंदिर-पेपर लीक और एथनॉल मुद्दे पर अड़ा विपक्ष

आज से मानसून सत्र, रक्षा मंत्री राजनाथ की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू हो रहा है। सत्र से एक दिन पहले रविवार को सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। इसमें विपक्ष ने राम मंदिर के चढ़ावे में कथित हेराफेरी, पेपर लीक, एथनॉल समेत कई मुद्दों पर चर्चा की मांग उठाई। वहीं, सरकार ने सभी दलों से सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने और विधेयकों पर सार्थक चर्चा में सहयोग की अपील की।मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होगा और इसके 13 अगस्त तक चलने की संभावना है। सरकार ने उनसे दोनों सदनों की कार्यवाही सुचारू रूप से चलने देने की अपील करते हुए कहा कि हंगामे से सिर्फ देश का नहीं, बल्कि ऐसा करने वाली पार्टियों को भी नुकसान होता है।

विपक्षी दलों का वाकआउट

कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने तृणमूल कांग्रेस और शिवसेना (उबाठा) के बागी सांसदों के मामलों पर विरोध जताते हुए रविवार को सर्वदलीय बैठक से बहिर्गमन किया किया। राज्यसभा में कांग्रेस के उप नेता प्रमोद तिवारी ने बताया कि संविधान की अहवेलना करके तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और शिवसेना (उबाठा) के साथ जो हुआ, उसके खिलाफ बहिर्गमन किया गया है। शिवसेना (उबाठा) सांसद अरविंद सावंत ने कहा कि पार्टी से बगावत करने वाले सभी सांसदों को अयोग्य ठहराया जाना चाहिए। बहिर्गमन के कुछ देर बाद विपक्षी नेता बैठक में शामिल हुए।

शाह पेश करेंगे वंदे मातरम से जुड़ा बिल

संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होकर 13 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान 19 बैठकें होंगी। सोमवार को अमित शाह राज्यसभा में वंदे मातरम से जुड़ा बिल पेश करेंगे। आयकर संशोधन बिल के लिए 4 घंटे, जजों की संख्या से जुड़े बिल के लिए 4 घंटे, जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रेशन बिल के लिए 4 घंटे, वंदेमातरम से जुड़े बिल के लिए 4 घंटे और एमएसएमई बिल पर चर्चा के लिए 5 घंटे तय किए गए हैं।

नीट-यूजी पर एनटीए की चेतावनी

एआई से तैयार ओएमआर शीट पर होगा सख्त एक्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने नीट-यूजी 2026 के अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों के लिए परामर्श जारी करते हुए आगाह किया है कि अंकों में किसी भी प्रकार की विसंगति की शिकायत दर्ज कराते समय फर्जी या कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से तैयार की गई ओएमआर शीट जमा न करें।

एनटीए ने यह परामर्श ऐसे समय जारी किया है, जब उसने नीट-यूजी 2026 के अभ्यर्थियों के अपेक्षित और घोषित अंकों में अंतर संबंधी कई शिकायतों की समीक्षा की। जांच के दौरान एजेंसी ने पाया कि शिकायतों के साथ जमा की गई कई ओएमआर शीट फर्जी थीं या एआई की मदद से तैयार की गई प्रतीत होती हैं।

क्या है पूरा ओएमआर विवाद? : दरअसल, 16 जुलाई को जबसे मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम के नतीजे घोषित हुए हैं, तब से कई छात्रों ने अपने उम्मीद वाले स्कोर और असल नतीजों में फर्क होने की शिकायतें दर्ज करानी शुरू कर दी थीं।

विवाद के बाद हुई हिंसा में दांतों से काटने को लेकर की बड़ी टिप्पणी

मुंबई की अदालत ने सुनाया अहम फैसला, 'दांतों को हथियार नहीं माना जा सकता, आरोपी को बरी किया

एजेंसी ▸▸ मुंबई

मुंबई की मुलुंड अदालत ने एक अहम फैसले में साफ कहा है कि मानव दांतों को हथियार की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। इसी आधार पर अदालत ने माना कि किसी व्यक्ति द्वारा दांत से काटने की घटना भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 324 के दायरे में नहीं आएगी। प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट ने कहा कि दांत शरीर का स्वाभाविक हिस्सा हैं, न कि ऐसा हथियार जिससे काटकर चोट पहुंचाने के अपराध में धारा 324 लगाई जा सके। सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता ने भी अदालत को बताया कि वह अब आरोपी के खिलाफ मामला आगे नहीं चलाना चाहता। चूंकि आईपीसी की धारा 323 और धारा 504 के अपराध समझौते योग्य हैं, इसलिए अदालत ने उन धाराओं में भी आरोपी को बरी कर दिया।

इस मामले में सुनाया अहम फैसला

अदालत ने शनिवार को अपने आदेश में कहा कि धारा 324 उन मामलों पर लागू होती है, जिनमें चोट किसी धारदार, काटने वाले या खतरनाक हथियार से पहुंचाई गई हो। चाकू, ब्लेड, कैंची, तलवार और हंसिया जैसे औजार काटने के लिए बनाए जाते हैं, जबकि मानव दांत प्रकृति द्वारा भोजन चबाने और खाने के लिए दिए गए हैं। इसलिए दांतों को किसी भी स्थिति में हथियार नहीं माना जा सकता।

वचाव पक्ष ने अदालत में रखी यह दलील

सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने अदालत में दलील दी कि मानव दांत न तो हथियार हैं और न ही कानून की नजर में काटने का ऐसा साधन, जिसके आधार पर आईपीसी की धारा 324 लगाई जा सके। अदालत ने इस दलील को स्वीकार करते हुए कहा कि मानव दांत शरीर का अभिन्न हिस्सा हैं और उन्हें धारदार या काटने वाले हथियार की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। इसलिए आरोपी के खिलाफ धारा 324 के तहत कार्रवाई नहीं बनती।

शराब के नशे में मारपीट व काटने की घटना

यह मामला 31 मार्च 2018 का है। मुंबई के कांजुरमार्ग इलाके में शिकायतकर्ता अपने दोस्तों के साथ पढ़ाई को लेकर चर्चा कर रहा था। आरोप है कि उसी दौरान राहुल घाडी नाम का युवक शराब के नशे में वहां पहुंचा, गाली-गलौज की और मारपीट करते हुए शिकायतकर्ता के कंधे पर चार-पांच बार दांत से काट लिया। इसके बाद उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

पूर्व में हाईकोर्ट ने भी की थी ऐसी ही टिप्पणी

इससे पूर्व ऐसे ही एक मामले में मुंबई हाईकोर्ट ने भी कहा था कि भारतीय दंड संहिता की धारा 324 (खतरनाक हथियार का उपयोग करके चोट पहुंचाना) के तहत, चोट किसी ऐसे उपकरण से लगी होनी चाहिए जिससे मृत्यु या गंभीर नुकसान होने की आशंका हो। हाईकोर्ट ने कहा कि वर्तमान मामले में शिकायतकर्ता के मेडिकल सर्टिफिकेट से पता चलता है कि दांतों से केवल साधारण चोट लगी थी। हाईकोर्ट ने कहा कि जब धारा 324 के तहत अपराध नहीं बनता है, तो अभियुक्त को मुकदमे का सामना कराना कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग करना होगा। अदालत ने एफआईआर को रद्द कर दिया था।

सीबीएसई का 'बेस्ट ऑफ टू' नियम

अब 10वीं बोर्ड में अच्छे नंबर के लिए मिलेगा दूसरा मौका

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सीबीएसई साल 2026 से कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए 'बेस्ट ऑफ टू' नियम लागू करने जा रहा है। अब छात्र साल में 2 बार बोर्ड परीक्षा दे सकेंगे। हर विषय में जिस परीक्षा में उन्हें सबसे अच्छे नंबर मिलेंगे, वही अंक फाइनल मार्कशीट में दर्ज होंगे। इस नियम से अगर पहली बार में कुछ विषयों में नंबर कम आते हैं, तो छात्रों को उन्हें सुधारने का पूरा मौका मिलेगा। बोर्ड का मकसद छात्रों का तनाव कम करना और उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने का पूरा अवसर देना है। जब पहली बार कुछ स्कूलों में इस नियम को लागू किया गया था, तब करीब 60 प्रतिशत छात्रों ने दूसरी बार में ज्यादा नंबर हासिल किए थे। इसलिए, अगर किसी विषय में आपको अभी भी कोई दिक्कत है, तो यह नियम आपके लिए बहुत फायदेमंद होगा।

मार्कशीट में सबसे ज्यादा नंबर दर्ज होंगे

यह नियम बिल्कुल सीधा है: आपकी फाइनल मार्कशीट में हर विषय के वही अंक दर्ज होंगे, जो आपने दोनों में से किसी भी परीक्षा में सबसे ज्यादा हासिल किए होंगे। आप खुद चुन सकते हैं कि किन विषयों में आपको और अंक लाने हैं। इसके लिए आपको सभी विषयों की परीक्षा दोबारा देने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

तिरपाल से छाया कर चिता को बारिश से बचाकर दी गई मुखाग्नि

5 घंटे में जला शव

बारिश की वजह से चिता की आग बार-बार बुझती रही। परिजनों और उपस्थित लोगों को चिता को सुलगते रखने के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ी। लोगों ने किसी तरह एक तिरपाल का इंतजाम किया और उसे चिता के ऊपर तानकर आग को बचाने की कोशिश की। जो अंतिम संस्कार सामान्यतः एक से डेढ़ घंटे में संपन्न हो जाता है, उसे पूरा होने में पूरे 5 घंटे लगे।

जिंदा थे तो बुनियादी हक न मिला, मरे तो कफ़न सुखाने को तरस गई चिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

खास खबर

दुर्ग जिले के भिलाई स्थित जुनवानी-खम्हरिया मुक्तिधाम में बारिश के बीच इतनी अव्यवस्था देखने को मिली कि यहां बारिश के बीच तिरपाल की ओट में लोगों को अंतिम संस्कार करना पड़ रहा है। इंसान की जिंदगी में बुनियादी सुविधाओं का अभाव तो ⏭शेष पेज 3 पर

वीडियो सोशल मीडिया में वायरल

मुक्तिधाम में मौजूद कुछ युवाओं ने इस पूरी जद्दोजहद और बेबसी का एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया, जो अब तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि कैसे लोग भारी बारिश के बीच एक मृत आत्मा को सुकून की आग देने के लिए सिस्टम की नाकामी से लड़ रहे हैं।

अव्यवस्था को लेकर बड़ा सवाल

आसमान से बरसता पानी तो कुदरत का नियम है, लेकिन मुक्तिधाम में एक अदद शेड न होना प्रशासनिक लापरवाही का जीवंत प्रमाण है। जनप्रतिनिधियों ने चुनावों में वोट बटोरने के लिए बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन आज उन वादों की हकीकत पानी में तैरती नजर आई।

सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की उड़ रही धज्जियां

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्य शासन को निर्देश दिया है कि वह मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार के लिए परिवार पर्याप्त व्यवस्था के इंतजाम करें। इसको देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन ने सभी निगमों को नोटिस जारी कर वहां से उनके यहां स्थित मुक्तिधाम और अव्यवस्था की जानकारी दें और वहां लोगों को सुविधा देने की व्यवस्था करें। इसके बाद भी वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत यह अव्यवस्था सभी को सोचने पर मजबूर करती है।

inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

पाठक सूचना

हरिभूमि सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार 2026 का सामान्य कूपन कल के अंक में देखें।

राष्ट्रपति तीन देशों की यात्रा पर

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू व्यापार, प्रौद्योगिकी एवं अन्य प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने तथा लोगों के बीच आपसी संबंध को मजबूत करने के उद्देश्य से रविवार को मोल्दोवा, उत्तर मैसेडोनिया और रोमानिया की यात्रा पर रवाना हो गईं।

जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड, नगालैंड में मानसून का कहर, छत्तीसगढ़ समेत 22 राज्यों में अलर्ट

उत्तर और पूर्वी भारत में तबाही बारिश-बाढ़ में 16 की गई जान

उत्तर और पूर्वी भारत में दक्षिण-पश्चिम मानसून के सक्रिय रहने के कारण रविवार को भूस्खलन और बाढ़ की घटनाएं हुईं तथा वर्षाजनित हादसों में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। आईएमडी ने अगले छह-सात दिन तक उत्तर, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत में मानसून के सक्रिय रहने का अनुमान जताया है। वहीं, छत्तीसगढ़ समेत 22 राज्यों में बारिश का अलर्ट है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आईएमडी ने पश्चिम-मध्य और दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में अगले सात दिन तक बारिश की गतिविधि कमजोर रहने की संभावना जताई है। जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती पुंछ और राजौरी जिलों में मूसलाधार बारिश के कारण भूस्खलन और बाढ़ आने से कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई तथा कई अन्य लोग लापता हैं। इसके बाद कई एजेंसियों ने संयुक्त रूप से बचाव अभियान शुरू किया। सबसे ज्यादा तबाही पुंछ जिले की सुरनकोट तहसील में हुई। इसी तहसील में सबसे अधिक लोगों की मौत हुई। अधिकारियों ने बताया कि लगातार बारिश और क्षतिग्रस्त सड़कों के बीच बचाव दल लापता लोगों का पता लगाने के लिए तेजी ⏭शेष पेज 3 पर

छत्तीसगढ़ में चलेंगी हवाएं, होगी बारिश

बिलासपुर, रायपुर, धमतरी, कोरबा, गाजियाबाद, बेमेतरा, जांजगीर चांपा, महासमुंद, दुर्ग, कोरिया और रायगढ़ में भारी बारिश और आंधी की चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा के झोंके चल सकते हैं।

मकान बहे, सड़कें अवरुद्ध

नगालैंड के मोन जिले में अचानक आई बाढ़ में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ में मकान बह गए, सड़कें अवरुद्ध हो गईं और कई लोग मलबे के नीचे फंस गए। कई घंटे की भारी बारिश के बाद मोन शहर में मकानों, सड़कों और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को व्यापक नुकसान पहुंचा है। कई इलाकों में पानी भर गया है और भूस्खलन के कारण प्रमुख मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं। प्राधिकारियों ने मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका से इंकार नहीं किया है।

10 दिन की रिमांड पर भेजे गए

1000 करोड़ के कथित कॉर्पोरेट फर्जीवाड़े में गोयनका गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर/अनूपपुर/कोतमा

खास खबर

उद्योगपति एवं विधायक संजय पाठक के परिवार से जुड़ी कंपनियों में कथित रूप से लगभग 1000 करोड़ रुपए के कॉर्पोरेट फर्जीवाड़े के मामले में कोतमा निवासी महेंद्र गोयनका की गिरफ्तारी के बाद जांच तेज हो गई है। कोलकाता पुलिस ने उन्हें दिल्ली से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से 10 दिन की पुलिस रिमांड मंजूर की गई है। इस दौरान पुलिस वित्तीय लेनदेन, दस्तावेजी हेराफेरी और कथित धोखाधड़ी से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर पूछताछ करेगी। जांच एजेंसियों के अनुसार, ⏭शेष पेज 3 पर

बड़े खुलासों की संभावना

कोलकाता पुलिस की 10 दिन की रिमांड के दौरान मामले में शामिल अन्य व्यक्तियों, कंपनियों और वित्तीय लेनदेन की कड़ियों की जांच की जाएगी।

कटनी में भी केस

महेंद्र गोयनका और उनके कुछ सहयोगियों के खिलाफ मध्यप्रदेश के कटनी जिले में भी धोखाधड़ी, आपराधिक षड्यंत्र और जालसाजी से जुड़े अलग-अलग मामले दर्ज हैं। मामले से जुड़े कुछ आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिकाएं सर्वोच्च न्यायालय से निरस्त होने की जानकारी भी सामने आई है।

एनसीएलटी के आदेश का भी उल्लेख

मामले से जुड़े सूत्रों का दावा है कि राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी), मुंबई पीठ के 9 मई 2025 के एक आदेश में महेंद्र गोयनका एवं उनकी पत्नी मीनू गोयनका से जुड़े वित्तीय मामलों का उल्लेख किया गया है। वहीं उनकी एक अन्य कंपनी निसर्ग इस्पात से संबंधित लेनदेन भी जांच एजेंसियों के रडार पर बताए जा रहे हैं।

सरकारी धन की फिजूलखर्ची चोरी गबन और धोखाधड़ी में डूबे 113 करोड़, अब बट्टे खाते में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में सरकारी सेवकों ने खजाने की रकम की फिजूलखर्ची, चोरी और गबन करके 113 करोड़ 60 लाख रुपए उड़ा दिए। इस तरह के मामलों की संख्या पौने तीन हजार से अधिक है। खास बात ये है कि इन मामलों की ओर जब सीएजी ने सरकार को ध्यान दिलाया तो ये जवाब आया कि गबन, धोखाधड़ी के लंबे समय से लंबित मामलों को बट्टे खाते में डालने और उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। यह तथ्य सीएजी की ताजा रिपोर्ट से सामने आया है। रिपोर्ट में सीएजी ने छत्तीसगढ़ वित्त संहिता नियम के हवाले से कहा है, यह प्रावधान है कि प्रत्येक शासकीय ⏭शेष पेज 3 पर

दस साल से अधिक समय से लंबित

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2181 मामलों में से 0.54 करोड़ के 121 प्रकरण शासकीय धन/भंडार की चोरी से संबंधित थे, जबकि शासकीय सामग्री के गबन/नुकसान से संबंधित 113.60 करोड़ की प्रकरणें दस साल से अधिक समय से लंबित थीं। इस ओर ध्यान दिलाए जाने पर राज्य शासन ने जवाब फरवरी-2026 में कहा है कि गबन/धोखाधड़ी के लंबे समय से लंबित मामलों को बट्टे खाते में डालने और उनका समाधान करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

संसद का मानसून सत्र आज से

नीट और राम मंदिर चढ़ावा चोरी जैसे मुद्दों पर हंगामे के 'आसार'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

संसद का मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है, जिसके बेहद हंगामेदार रहने के आसार हैं। भाजपा के नेतृत्व वाले सत्ताधारी राजग और विपक्षी दलों ने इस सत्र के लिए अपनी रणनीतियां तैयार कर ली हैं। सत्ता पक्ष जहां 7 अहम विधेयकों को पारित कराने की तैयारी में है, इनमें मुख्य रूप से आयकर संशोधन विधेयक, राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम (संशोधन) विधेयक और सुप्रीम कोर्ट (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन विधेयक शामिल हैं। सरकार परिसीमन और महिला आरक्षण से जुड़े कुछ पुराने अटके संविधान संशोधन विधेयकों को भी फिर से पटल पर लाने का प्रयास कर सकती है। दूसरी ओर विपक्ष ने नीट पेपर लीक मामले और अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा चोरी जैसे संवेदनशील मुद्दों पर सरकार को कठघरे में खड़ा करने की रणनीति बनाई है। सत्र की पूर्व संध्या पर हुई सर्वदलीय बैठक में भी तीखी बहस देखने को मिली थी, जिससे साफ है कि इस सत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच भारी टकराव देखने को मिलेगा।

चिंतन

सरकार और विपक्ष टकराव नहीं, चर्चा को दें प्राथमिकता

आज से शुरू हो रहा संसद का मानसून सत्र ऐसे समय में आयोजित हो रहा है, जब देश के सामने शिक्षा, रोजगार, महंगाई, कृषि, राष्ट्रीय सुरक्षा और संघीय ढांचे जैसे अनेक गंभीर मुद्दे हैं। ऐसे में देश की सर्वोच्च लोकतांत्रिक संस्था से जनता की अपेक्षा शोर-शराबे की नहीं, बल्कि सार्थक बहस और ठोस समाधान की है। दुर्भाग्य से सत्र शुरू होने से पहले ही सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने दिखाई दे रहे हैं। विपक्ष जहां नीट पेपर लीक, बिहार की मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर), शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को लेकर सोनम वांगचुक और कॉकरोच जनता पार्टी के अध्यक्ष अभिजीत दीपके के अनशन, परिसीमन और अन्य मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में है, वहीं सरकार अपने विधायी एजेंडे को आगे बढ़ाना चाहती है। यह टकराव लोकतंत्र का हिस्सा हो सकता है, लेकिन यदि यह सदन की कार्यवाही को ठप कर दे तो सबसे बड़ा नुकसान देश और जनता का होता है। लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका केवल विरोध करने की नहीं, बल्कि सरकार को जवाबदेह बनाने की भी होती है। यदि नीट पेपर लीक जैसा मामला लाखों छात्रों के भविष्य से जुड़ा है या किसी अन्य विषय पर जनता के मन में सवाल हैं, तो उन्हें संसद में पूरी गंभीरता से उठाया जाना चाहिए। सरकार का भी दायित्व है कि वह इन मुद्दों पर स्पष्ट और संतोषजनक जवाब दे। विपक्ष को भी यह समझना होगा कि लगातार हंगामा, नारेबाजी और सदन की कार्यवाही बाधित करना लोकतांत्रिक संघर्ष का सबसे प्रभावी तरीका नहीं है। पिछले वर्षों का अनुभव बताता है कि संसद की उत्पादकता घटने से जनता में निराशा बढ़ी है। करोड़ों रुपये का सार्वजनिक धन खर्च होने के बावजूद यदि सदन नहीं चलता, तो इसका सीधा नुकसान करदाताओं और लोकतांत्रिक व्यवस्था को होता है। संसद का मंच बहस के लिए बना है, बहिष्कार या व्यवधान के लिए नहीं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू का यह कहना उचित है कि राजनीतिक लाभ चर्चा से मिलता है, हंगामे से नहीं। वहीं, सरकार को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि विपक्ष की आवाज दबे नहीं। छोटे दलों को पर्याप्त समय मिले, विधेयकों को जल्दबाजी में पारित न किया जाए और सभी महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हो। यदि सरकार संवाद का रास्ता अपनाएगी तो विपक्ष पर भी रचनात्मक सहयोग का नैतिक दबाव बनेगा। सत्र से पहले हुई सर्वदलीय बैठक में तृणमूल कांग्रेस के बागी सांसदों को बुलाने को लेकर विपक्ष का वॉकआउट भी बताता है कि राजनीतिक अविश्वास कितना गहरा हो चुका है। यह अविश्वास तभी कम होगा, जब सरकार सभी दलों के साथ निष्पक्ष और पारदर्शी व्यवहार करेगी तथा विपक्ष भी हर मुद्दे को केवल राजनीतिक संघर्ष का माध्यम बनाने के बजाय जनहित के नजरिए से देखेगा। भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में संसद केवल कानून बनाने का मंच नहीं, बल्कि जनता की आकांक्षाओं का प्रतिनिधि सदन है। यदि संसद संवाद की जगह टकराव का अखाड़ा बन जाएगी, तो लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत ही कमजोर पड़ जाएगी। कुल मिलाकर मानसून सत्र में सरकार को जवाबदेही, पारदर्शिता और संवाद का परिचय देना होगा, जबकि विपक्ष को अपनी भूमिका जिम्मेदार और रचनात्मक तरीके से निभानी होगी। लोकतंत्र में सरकार से जवाब मांगना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन संसद की कार्यवाही बाधित करना समाधान नहीं हो सकता। इसी तरह सरकार की जिम्मेदारी भी विपक्ष के सवालों का पारदर्शी और तथ्यपूर्ण जवाब देना है। ऐसे में यह मानसून सत्र टकराव का नहीं, बल्कि संवाद, जवाबदेही और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का अवसर बनना चाहिए।

शहरी बाढ़ की समस्या से जूझते हमारे शहर

विचार
डॉ. संजय शुक्ला

बीते 17 जुलाई को सोशल मीडिया में छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर में लगातार तेज बारिश की वजह से भारी जलभराव और बाढ़ से संबंधित वीडियो और खबरें खूब वायरल हुई। हालात यह था कि शहर के अनेक हिस्सों में घरों के भीतर घुंटने तक पानी घुस गया वहीं आपदा मोचन बल द्वारा बाढ़ ग्रस्त इलाके के लोगों को मोटरबोट के जरिए सुरक्षित निकालने की तस्वीरें भी सामने आई। शहर के सड़कों और गलियों में पानी का तेज बहाव नजर आया जिससे जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ। भारी बारिश और बाढ़ के कारण सड़क और रेल यातायात भी प्रभावित हुआ। जिला प्रशासन ने जलभराव और दुर्घटना के आशंका के मद्देनजर स्कूलों में छुट्टी का आदेश जारी कर दिया। अलबत्ता यह हालात भारत के सभी महानगरों और शहरों की है जहां के वाशिंदे हर मौसम में किसी न किसी समस्या से जूझते रहते हैं। हाल ही में इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट 'ईआईयू' ने ग्लोबल लिवेबिलिटी इंडेक्स 2026 रिपोर्ट जारी किया है जिसमें भारत का कोई शहर रहने लायक शीर्ष 100 शहरों में शामिल नहीं है। इस रिपोर्ट में दुनिया भर के 173 शहरों को नागरिकों के लिए रहने लायक पांच मानकों बुनियादी ढांचा, पर्यावरण और संस्कृति, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्थिरता के आधार अध्ययन किया गया। रिपोर्ट में नई दिल्ली 120 वें, मुंबई 121 वें, चेन्नई 123 वें तथा बेंगलुरु 127 वें स्थान पर रहा। इस रिपोर्ट पर गौर करें तो देश की शहरी आबादी गर्मियों के दौरान भीषण पेयजल और गर्मी की समस्या से जूझती है। ठंडी के मौसम में वायु प्रदूषण के चलते शहर "गैस चैंबर" बन जाते हैं जहां दिल्ली सहित अनेक शहरों में हेल्थ इमरजेंसी लगानी पड़ती है। बारिश के मौसम में शहर तालाब बन जाते हैं जहां जलभराव के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है।

बहरहाल देश के शहरों में मानसून की मूसलाधार बारिश अनेक शहरों के वाशिंदों के लिए आफत के साथ ही जानलेवा भी साबित हो रहा है। भारी बारिश के दौरान सड़कों पर जलभराव के चलते सीवरेज के मैनहोल में गिरने, मकान या दीवार ढहने, बिजली गिरने ,करेंट फैलने, बाढ़ में बहने और भूस्खलन से हर सैकड़ों लोगों की मौतें हो रही है। हाल ही में तेज बारिश के दौरान देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 55 वर्षीय एक दिहाड़ी मजदूर अफजल की ड्रेनेज सिस्टम के खुले मैनहोल में गिरने से मौत हो गई। इसी शहर में साल 2017 में प्रसिद्ध गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट डॉ. दीपक अमरापुरकर की मौत खुले मैनहोल में गिरने से हुई थी। मुंबई में ही इस साल की बरसात में बीते दिनो तीन मंजिला 'चॉल' ढहने से छह लोगों की मौत हो गई। पुणे में बारिश के कहर ने तीन लोगों की जान ले ली। साल 2024 के तेज बरसात में राजधानी दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर के एक नामचीन कोचिंग सेंटर राउस आईएएस स्टडी सर्कल के बेसमेंट में पानी भरने की वजह से एक छात्र एवं दो छात्राओं सहित तीन युवाओं की मौत हो गई थी। कोलकाता में 2025 में रिकॉर्ड बारिश और बाढ़ से 12 लोगों की मौत हुई थी।

गौरतलब है कि बेतरतीब शहरीकरण के चलते अमूमन हर बारिश में देश के सभी महानगरों और बड़े शहरों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो रहे हैं। लचर ड्रेनेज सिस्टम और अनियोजित विकास के चलते बरसाती पानी घरों में घुस रहे हैं।सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट 'सीएसई' के एक अध्ययन के मुताबिक देश के 66 फीसदी शहरों में खराब शहरी प्लानिंग के कारण बारिश के समय बाढ़ और जलभराव का खतरा रहता है।भारत में शहरीकरण की रफ्तार काफी तेज हुई है लेकिन अनियोजित विकास, बढ़ती जनसंख्या और प्रदूषण के कारण अब हमारे शहर हांफने लगे हैं। गौरतलब है कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने साल 2015 में शहरों की शक्ल सुधारने के लिए 'स्मार्ट सिटी मिशन ' शुरू किया था। योजना का उद्देश्य देश के चुनींदा 100 शहरों में बुनियादी ढांचा, गुणवत्तापूर्ण सफाई व्यवस्था और पेयजल आपूर्ति, प्रदूषण नियंत्रण और नागरिकों को सुरक्षा मुहैया कराना था। विडंबना है कि इक्का-दुक्का शहरों को छोड़ दें तो अधिकांश शहरों में यह योजना प्रशासनिक उदासीनता और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया।

अलबत्ता शहरी बाढ़ से सिर्फ जनजीवन ही अस्त-व्यस्त नहीं हो रहा है बल्कि इसका असर देश के अर्थव्यवस्था के साथ ही जनस्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। शहरों में जलभराव का असर ट्रैफिक, समानों के आपूर्ति, उत्पादन, पर्यटन, बिजली आपूर्ति, कामगारों के कार्यक्षमता, काम के घंटों, अधोसंरचना नुकसान सहित स्वास्थ्य खर्च पर पड़ता है। इसके अलावा तेज बारिश की वजह से सड़क, रेल एवं हवाई यातायात भी बाधित होता है जो अर्थतंत्र को प्रभावित करता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में शहरी बाढ़ की वजह से हर साल औसतन 14,500 करोड़ का आर्थिक नुकसान होता है। इसके अलावा भारी बारिश तथा बेमौसम बरसात के कारण नुकसान का यह आंकड़ा 1 लाख करोड़ को पार कर जाता है। शहरी जलभराव का सीधा संबंध जनस्वास्थ्य से है दूषित पेयजल और खाद्य सामग्रियों की वजह से एक बड़ी आबादी जलजनित रोग पीलिया, आंत्रशोथ, टायफाइड जैसे रोगों के अलावा मच्छर जनित रोग डेंगू व मलेरिया का शिकार होता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक बाढ़ के कारण दुनिया भर में होने वाली मौतों में से 20 फीसदी मौत भारत में होती है।

बहरहाल बरसात में शहरों की बदहाली के लिए सीधे तौर पर शहरों का अनियोजित विकास, हरित क्षेत्र का घटना, खराब ड्रेनेज सिस्टम, अंधाधुंध कांक्रीटीकरण, जल निकासी के प्राकृतिक रास्ते पर अतिक्रमण, तालाबों का खत्म होना और कचरा और प्लास्टिक, थर्मोकोल का नालियों में प्रवाह जैसे कारण मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं। बेशक इन खामियों के लिए सीधे तौर पर शहरी प्रशासन और आम नागरिक ही जवाबदेह हैं।देश के अधिकांश शहरों के सिवरेज सिस्टम या तो बहुत पुराने हो चुके हैं अथवा इसमें तकनीकी गड़बड़ियां हैं जिसके चलते बारिश के दौरान नाले एवं नालियां जाम हो जाती है। हालांकि इसके लिए आम नागरिक भी जिम्मेदार हैं जो घरेलू या व्यवसायिक कचरों और प्लास्टिक तथा थर्मोकोल के डिस्पोजेबल सामग्रियों को नालियों में डालते हैं।सड़कों और नालों के निर्माण में तकनीकी खामियां हैं फलस्वरूप बरसाती पानी घरों या व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में घुस जाते हैं। अधिकांश शहरों में कांक्रीट के जंगल खड़े हो चुके हैं जिसके चलते भूमिगत जल रिचार्ज की क्षमता घट रही है।

शहरों में तालाब और नदियां बरसाती पानी के संग्रहण का सबसे बड़े स्त्रोत थे लेकिन पानी के प्राकृतिक बहाव के रास्तों पर निर्माण एवं तालाबों पर अतिक्रमण के चलते बरसाती पानी इन स्त्रोतों में पहुंच ही नहीं पाता फलस्वरूप जलभराव की स्थितियां निर्मित होती है। शहरों में गार्डन और खेलकूद के मैदान बारिश के पानी को सोंखने की क्षमता रखते थे लेकिन आज अधिकांश मैदानों और खुली जगहों पर कमर्शियल कॉम्पलेक्स तन चुके हैं। शहरों में हरित क्षेत्र और तालाबों के खत्म होने का नतीजा यह हो रहा है कि भूमिगत जल रिचार्ज की क्षमता खत्म हो रही है जिसका नतीजा शहरों में गर्मी के दौरान भीषण पेयजल संकट है।

गौरतलब है कि किसी भी देश के मजबूत अर्थव्यवस्था का प्रतिबिंब उसका चमचमाता शहर ही होता है।शहर जहां तरक्की, रचनात्मकता और नवीनता का केंद्र होता है वहीं यह अर्थव्यवस्था में प्रगति और रोजगार का जनक भी होता है।शहर ही विकास के इंजन हैं तथा भारत के कुल जीडीपी में शहरों का योगदान 63 फीसदी है जिसके वर्ष 2050 तक 75 फीसदी पहुंचने की उम्मीद है। बिलाशक "विकसित भारत - 2047" लक्ष्य तभी हासिल हो सकता है जब हमारे शहरों का बुनियादी ढांचा विकसित होगा।

लिहाजा इस दिशा में सरकार, शहरी प्रशासन और आम नागरिक सभी को अपने हिस्से की जवाबदेही निभानी होगी। सरकारों को शहरी ढांचा सुधारने के लिए 'स्पंज सिटी ' जैसे मॉडल अपनाने की जरूरत है इसके अलावा वर्षा जल संचयन के लिए तालाबों और नदियों का संरक्षण, हरित क्षेत्र का विकास एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पर कड़ाई से रोक जैसे फैसलों से ही भारतीय शहरों की सूरत सुधरेगी और रहने लायक बनेंगे।

नवाचार
ऋतुपर्ण दवे

एग्रो-होम्योपैथी कृषि क्षेत्र की नई क्रान्ति

होम्योपैथी एक वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति जरूर है, लेकिन बहुत ही तेजी से लोकप्रिय भी हो रही है। यह रोगी के समग्र स्वास्थ्य जिसमें मानसिक और शारीरिक स्थिति पर ध्यान केंद्रित करके प्राकृतिक रूप से शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने की ताकत होती है। होम्योपैथी को एक सुरक्षित चिकित्सा पद्धति माना जाता है, क्योंकि इससे कोई भी साइड इफेक्ट नहीं होते हैं। यही होम्योपैथी यदि कृषि के क्षेत्र में भी उपयोगी साबित हो तो इसे किसी चमत्कार से कम नहीं कहा जा सकता। इन दिनों दुनिया भर में एग्रो-होम्योपैथी को लेकर न केवल बड़े-बड़े शोध चल रहे हैं बल्कि तेजी से उपयोग भी बढ़ रहा है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। कृषि क्षेत्र में इसका सफल प्रयोग कई दशकों से हो रहा है। इसकी शुरुआत हालांकि शौकिया तौर पर हुई, लेकिन जब इसके फायदे नजर आने लगे तो तेजी से शोध और परीक्षण भी होने लगे और लोगों की इसको लेकर उत्सुकता भी बढ़ी। अब नतीजे भी दिखने लगे हैं। होम्योपैथी दवाओं के टिंचर की कुछ बूंदें थोड़े से पानी में मनुष्यों को देकर यह विश्वास उत्पन्न किया जाता है कि यह बीमारी की जड़ तक पहुंचकर उसका समाधान करता है। बस यही फॉर्मूला कृषि क्षेत्र में भी अपनाया जा रहा है। वास्तव में होम्योपैथिक दवाएं बैक्टीरिया या कीटों को सीधे नहीं मारकर,पौधों की अपनी जैविक प्रणालियों को प्रभावित करती है जिससे वो अपना प्राकृतिक रक्षा तंत्र,जरूरत के हिसाब से विकसित और सक्रिय कर पाते हैं। एग्रीकल्चर सेक्टर में होम्योपैथी का उपयोग उसी सिद्धांत पर आधारित है, जिसमें किसी बीमारी को जड़ से समाप्त करने के लिए धीरे-धीरे डायल्यूट दवाओं से किसी बीमारी को काबू किया जाता है, जिससे वह जड़ से ही समाप्त हो जाती है। यह पौधों की आनुवंशिक गतिविधियों और चयापचय यानी मेटाबॉलिज्म में परिवर्तन की प्रक्रिया को प्रेरित कर सकता है। इससे रक्षा प्रणालियां सक्रिय होती हैं। देश में एग्रो-होम्योपैथी को लेकर पुडुचेरी प्रयोग खासा सफल और चर्चाओं में है। श्री अरबिंदो सोसाइटी (एसएएस) की अगुवाई में एक नई पहचान बन रही है। एग्रो-होम्योपैथी से दोहरा लाभ भी सामने आया। जहां पानी की खपत घटी और इस कारण भूजल स्तर भी बढ़ा। 2018 में शुरू हुई आहार परियोजना में कृषि क्षेत्र में होम्योपैथी के उपयोग की संभावनाओं का पता लगाने के लिए शुरू हुए इस प्रोजेक्ट की सफलता का अंदाजा इसी से लगता है कि कुछ ही समय में इसे नाबार्ड और उसके बाद टाटा ट्रस्ट का समर्थन मिला। वैज्ञानिक प्रयोगों के बाद जब यह फॉर्मूला खेतों में पहुंचा तो वहां भी बेहद असरकारक रहा। पहले भिंडी उसके बाद धान की उपज में काफी सकारात्मक परिणाम आए। इससे मिट्टी की उर्वरता भी बढ़ी जिससे रसायनों पर निर्भरता घटी। सर्वविदित है कि खेतों में उर्वरकों का छिड़काव करने से मिट्टी के सूक्ष्म जीवों को नुकसान होता है, लेकिन कृषि-होम्योपैथी के मिश्रण ने पत्तियों को नई जान तो दी, साथ ही पौधों की प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाई। शोधकर्ताओं ने कृषि-होम्योपैथी की लागत को बेहद सस्ती पाया। पहले जहां कृषक 20 से 30 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर रसायनों पर व्यय करता था, वहीं होम्योपैथिक दवाओं पर केवल 700 रुपये प्रति हेक्टेयर ही खर्च कर और भी बेहतर परिणाम हासिल करने लगा। यह कमाल ही था जो होम्योपैथिक दवाओं की चंद मिलीमीटर दवाओं ने सैकड़ों लीटर पानी में घुले रसायनों पर भारी पड़ कर असर दिखाया। इससे खेती में हानिकारक रसायनों का इस्तेमाल रुकने से फसल की चमक और पुष्टता भी बेहतर हुई, जिससे किसानों को उपज की अच्छी कीमत मिलने लगी। होम्योपैथी दवाएं वनस्पतियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी को जबरदस्त बढ़ाती हैं। इससे वनस्पतियां, फसल होने वाली बीमारी को अपने आप ठीक कर लेते हैं। एग्रो-होम्योपैथी में अलग-अलग और बेहद सस्ती चंद मिलीमीटर दवाएं बीजों के अंकुरण से लेकर रोगों से बचाव और फूलने-फलने को बेहतर बनाने में कारगर सिद्ध हो रही है। ये दवाएं कीट प्रबंधन की दिशा में भी काफी सफल हैं। यहां तक कि फसल में वायरस या बैक्टीरिया के दुष्प्रभावों पर भी असरकारक हैं। वह दिन दूर नहीं, जब निरंतर शोध और प्रयोगों के बाद एग्रो-होम्योपैथी की भी ढेरों और अलग-अलग शाखाएं बनना तय है। यह भविष्य का वृहद कृषि पारिस्थितिकी तंत्र होगा। इसमें भी उपचारों की अलग-अलग विधियां होंगी। इतना तो तय है कि रसायनों और उर्वरकों के बोझ से आहत मिट्टी को यदि कोई नया जीवन और जहरीले तत्वों से मुक्ति दिलाएगा तो वह भविष्य का एग्रो-होम्योपैथी सेक्टर होगा। वैश्विक स्तर पर होम्योपैथी की नई शाखा यानी एग्रो-होम्योपैथी जल्द ही अपनी शानदार धमक दिखाने को तैयार है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

दृष्टिकोण को बनाएं व्यापक

संकलित
दर्शन

हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे सब कुछ अच्छा करें। परीक्षाओं और प्रतियोगिताओं में लगातार जीतने की इच्छा उनके लिए जीवन से भी बड़ी हो जाती है। वे विश्वास करने लगते हैं कि हर कीमत पर जीतना सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जब उन्हें अस्वीकृति मिलती है, तब वे नहीं समझ पाते कि उन्हें क्या करना चाहिए। दरअसल, हम उन्हें विशाल दृष्टिकोण नहीं देते, तब जीवन में क्या सबसे महत्वपूर्ण है, इसके विषय में उनकी समझ असंतुलित हो जाती है। विशाल दृष्टिकोण यह है कि जीवन स्वयं में एक बहुत बड़ी परीक्षा है, जिससे होकर आप गुजर रहे हैं। ऐसा मत सोचिए कि परीक्षा में सफल या असफल हो जाने से पूरे जीवन की दिशा निर्धारित हो जाएगी। जो मूल्य एक दूसरे के विपरीत प्रतीत होते हैं, जैसे जीत या हार, सफलता या असफलता, ऊंचा या नीचा, वे वास्तव में एक दूसरे के पूरक हैं। एक मूल्य दूसरे मूल्य के महत्व को बढ़ाता है। एक विशाल आध्यात्मिक दृष्टिकोण के साथ ही युवा बिना अपनी मुस्कान और उत्साह को खोए हुए, जीवन के इन विपरीत मूल्यों की प्रशंसा करना सीख सकते हैं। ऐसी शक्ति, ऐसी मुस्कान, जिसे कोई छीन न सके और ऐसा साहस, जो विपरीत परिस्थितियों का सामना करने में भी समाप्त ना हो, वह सफलता है। युवाओं को स्वयं और समाज के लिए बड़े लक्ष्य और विशाल दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए और सेवा को जीवन का एक हिस्सा बनाना चाहिए। ऐसी प्रतिबद्धता आपको बाधाओं के पार ले जा सकती है।

गुरु की सीख से बड़ी से बड़ी मुश्किलें होती है दूर

संकलित
प्रेरणा

बृहस्पति देवताओं के गुरु हैं। महाभारत के आदि पर्व के मुताबिक, बृहस्पति महर्षि अंगिरा के पुत्र हैं और अपने ज्ञान से देवताओं का मार्गदर्शन करते हैं। एक कथा है कि एक बार देवराज इंद्र की जगह राजा नहुष को स्वर्ग का राजा बनाया गया था। स्वर्ग का राजा बनते ही राजा नहुष अहंकारी हो गया। वह देवताओं को तरह-तरह से परेशान करता रहता था। सभी देवगण राजा नहुष से त्रस्त हो गए थे। इसी बीच बलशाही होने के कारण राजा नहुष के मन में इंद्र की पत्नी शची के लिए पाप आ गया। वह उसे अपनी पत्नी बनाना चाहता था। इससे डरकर शची देवगुरु बृहस्पति के पास पहुंचीं। बृहस्पति ने शची को एक योजना बताई। बृहस्पति ने शची से कहा कि आप नहुष से कहना कि जब वह सप्त ऋषियों द्वारा उठाई गई पालकी में बैठकर आएगा, तब ही वह उसे अपना स्वामी मानेगी। शची ने यही किया। बृहस्पति की योजना के अनुसार शची ने ये बात नहुष से कह दी। नहुष ने ऐसा ही किया। सप्तऋषि जब पालकी उठाकर चल रहे थे, तभी अहंकारी राजा नहुष ने एक ऋषि को लात मार दी। क्रोधित होकर ऋषि ने उसे उसी समय स्वर्ग से गिरने का शाप दे दिया। शाप के बाद राजा नहुष ने स्वर्ग का राजपाठ खो दिया। इस प्रकार देवगुरु बृहस्पति की सलाह से शची की रक्षा हो गई। गुरु की सीख से बड़ी-बड़ी मुश्किलें दूर हो सकती हैं।

अंतर्मन



आज की पाती

रेलवे के विकास को रफ्तार

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के कुछ रेल्वे स्टेशन के आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण रेलवे स्टेशन को आमजन को समर्पित किया। यह रेलवे स्टेशन आधुनिक जैसी सुविधाओं वाला हो गया। इससे छत्तीसगढ़ के लोगों को बहुत ज्यादा फायदा होगा। केंद्र सरकार रेलवे को विकास की पटरी पर दौड़ाने के लिए निरंतर काम कर रही है और उम्मीद है कि सरकार देश के सभी रेलवे स्टेशनों की काया पलट देगी। हर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को हर सुविधा मिलेगी। केंद्र सरकार ने रेलवे का विस्तार शुरू किया है। अब तो यहां के लोगों को भी आधुनिक और नई तकनीक की ट्रेन वंदे भारत की सौगात मिली है। इसके साथ ही हाइड्रोजन ट्रेन भी विकास को दर्शाती है।

- संकेत चौहान, जगदलपुर

ट्रेंड

युवा अचीवर्स को बधाई

ताशकंद, उज़्बेकिस्तान में आयोजित इंटर नेशनल केमिस्ट्री ओलंपियाड और विलनियस, लिथुआनिया में आयोजित इंटरनेशनल बायोलॉजी ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन करने वाले हमारे होनहार युवा अचीवर्स को हार्दिक बधाई।

- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

वांगचुक को उठाना गलत

मोदी सरकार के मुख्य सिद्धांत असत्य और हिंसा हैं। सोनम वांगचुक को जंतर-मंतर से हटाना, जबकि वे अहिंसक भूख हड़ताल पर थे, गलत है। पेपर लीक, शिक्षा की बढ़ती लागत और छात्रों की आत्महत्या भारत के भविष्य के लिए गंभीर मुद्दे हैं।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

सरप्लस राज्य

हम बिजली के मामले में सरप्लस (अतिरिक्त उत्पादन करने वाले) राज्य हैं। कुछ दिन पहले पंजाब के साथ समझौता हुआ है। हम तीन साल तक पंजाब को बिजली की सप्लाई करेंगे। चंडीगढ़ में हमारी 7.19% हिस्सेदारी है। हम अपने अधिकार हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं।

-सुखविंदर सिंह सुखु, सीएम, हिमाचल प्रदेश

बौद्धिक क्षमता का परचम

देबदत्त प्रियदर्शी, हर्षित सिंघल, कबीर चिल्लर और संदीप कुची ने 58वें इंटरनेशनल केमिस्ट्री ओलंपियाड में गोल्ड मेडल जीतकर ग्लोबल मंच पर भारत की बौद्धिक क्षमता का परचम लहराया है। चारों गोल्ड मेडल विजेताओं को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

करंट अफेयर

अमेरिका में मराठी कला मंडल की 51वीं वर्षगांठ मनाई गई

अमेरिका में आयोजित मराठी कला मंडल की 51वीं वर्षगांठ के समारोह में अमेरिकी सांसद सुहास सुब्रमण्यम हाथ में केसरिया ध्वज लेकर पारंपरिक नृत्य करते नजर आए और उन्होंने भारतीय समुदाय से अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस समारोह में प्रवासी भारतीय समुदाय के सैकड़ों लोग शामिल हुए। वर्जीनिया के 10वें डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले सुब्रमण्यम ने छत्रपति शिवाजी महाराज की पारंपरिक शोभायात्रा में भी हिस्सा लिया। शनिवार को समारोह की शुरुआत पारंपरिक ढोल-ताशे की गूंज के बीच निकली इस शोभायात्रा से हुई। वर्जीनिया से अमेरिकी सीनेटर मार्क वॉर्नर और मिशिगन से कांग्रेस सदस्य श्री थानेदार ने समारोह के लिए अपने बधाई संदेश भेजे, जिन्हें वर्जीनिया के लीसबर्ग में आयोजित कार्यक्रम में पढ़कर सुनाया गया। सुब्रमण्यम ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा, 'जब आप अपने देश से दूर किसी दूसरे देश में रहते हैं, तब अपनी परंपराओं को जीवित रखना आसान नहीं होता। लेकिन हमारी परंपराएं बेहद महत्वपूर्ण हैं और अगली पीढ़ी ही इन्हें आगे बढ़ाएगी।' उन्होंने कहा, मैं आप सभी का आभारी हूं कि आप हमारे समुदाय को अपनी समृद्ध परंपराओं और अपने उत्कृष्ट कार्यों से परिचित करा रहे हैं।

ऑफ बीट

आज सबसे बड़ी चुनौती बन रहे 'सूक्ष्म प्लास्टिक कण'

सूक्ष्म प्लास्टिक कण (माइक्रोप्लास्टिक) आज दुनिया के सामने सबसे बड़ी पर्यावरणीय चुनौतियों में से एक है। ये समुद्रों, पीने के पानी, समुद्री भोजन और हमारी सांसों की हवा में तो पहले ही मिल चुके हैं। अब ये मानव शरीर के लगभग हर हिस्से- प्लेसेंटा (गर्भनाल) से लेकर मस्तिष्क तक में भी पाए जा रहे हैं। एक नए अध्ययन ने इस सूची में एक और अंग जोड़ दिया है- हृदय को रक्त पहुंचाने वाली कोरोनरी धमनियां। हालांकि कोरोनरी रक्त में सूक्ष्म प्लास्टिक कण का मिलना चिंता का विषय है, लेकिन अध्ययन का सबसे दिलचस्प निष्कर्ष प्लास्टिक नहीं, बल्कि यह है कि ये वहां तक पहुंच कैसे रहे हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि धूम्रपान करने वाले लोगों में, धूम्रपान न करने वालों की तुलना में हृदय को रक्त पहुंचाने वाली धमनियों में सूक्ष्म प्लास्टिक और अति सूक्ष्म प्लास्टिक कण पाए जाने की आशंका छह गुना अधिक थी। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण बात यह रही कि जो लोग धूम्रपान करते थे और साथ ही अत्याधिक प्रदूषित माहौल में रहे, उनमें से हर व्यक्ति के रक्त में प्लास्टिक के कण पाए गए। इसके विपरीत, जो लोग न तो धूम्रपान करते थे और न ही अधिक प्रदूषित माहौल में रहते थे, उनमें केवल 12.5 प्रतिशत लोगों के रक्त में ऐसे कण मिले।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

जैकेट के शेष

राजनांदगांव में मेरा ....

विधायक भोलाराम साहू, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, महापौर मधुसूदन यादव, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव सहित अन्य शामिल हुए।

पेज एक के शेष

जिंदा थे तो ....

अब एक आम बात हो चली है, लेकिन जब मौत के बाद भी एक इंसान को गरिमापूर्ण अंतिम संस्कार नसीब न हो, तो यह पूरे समाज और शासन-प्रशासन के मुंह पर एक करारा तमाचा है। आज भिलाई के जुनवानी-खम्हरिया मुक्तिधाम से एक ऐसी ही रूह कंपा देने वाली और सिस्टम को शर्मसार करने वाली तस्वीर सामने आई है, जिसने मानवीय संवेदनाओं को झकझोर कर रख दिया है। भिलाई नगर निगम के जुनवानी (वार्ड क्रमांक 01) निवासी चरण सिंह यादव का 19 जुलाई को आकस्मिक निधन हो गया। शोकाकुल परिजन और मोहल्ले के लोग जब अत्यंत गमगीन माहौल में उनके शव को अंतिम संस्कार के लिए स्थानीय मुक्तिधाम लेकर पहुंचे, तो वहां का मंजर देखकर उनकी बेबसी का ठिकाना नहीं रहा। अंतिम संस्कार की प्रक्रिया शुरू ही हुई थी कि अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। मुक्तिधाम में शेड न होने के कारण सूखी लकड़ियां और चिता पूरी तरह भीग गईं। इस सबके बीच अंतिम संस्कार करना भी जरूरी था। इसके बाद वहां के लोगों ने निर्णय लिया कि शेड नहीं है तो क्या हुआ वह खुद उसे चिता को छाया देकर अंतिम संस्कार करेंगे। लोगों ने तुरंत बाजार से एक तिरपाल मंगाई और अंतिम संस्कार में शामिल सभी लोगों ने एक-एक छोर पकड़कर तिरपाल से चिता के ऊपर छाया बनाई और चिता को मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार की प्रक्रिया को पूरा किया गया।

उत्तर और पूर्वी भारत ....

से अभियान चला रहे हैं। राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग को लेकर प्रस्तावित प्रदर्शन में शामिल होने के लिए दिल्ली आए जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने राष्ट्रीय राजधानी का अपना दौरान बीच में ही समाप्त कर दोपहर में जम्मू लौटने का फैसला किया। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बारिश और बाढ़ से प्रभावित जिलों की स्थिति की समीक्षा की तथा अधिकारियों को प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत और सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा, मौसम विभाग द्वारा अगले कुछ दिनों में जम्मू-कश्मीर के अधिकतर हिस्सों में बारिश का अनुमान जताए जाने के बाद प्राधिकारियों ने पहलगाम और बालटाल मार्गों से अमरनाथ यात्रा अस्थायी रूप से स्थगित कर दी। अधिकारियों ने कश्मीर क्षेत्र में बालटाल और नुनवान/चंदनवाड़ी आधार शिविरों तथा जम्मू स्थित भगवती नगर यात्री निवास से श्रद्धालुओं की आगे की यात्रा पर रोक लगा दी। बारिश रविवार तड़के शुरू हुई और कश्मीर के जंगलों में बादल फटने की घटनाएं हुईं। मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर में 19 से 23 जुलाई तक मध्यम से व्यापक पैमाने पर बारिश का अनुमान जताया है।

उत्तराखंड के अधिकतर हिस्से लगातार बारिश से प्रभावित हुए। हरिद्वार जिले में बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। प्रशासन ने 10 जिलों के लिए 'रेड' और 'ओरेंज' अलर्ट जारी किए हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) के अनुसार, लगातार बारिश के कारण हुए भूस्खलन से राज्य में विभिन्न स्थानों पर दो राष्ट्रीय राजमार्गों समेत 84 सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं। मौसम विभाग ने रविवार से अगले कुछ दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में भारी से अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। देहरादून, टिहरी, पौड़ी, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, हरिद्वार और बागेश्वर जिलों के लिए 'आरेंज अलर्ट' जारी किया गया है, जबकि चमोली, अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ जिलों में 'येलो अलर्ट' लागू है।

अमरनाथ और वैष्णोदेवी यात्रा पर रोक : अधिकारियों ने पहलगाम और बालटाल मार्गों पर अमरनाथ यात्रा को अस्थायी रूप से रोक दिया। कश्मीर क्षेत्र में बालटाल और नुनवान/चंदनवाड़ी बेस कैंप और जम्मू में भगवती नगर यात्री निवास से आगे बढ़ने पर रोक लगा दी। इधर, भारी बारिश और खराब मौसम के चलते श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने रविवार को यात्रा पर रोक लगा दी। प्रशासन का कहना है कि मौसम विभाग की चेतावनी और लगातार हो रही बारिश को देखते हुए एहतियातन यह कदम उठाया गया है। मौसम खुलते ही यात्रा की अनुमति होगी।

यहां भारी बारिश का अनुमान : भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अगले दो दिन तक पश्चिम बंगाल के उत्तरी जिलों में भारी बारिश का अनुमान जताया है। विभाग ने पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन और क्षेत्र के निचले हिस्सों में बाढ़ आने की आशंका को लेकर चेतावनी भी जारी की है। आईएमडी ने कहा कि शनिवार से दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार और कूचबिहार समेत उत्तर बंगाल के जिलों में लगातार बारिश हो रही है जिससे तीस्ता, तोर्सा, जलढाका और रायडक समेत क्षेत्र की कुछ नदियों का जलस्तर बढ़ सकता है।

1000 करोड़ के ....

महेंद्र गोयनका पर आरोप है कि उन्होंने फर्जी हस्ताक्षरों, कूटरचित दस्तावेजों और कथित जालसाजी के माध्यम से पाठक परिवार की कई कंपनियों पर अवैध नियंत्रण स्थापित करने का प्रयास किया। मामले में कोलकाता में भारतीय न्याय संहिता एवं संबंधित प्रावधानों के तहत धोखाधड़ी, आपराधिक षड्यंत्र, जालसाजी और फर्जी दस्तावेजों के उपयोग से जुड़ी गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया था। सूत्रों के मुताबिक, गोयनका पूर्व में पाठक परिवार से जुड़ी कंपनी यूरो प्रतीक इस्पात इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में वरिष्ठ प्रबंधकीय पद पर कार्यरत रहे हैं। उन पर कंपनी के वित्तीय लेनदेन में कथित अनियमितताओं, संपत्तियों के दुरुपयोग तथा दस्तावेजों में हेराफेरी के आरोप लगाए गए हैं। जांच एजेंसियां अब कंपनी से जुड़े वित्तीय रिकॉर्ड और अन्य संबंधित दस्तावेजों की भी जांच कर रही हैं।

सरकारी धन की ....

कर्मचारी शासन को उसके द्वारा धोखाधड़ी या लापरवाही के कारण हुई किसी भी हानि या किसी अन्य शासकीय कर्मचारी द्वारा धोखाधड़ी या लापरवाही के कारण हुई किसी भी हानि के लिए व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होगा। उस सीमा तक, जिस सीमा तक उसने स्वयं के कार्यों या लापरवाही में योगदान दिया हो। साथ ही गबन या नुकसान के मामलों की रिपोर्ट महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) को दी जानी आवश्यक है।

ये है नुकसान और धन गायब होने की कहानी : रिपोर्ट के मुताबिक 31 मार्च 2025 तक फिजूलखर्ची, हानि, चोरी से संबंधित 2 हजार 181 प्रकरण लंबित थे, जिनमें 124.72 करोड़ की राशि शामिल थी। कुल 2 हजार 181 मामलों में से, 88.06 करोड़ से संबंधित 735 मामलों में विभागों विभागीय और आपराधिक जांच शुरू नहीं है। जबकि 36 करोड़ 60 लाख से संबंधित 1 हजार 433 मामलों मे विभागीय जांच शुरू की गई, लेकिन उसे अंतिम रूप नहीं दिया गया। केवल 0 दशमलव 6 करोड़ से संबंधित 13 मामलों में विभागीय और आपराधिक कार्रवाई को अंतिम रूप दिया गया, लेकिन उनसे भी राशि वसूल नहीं की जा सकी।

दिल्ली में आयोजित हुआ भारत निर्वाचन आयोग का अखिल भारतीय मीडिया सम्मेलन

मतदाता सूची भारतीयों का जीवंत दस्तावेज समय के साथ हो रहा है विकसित : ज्ञानेश

छत्तीसगढ़ समेत विभिन्न राज्यों के मीडिया प्रतिनिधि सम्मेलन में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि लगभग 95 करोड़ भारतीयों का मतदाता सूची एक जीवंत दस्तावेज है, जो समय के साथ गतिशील रूप से विकसित हो रहा है। मतदाता सूची को तैयार और अपडेट करने की प्रक्रिया में 12 लाख से अधिक बूथ लेवल और 15 लाख से ज्यादा बूथ लेवल एजेंट समवर्ती लेखा परीक्षकों (ऑडिटर्स) के रूप में सक्रिय रूप से शामिल हैं।

दिल्ली में भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के पहले अखिल भारतीय मीडिया सम्मेलन को संबोधित करते हुए चुनाव आयुक्त ने कहा कि भारत में चुनाव भारत के संविधान, चुनावी कानूनों और समय-समय पर जारी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार होते हैं। हाल के विधानसभा चुनावों में अबतक की सबसे अधिक मतदान भागीदारी, देश की चुनावी प्रणाली में भारतीय मतदाताओं के विश्वास और भारतीय लोकतंत्र की जीवंतता का प्रमाण है। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में भागीदारी के लिए भारत के सभी मतदाताओं का आभार भी व्यक्त किया। सम्मेलन की शुरुआत संविधान, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951 में प्रदान किए गए पारदर्शिता उपायों और समय-समय पर ईसीआई द्वारा जारी निर्देशों, ईसीआईनेट प्लेटफॉर्म और चुनावों में प्रौद्योगिकी की भूमिका, तथा चुनावों के दौरान मीडिया मामलों से संबंधित महत्वपूर्ण संवैधानिक प्रावधानों और कानूनों के व्यापक अवलोकन के साथ हुई। इस दौरान प्रतिभागियों को बूथ लेवल एजेंटों, मतदान एजेंटों और मतगणना एजेंटों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी गई। जिसमें भारत में चुनावों के समवर्ती लेखा परीक्षकों के रूप में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, राजनीतिक दल की भागीदारी को सुविधाजनक बनाने और चुनावों के विभिन्न चरणों में चुनावी प्रक्रिया को मजबूत करने में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, समूहों में प्रतिभागियों को मतदाता सूची तैयार करने, मतदान प्रक्रिया और मतगणना प्रक्रिया का प्रदर्शन भी दिखाया गया। इन प्रदर्शनों ने मीडिया प्रोफेशनल को विभिन्न वैधानिक प्रपत्रों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया, जिन्होंने विभिन्न हितधारकों द्वारा समवर्ती ऑडिट के लिए आधार प्रदान किया।

चुनावी प्रक्रियाओं की समझ को बढ़ावा देना

'हितधारकों को जोड़ना, लोकतंत्र को मजबूत करना: चुनावों में मीडिया की भूमिका' विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में देश भर के राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 380 से अधिक मीडिया प्रोफेशनल को एक साथ लाया गया। इसका उद्देश्य चुनावी प्रक्रियाओं के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत समझ को बढ़ावा देना और यह बताना थ कि भारत में राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के प्रमुख हितधारकों को शामिल करते हुए अत्यधिक पारदर्शिता के साथ चुनाव कैसे आयोजित किए जाते हैं।

सवालों का दिया बेबाकी से जवाब

सम्मेलन के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन भी किया गया। इस दौरान विभिन्न राज्यों से आए मीडिया प्रतिनिधियों से सवालों का मुख्य चुनाव आयुक्त ने बेबाकी से जवाब दिया। इस दौरान सामने आए मीडिया प्रतिनिधियों के जिज्ञासाओं का भी उन्होंने उत्तरों के माध्यम से समाधान किया। इस प्रश्नोत्तरी में छत्तीसगढ़ के मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों की सहभागिता रही।

ईरानी हमले में 2 अमेरिकी सैनिकों की मौत, यूएस ने किया ताबड़तोड़ हमला



एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिका ने आज रात फिर ईरान पर हमले किए हैं। ये लगातार 8वां दिन है, जब अमेरिका ने ईरान को निशाना बनाया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि यह कार्रवाई जॉर्डन में ईरानी हमले में मारे गए 2 अमेरिकी सैनिकों की मौत के जवाब में की गई है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने दावा किया कि हमलों का मुख्य निशाना ईरान के सैन्य ठिकाने, हथियारों के भंडार और लॉजिस्टिक्स सेंटर रहे।

ट्रंप बोले- मैंने खुद दिया हमलों का आदेश

ट्रंप ने कहा कि उन्होंने खुद इन हमलों को मंजूरी दी थी। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा, 'आज कमांडर-इन-चीफ के आदेश पर अमेरिकी सेना ने ईरान के खिलाफ नए हवाई हमले शुरू किए। इन हमलों का मकसद होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों के लिए खतरा पैदा करने की ईरान की क्षमता को और कम करना है, और साथ ही उन इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स बलों को तुरंत सजा देना है, जिन्होंने कल रात जॉर्डन में अमेरिकी सैनिकों पर हमले किए थे।' ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य पर स्थित सिरिक के पास एक इलाके को निशाना बनाया गया। इसी प्रांत में हाजीआबाद के पास एक स्थान को भी निशाना बनाया गया और बंदर अब्बास में धमाके हुए। रिपोर्ट के अनुसार, जलडमरूमध्य के अंदर केशम द्वीप के पास के एक क्षेत्र को भी निशाना बनाया गया।

मोजतबा बोले- याद रखने वाला सबक सिखाएंगे

ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने कहा कि उनके देश पर जारी हमलों ने एक बार फिर सभी को अमेरिकी राष्ट्रपति के हस्ताक्षर की निरर्थकता का प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, अब जबकि अमेरिकी दुश्मन संघर्ष को और बढ़ाने की कोशिश कर रहा है, जिससे उसे और भी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी और और भी अधिक अपमान सहना पड़ेगा। उसे यह पता होना चाहिए कि ईरान के महान राष्ट्र और प्रतिरोध मोर्चे के पास उसके लिए अविस्मरणीय सबक हैं।

राम मंदिर ट्रस्ट को लेकर निर्मोही अखाड़े ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की याचिका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट को लेकर निर्मोही अखाड़े ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। श्री पंच रामानंदी निर्मोही अखाड़े ने सुप्रीम कोर्ट में आवेदन दाखिल कर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पुनर्गठन की मांग की है। अखाड़े का कहना है कि मौजूदा ट्रस्ट एक निजी ट्रस्ट की तरह काम कर रहा है, जो 2019 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले की भावना के अनुरूप नहीं है।

वित्तीय अनियमितताओं का दिया हवाला

अखाड़े की ओर से यह याचिका सरपंच, महंत एवं सर्वाकार महंत राजा रामचंद्राचार्य अतीत गुरु रघुनाथ दास के माध्यम से दाखिल की गई है। आवेदन में हाल में सामने आई चढ़ावे की चोरी और वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ी शिकायतों का भी जिक्र किया गया है। यह मामला अब सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के लिए लंबित है।

निर्मोही अखाड़े की प्रमुख मांगें

निर्मोही अखाड़े ने मांग की है कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को पब्लिक ट्रस्ट के रूप में पुनर्गठित किया जाए और इसमें स्वतंत्र निगरानी व्यवस्था बनाई जाए। अखाड़े ने केंद्र सरकार से ट्रस्ट डीड में संशोधन कर बोर्ड में रामानंदी बैरागी संप्रदाय के सदस्यों को शामिल करने की मांग की है। राम मंदिर में पूजा, भोग, सेवा और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों में निर्मोही अखाड़े की पारंपरिक भूमिका को बहाल किया जाए।

स्वतंत्र समिति और मूल प्रतिमाओं की बहाली की मांग

निर्मोही अखाड़े ने 2019 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के क्रियान्वयन की जांच के लिए एक स्वतंत्र समिति गठित करने की मांग की है। साथ ही 5 जनवरी 1950 और फरवरी में कुर्क की गईं मूल रामलला विराजमान प्रतिमाओं को दोबारा स्थापित करने की मांग भी की गई है।

अभिषेक के ऑफिस पर बुलडोजर एक्शन, हाईकोर्ट ने लगाई रोक

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस के सांसद और ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी को रविवार को कोकलकत्ता हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने दक्षिण 24 परगना जिले में डायमंड हार्बर संसदीय क्षेत्र वाली पार्टी ऑफिस को ध्वस्तीकरण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दिया है। रविवार को विशेष सुनवाई के दौरान जस्टिस राजा बसु चौधरी ने बंगाल सरकार को अभिषेक बनर्जी के आमतला स्थित ऑफिस से संबंधित सभी दस्तावेज को कोर्ट में पेश करने का निर्देश भी दिया है। प्रशासन द्वारा कार्रवाई किए गए भवन को लीप्स एंड बाउंड्स कंपनी के स्वामित्व वाला बताया जा रहा है। एक अन्य मामले में ईडी ने दावा किया है कि अभिषेक बनर्जी इस कंपनी के सीईओ हैं। जिला प्रशासन ने एक दिन पहले ही इस भवन पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की थी। प्रशासन की यह कार्रवाई बिना स्वीकृत नक्शे के भवन बनाने और निर्माण में नियमों का उल्लंघन के आरोप में की गई थी। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सरकार को डायमंड हार्बर रोड स्थित इस भवन पर जुलाई माह के अंत तक यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। कोर्ट ने आदेश दिया कि तब तक इस भवन में किसी भी प्रकार का तोड़फोड़ न किया जाए।

शादी के लिए दबाव बना रही प्रेमिका की जहरीला इंजेक्शन देकर हत्या

मेरठ। उत्तर प्रदेश के मेरठ में एक चौंकाने वाला सामने आया है। यहां एक युवक ने अपनी ही प्रेमिका की जहरीला इंजेक्शन देकर हत्या कर दी। घटना को आत्महत्या बताने के लिए युवक ने प्रेमिका की जेब में सुसाइड नोट और सल्फास की गोलियां भी रख दीं। खुलासा होने के बाद पुलिस ने आरोपी प्रेमी और उसके एक दोस्त को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक और उसकी प्रेमिका दोनों एक ही अस्पताल में काम करते थे। ये घटना लोहिया नगर क्षेत्र के एमसीसी अस्पताल की है। 18 जुलाई को यहां काम करने वाली 25 वर्षीय नर्स नेहा का शव ऑपरेशन थिएटर में मिला था। मौके से सुसाइड नोट, सल्फास की गोलियां और इंजेक्शन वगैरह बरामद हुए थे। परिजनों ने सुसाइड नोट की लिखावट पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाए कि ये नेहा की लिखावट नहीं है। इसके बाद सीसीटीवी और मोबाइल की जांच में साजिश का खुलासा हुआ। पुलिस ने मोबाइल की जांच की तो पता चला कि नेहा अस्पताल के ही कर्मचारी सुरेश से बात करती थी। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग का खुलासा हुआ। पुलिस के अनुसार, नेहा सुरेश पर शादी करने का दबाव बना रही थी, जिससे छुटकारा पाने के लिए सुरेश ने हत्या की साजिश रची।

राशिफल

मेष — परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

वृष — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

मिथुन — लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

कर्क — सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

सिंह — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

कन्या — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

तुला — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

वृश्चिक — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

धनु — जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

मकर — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

कुंभ — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

मीन — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

नग्न अवस्था में मंदिर पहुंची महिला इंजीनियर देवी की मूर्ति लेकर तालाब में लगाई छलांग, मौत

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

हैदराबाद में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां 25 साल की एक युवती ने नग्न अवस्था में मंदिर में प्रवेश किया। इसके बाद वह देवी अम्मावरु की मूर्ति उठाकर भागी और पास के एक तालाब में कूद गई। पुलिस ने तालाब से युवती का शव बरामद कर लिया है, लेकिन देवी की मूर्ति अभी तक नहीं मिली है। पुलिस गोताखोरों की मदद से मूर्ति की तलाश कर रही है, जिसे जांच में एक महत्वपूर्ण सबूत माना जा रहा है।

मानसिक रूप से अस्वस्थ है महिला : पुलिस जांच में सामने आया है कि मृत युवती मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थी। वह पहले बेंगलुरु में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के तौर पर काम करती थी। इसके बाद वह विशाखापत्तनम में रहने लगी थी। युवती के माता-पिता के बीच वैवाहिक विवाद चल रहा था। इस वजह से उसके पिता विशाखापत्तनम में रहते हैं, जबकि उसकी मां हैदराबाद के पीरजादिगुडा में रहती थीं। पुलिस के अनुसार, मृत युवती और उसकी मां दोनों ही भय और डर से ग्रस्त थीं।

शब्द पहेली - 6292

बाएँ से दाएँ
1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना, धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

ऊपर से नीचे
2.उद्देश्य, गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र, बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान, जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह, जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

शब्द पहेली- 6291 का हल

■	त	था	क	थि	त	■	क	या	म	त
ना	प	■	ह	■	र	का	बी	■	त	र
मु	■	त	वा	य	फ	■	ला	वा	■	खा
ना	पा	क	■	■	दा	नी	■	दा	म	न
सि	■	दी	■	प	र	■	सा	■	हि	■
ब	ह	र	हा	ल	■	नि	रा	ला	प	न
■	र	■	नि	■	आ	शा	■	ज	■	ज
अ	म	र	■	अ	तं	■	■	वा	न	र
मा	■	मा	न	■	क	र	त	ब	■	बं
न	या	■	ज	ल	वा	■	ना	■	क	द
त	क	दी	र	■	द	शा	व	ता	र	■

सूडोकु नवताल - 6302

★★★★☆ मध्यम

		5			8			3
	7			3	5			
3						6		
							8	5
	6			7			1	
4	2							
		1						8
			7	4			3	
6			2			7		

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6301 का हल

9	4	8	7	5	1	6	2	3
3	7	5	6	4	2	1	8	9
6	2	1	3	9	8	4	7	5
4	1	3	8	6	7	9	5	2
5	8	6	9	2	4	3	1	7
2	9	7	5	1	3	8	4	6
8	6	4	2	7	9	5	3	1
7	3	9	1	8	5	2	6	4
1	5	2	4	3	6	7	9	8

नाचे नागिन गली गली पर किया डांस...

मुंबई। फिल्म 'नाचे नागिन गली गली' में मीनाक्षी शेषाद्रि को नागिन के रूप में देखा गया था। वहीं, अभिनेता नितीश भारद्वाज उनके अपोजिट दिखे। दिग्गज अभिनेत्री ने फिल्म के टाइटल सॉन्ग को रिक्रिएट किया है। उन्होंने तमाम दर्शकों और प्रशंसकों की गुजारिश पर फिर से इस गाने पर डांस किया है और सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया है। अभिनेत्री मीनाक्षी ने फिल्म 'नाचे नागिन गली गली' की यादें फिर से ताजा की हैं। इसी के साथ उन्होंने रीना रॉय और श्रीदेवी को भी याद किया है। अपना डांस वीडियो शेयर करते हुए मीनाक्षी शेषाद्रि ने लिखा है, '70 के दशक के बीच में आई फिल्म 'नागिन' ने बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त धूम मचाई थी। इसमें रीना रॉय मुख्य भूमिका में थीं। 80 के दशक के बीच में श्रीदेवी की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'नगीना' के साथ इतिहास ने खुद को दोहराया। मैंने भी इसी तरह की थीम पर एक फिल्म 'नाचे नागिन गली-गली' की थी।

रामायण का हिस्सा बनकर खुशी से झूमीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रणबीर कपूर और साई पल्लवी अभिनीत फिल्म 'रामायण' का हिस्सा बनकर रकुल प्रीत सिंह बेहद खुश हैं। फिल्म का भव्य ट्रेलर लॉन्च इवेंट पर रकुल प्रीत सिंह भी शामिल हुईं। फिल्म में काम करने को लेकर अभिनेत्री बेहद खुश हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर खुशी जताई है। रकुल प्रीत सिंह ने इस प्रोजेक्ट को सिनेमा से भी आगे की एक यात्रा बताया है। आज रविवार को रकुल ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने 'रामायण' के भव्य ट्रेलर लॉन्च इवेंट की झलकियां शेयर कीं। साथ ही इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने के बारे में बात की। इवेंट में रकुल प्रीत येलो कलर की ड्रेस में नजर आईं। उन्होंने लिखा है, 'एक ऐसी चीज का हिस्सा बनना सम्मान की बात है, जो जिंदगी और सिनेमा से भी कहीं बड़ी है। हमारा इतिहास, हमारी विरासत, हमारी रामायण। हम दुनिया के सामने भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह एहसास सचमुच शब्दों से परे है। आप सभी के हमारे साथ इस दुनिया में कदम रखने का बेसब्री से इंतजार है'। बता दें कि रकुल प्रीत सिंह को नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में शूर्पणखा की भूमिका में देखा जाएगा। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका में होंगे। वहीं, साई पल्लवी माता सीता का रोल कर रही हैं।



नकाब की ओपनिंग नाइट बनी यादगार...

नई दिल्ली। नवाजुद्दीन सिद्दीकी 25 साल बाद थिएटर में नकाब पर परफॉर्म किया। इस बीच उन्हें अपने पहले ही शो को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला और पूरा शो हाउसफुल रहा। शिकागो में शो इस खास मौके को नवाजुद्दीन ने अपनी बेटी शोरा सिद्दीकी के साथ साझा किया। उनके लिए ये पल बेहद भावुक रहा, क्योंकि उन्होंने उसी मंच पर वापसी की, जहां से एक कलाकार के तौर पर उनका सफर शुरू हुआ था। नकाब के जरिए शोरा सिद्दीकी ने भी थिएटर में अपना डेब्यू किया और अपने पिता के साथ मंच पर नजर आईं। इससे पहले ही नवाजुद्दीन की वापसी को लेकर काफी एक्साइटमेंट थी, लेकिन शोरा ने भी अपने कॉन्फिडेंस और शानदार स्टेज प्रेजेंस से दर्शकों का दिल जीत लिया और शाम की सबसे खास झलकियों में से एक बन गईं।

रामायण के इवेंट से ट्रेलर लीक रावण बने यश की मिली पहली झलक

नई दिल्ली। दिल्ली में आयोजित इस इवेंट में पहली बार फिल्म 'रामायण' का ट्रेलर दिखाया गया। ट्रेलर दिखाने से पहले मेकर्स और ऑर्गेनाइजर ने कई बार इस बात की अपील की थी कि कोई भी इसका वीडियो या फोटो ना ले, क्योंकि आने वाले दिनों में इसे आधिकारिक तौर पर रिलीज किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी भी दी कि अगर कोई भी ट्रेलर रिकॉर्ड करता पाया जाता है, तो उसी वक्त उससे फोन ले लिया जाएगा। इसके अलावा एंट्री के वक्त भी एक ऑनलाइन डॉक्यूमेंट पर साइन करवाया गया था कि दर्शकों द्वारा ट्रेलर की रिकॉर्डिंग नहीं की जाएगी। इन सब के बावजूद वहां मौजूद कुछ लोगों ने ट्रेलर को रिकॉर्ड करके ऑनलाइन लीक कर दिया। जिसमें रावण बने यश की पहली झलक मिली। जिसके बाद अब ट्रेलर की झलकियां सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं। जिसमें ट्रेलर के कई सीन्स दिखाई दे रहे हैं हालांकि, फिल्म आमैक्स और 3डी लेवल पर बनी है, इस वजह से फोन पर रिकॉर्ड किए गए वीडियोज क्लियर नहीं हैं और उनकी क्वालिटी भी गिरी हुई है। जब आधिकारिक तौर पर ट्रेलर रिलीज किया जाएगा, तो दर्शकों को अलग अनुभव देखने को मिलेगा।

आर्टिकल 370 को तीन राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर आदित्य ने जताई खुशी

मुंबई। 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के विजेताओं के नाम से पर्दा हट गया है। बीते दिन पुरस्कारों का ऐलान हुआ। यामी गौतम अभिनीत फिल्म 'आर्टिकल 370' को बेस्ट फीचर फिल्म का पुरस्कार मिला है। इसके अलावा फिल्म ने दो और पुरस्कार जीते हैं। इसी फिल्म के लिए यामी गौतम के नाम का ऐलान सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के तौर पर किया गया है। इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन के लिए शशवत सचदेव ने पुरस्कार जीता है। इस पर आदित्य धर ने खुशी जताई है और यह वादा किया है कि वे इसी तरह की कहानियां लाते

रहेंगे। आदित्य धर ने लिखा है, 'फिल्म 'आर्टिकल 370' के लिए तीन नेशनल अवॉर्ड जीतना एक ऐसा पल है, जिसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है। यह अनुभव मुझे विनम्र और भावुक बनाता है और मेरा दिल गहरे आभार से भर देता है। जब हमने यह फिल्म बनाने का फैसला किया, तो हमारा मकसद अवॉर्ड पाना नहीं था। हम ईमानदारी, हिम्मत और सच्चाई के साथ एक कहानी कहने के पक्के इरादे से प्रेरित थे। यह देखना वाकई बहुत सुखद है कि देश भर के दर्शकों ने इस सफर को पसंद किया और अब इसे भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सम्मान से नवाजा गया है। इस शानदार सम्मान के लिए सम्मानित जूरी का और उन सभी लोगों का मैं तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने 'आर्टिकल 370' देखी, उसे सपोर्ट किया, उस पर चर्चा की और उसमें भरोसा जताया। आपके प्यार ने इस फिल्म को स्क्रीन से परे एक नई जिंदगी दी। यह सम्मान हमारे बेहतरीन डायरेक्टर, आदित्य सुहास जांभले का है, जिनकी सोच और पक्के इरादे ने हर फ्रेम को आकार दिया।

कार्यालय आयुक्त जनजातीय कार्य मध्य प्रदेश

E-Mail - civil.ctd@mp.gov.in

क्रमांक/निर्माण/2026-27/13288

निविदा आमंत्रण सूचना

भोपाल, दिनांक 15/07/2026

जनजातीय कार्य विभाग की ओर से ऑनलाइन निविदा प्रतिशत दर पर लोक निर्माण में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से भवन निर्माण विद्युतीकरण सहित लोक निर्माण विभाग (भवन) म.प्र. भोपाल द्वारा जारी दिनांक 01 जनवरी 2024 से प्रभावशील तथा रोड एवं ब्रिज निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग के प्रचलित एस.ओ.आर. 11 अप्रैल 2025 से प्रभावशील पर (निविदा दिनांक तक संशोधन सहित) निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदा निम्न विवरण अनुसार आमंत्रित की जाती है। कार्यों का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.	सिस्टम टेंडर नंबर	जिला	कार्य का नाम	ठेके की अनुमानित लागत (राशि लाख में)	अमानत राशि (रू. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. में	निविदा/कार्य पूर्णता अवधि	ठेकेदार की श्रेणी
1	2026_TAD_521627_1	छिंदवाड़ा	शा. हाई स्कूल, साजूकुही, वि.ख. तामिया का नवीन भवन निर्माण मय विद्युतीकरण सहित	299.90	299900/-	15000/-	18 माह वर्षा ऋतु सहित	लो.नि.वि. में नवीन केंद्रीकृत पद्धति में सिविल कार्य हेतु जीवित पंजीयन
2	2026_TAD_521628_1	छिंदवाड़ा	शा. हाई स्कूल, जमुनिया, वि.ख. तामिया का नवीन भवन निर्माण मय विद्युतीकरण सहित	299.90	299900/-	15000/-	18 माह वर्षा ऋतु सहित	लो.नि.वि. में नवीन केंद्रीकृत पद्धति में सिविल कार्य हेतु जीवित पंजीयन
3	2026_TAD_521629_1	छिंदवाड़ा	शा. हाई स्कूल, खिरेटी, वि.ख. तामिया का नवीन भवन निर्माण मय विद्युतीकरण सहित	299.90	299900/-	15000/-	18 माह वर्षा ऋतु सहित	लो.नि.वि. में नवीन केंद्रीकृत पद्धति में सिविल कार्य हेतु जीवित पंजीयन
4	2026_TAD_521631_1	छिंदवाड़ा	शा. हाई स्कूल, सिंधोली, वि.ख. तामिया का नवीन भवन निर्माण मय विद्युतीकरण सहित	299.90	299900/-	15000/-	18 माह वर्षा ऋतु सहित	लो.नि.वि. में नवीन केंद्रीकृत पद्धति में सिविल कार्य हेतु जीवित पंजीयन
5	2026_TAD_521632_1	छिंदवाड़ा	शा. हाई स्कूल, माहुलझिर, वि.ख. तामिया का नवीन भवन निर्माण मय विद्युतीकरण सहित	299.90	299900/-	15000/-	18 माह वर्षा ऋतु सहित	लो.नि.वि. में नवीन केंद्रीकृत पद्धति में सिविल कार्य हेतु जीवित पंजीयन
6	2026_TAD_521635_1	छिंदवाड़ा	शा. हाई स्कूल, मढ़ई, वि.ख. हर्रई का नवीन भवन निर्माण मय विद्युतीकरण सहित	299.90	299900/-	15000/-	18 माह वर्षा ऋतु सहित	लो.नि.वि. में नवीन केंद्रीकृत पद्धति में सिविल कार्य हेतु जीवित पंजीयन
7	2026_TAD_521636_1	छिंदवाड़ा	शा. हाई स्कूल, अतरिया, वि.ख. हर्रई का नवीन भवन निर्माण मय विद्युतीकरण सहित	299.90	299900/-	15000/-	18 माह वर्षा ऋतु सहित	लो.नि.वि. में नवीन केंद्रीकृत पद्धति में सिविल कार्य हेतु जीवित पंजीयन
8	2026_TAD_521637_1	छिंदवाड़ा	शा. हाई स्कूल, कटकुहीं, वि.ख. जुन्नारदेव का नवीन भवन निर्माण मय विद्युतीकरण सहित	299.90	299900/-	15000/-	18 माह वर्षा ऋतु सहित	लो.नि.वि. में नवीन केंद्रीकृत पद्धति में सिविल कार्य हेतु जीवित पंजीयन
9	2026_TAD_521638_1	छिंदवाड़ा	शा. हाई स्कूल, जंबाकिराडी , वि.ख. जुन्नारदेव का नवीन भवन निर्माण मय विद्युतीकरण सहित	299.90	299900/-	15000/-	18 माह वर्षा ऋतु सहित	लो.नि.वि. में नवीन केंद्रीकृत पद्धति में सिविल कार्य हेतु जीवित पंजीयन
10	2026_TAD_521639_1	छिंदवाड़ा	शा. हाई स्कूल, सांगाखेड़ा, वि.ख. जुन्नारदेव का नवीन भवन निर्माण मय विद्युतीकरण सहित	299.90	299900/-	15000/-	18 माह वर्षा ऋतु सहित	लो.नि.वि. में नवीन केंद्रीकृत पद्धति में सिविल कार्य हेतु जीवित पंजीयन
11	2026_TAD_521640_1	छिंदवाड़ा	शा. हाई स्कूल, भिमलगोंदी, वि.ख. बिछुआ का नवीन भवन निर्माण मय विद्युतीकरण सहित	299.90	299900/-	15000/-	18 माह वर्षा ऋतु सहित	लो.नि.वि. में नवीन केंद्रीकृत पद्धति में सिविल कार्य हेतु जीवित पंजीयन
12	2026_TAD_521641_1	छिंदवाड़ा	शा. हाई स्कूल, थोटामाल, वि.ख. बिछुआ का नवीन भवन निर्माण मय विद्युतीकरण सहित	299.90	299900/-	15000/-	18 माह वर्षा ऋतु सहित	लो.नि.वि. में नवीन केंद्रीकृत पद्धति में सिविल कार्य हेतु जीवित पंजीयन
13	2026_TAD_521642_1	छिंदवाड़ा	शा. हाई स्कूल, लोहांगी, वि.ख. बिछुआ का नवीन भवन निर्माण मय विद्युतीकरण सहित	299.90	299900/-	15000/-	18 माह वर्षा ऋतु सहित	लो.नि.वि. में नवीन केंद्रीकृत पद्धति में सिविल कार्य हेतु जीवित पंजीयन
14	2026_TAD_521643_1	छिंदवाड़ा	शा. हाई स्कूल, टेकाढाना, वि.ख. जुन्नारदेव का नवीन भवन निर्माण मय विद्युतीकरण सहित	299.90	299900/-	15000/-	18 माह वर्षा ऋतु सहित	लो.नि.वि. में नवीन केंद्रीकृत पद्धति में सिविल कार्य हेतु जीवित पंजीयन
15	2026_TAD_521644_1	छिंदवाड़ा	शा. हाई स्कूल, बडोसा, वि.ख. बिछुआ का नवीन भवन निर्माण मय विद्युतीकरण सहित	299.90	299900/-	15000/-	18 माह वर्षा ऋतु सहित	लो.नि.वि. में नवीन केंद्रीकृत पद्धति में सिविल कार्य हेतु जीवित पंजीयन
16	2026_TAD_521646_1	छिंदवाड़ा	शा. हाई स्कूल, खमरियामाल, वि.ख. बिछुआ का नवीन भवन निर्माण मय विद्युतीकरण सहित	299.90	299900/-	15000/-	18 माह वर्षा ऋतु सहित	लो.नि.वि. में नवीन केंद्रीकृत पद्धति में सिविल कार्य हेतु जीवित पंजीयन
17	2026_TAD_521647_1	छिंदवाड़ा	शा. हाई स्कूल, बगदरी, वि.ख. जुन्नारदेव का नवीन भवन निर्माण मय विद्युतीकरण सहित	299.90	299900/-	15000/-	18 माह वर्षा ऋतु सहित	लो.नि.वि. में नवीन केंद्रीकृत पद्धति में सिविल कार्य हेतु जीवित पंजीयन
18	2026_TAD_521649_1	छिंदवाड़ा	शा. हाई स्कूल, छाताकलां, वि.ख. हर्रई का नवीन भवन निर्माण मय विद्युतीकरण सहित	299.90	299900/-	15000/-	18 माह वर्षा ऋतु सहित	लो.नि.वि. में नवीन केंद्रीकृत पद्धति में सिविल कार्य हेतु जीवित पंजीयन
19	2026_TAD_521650_1	छिंदवाड़ा	शा. हाई स्कूल, देवरी, वि.ख. बिछुआ का नवीन भवन निर्माण मय विद्युतीकरण सहित	299.90	299900/-	15000/-	18 माह वर्षा ऋतु सहित	लो.नि.वि. में नवीन केंद्रीकृत पद्धति में सिविल कार्य हेतु जीवित पंजीयन
20	2026_TAD_521651_1	छिंदवाड़ा	शा. हाई स्कूल, घोराड़, वि.ख. बिछुआ का नवीन भवन निर्माण मय विद्युतीकरण सहित	299.90	299900/-	15000/-	18 माह वर्षा ऋतु सहित	लो.नि.वि. में नवीन केंद्रीकृत पद्धति में सिविल कार्य हेतु जीवित पंजीयन

1. इच्छुक निविदाकार MP Tenders के पोर्टल पर विवरण देख सकते हैं।
2. NIT (निविदा आमंत्रण सूचना) में किसी प्रकार के परिवर्तन सूचना केवल www.mptenders.gov.in पर प्रकाशित की जाएगी।
3. निविदा प्रपत्र की उपलब्धता का विस्तृत विवरण : www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
4. प्रस्ताव जमा करने की प्रक्रिया केवल उपरोक्त पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से की जाएगी।
5. संशोधन/परिशिष्ट/स्पष्टीकरण/ शुद्धि पत्रक केवल www.mptenders.gov.in पर प्रकाशित किए जाएंगे।
6. आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग को बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

अधीक्षण यंत्री,
जनजातीय कार्य भोपाल, म.प्र.

G-15911-26

टीवी मसाला

शो छोड़ने की खबरों पर दिलीप ने बताया अनबन का सच

नई दिल्ली। टीवी का सबसे पॉपुलर और दर्शकों का पसंदीदा कॉमेडी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' पिछले कई सालों से लोगों को एंटरटेन कर रहा है। इस शो का हर एक किरदार दर्शकों के दिल के बेहद करीब है, लेकिन अगर जेठालाल की बात करें तो उनके बिना इस शो की कल्पना करना भी मुश्किल है। पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया और खबरों के बाजार में एक अफवाह तेजी से उड़ रही है कि जेठालाल यानी सबके चहेते दिलीप जोशी इस शो को अलविदा कह रहे हैं। इस खबर ने फैंस को तगड़ा झटका दिया था और हर कोई काफी परेशान था। लेकिन, अब खुद दिलीप जोशी ने इस पूरे मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ी है और सच सबके सामने रख दिया है। दिलीप जोशी ने इन सभी खबरों को पूरी तरह से अफवाह और बकवास करार दिया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि वे कहीं नहीं जा रहे हैं और शो को छोड़ने का उनका कोई इरादा नहीं है। दिलीप जोशी ने बताया कि जब भी इस तरह की झूठी खबरें सामने आती हैं, तो उन्हें बहुत दुख होता है। वे पिछले कई सालों से इस शो का हिस्सा हैं और दर्शकों से उन्हें जो प्यार मिला है, उसकी कोई तुलना नहीं की जा सकती। उन्होंने फैंस से अपील की है कि वे इस तरह की किसी भी उड़ती हुई खबर पर भरोसा न करें, क्योंकि वे आगे भी जेठालाल बनकर दर्शकों को हंसाते रहेंगे। दरअसल, कुछ समय पहले मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया था कि शो के मेकर्स और दिलीप जोशी के बीच किसी बात को लेकर अनबन हो गई है। इसके बाद से ही यह कयास लगाए जाने लगे कि वे शो छोड़ सकते हैं। चूंकि पहले भी दिशा वकानी, शैलेश लोढ़ा और जेनिफर मिस्त्री जैसे बड़े कलाकार शो को अलविदा कह चुके हैं, इसलिए फैंस को डर था कि कहीं जेठालाल भी शो से बाहर न हो जाएं।

लॉक अप 2 में होगी अपूर्वा की एंट्री?

नई दिल्ली। जब 'लॉक अप: सच या सजा' का खेल और भी ज्यादा अनप्रेडिक्टेबल होता जा रहा है, तब इंटरनेट पर एक नया ट्विस्ट सामने आया है और इसमें अपूर्वा मखीजा का नाम शामिल है। हालांकि, अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन सोशल मीडिया पर उनके शो में शामिल होने की संभावना को लेकर खूब चर्चा हो रही है। इंटरनेट पर चर्चा है कि अपूर्वा मखीजा 'लॉक अप 2' में शामिल हो रही हैं। कई फैन पेज और कंटेंट क्रिएटर्स इस संभावना को लेकर अपना उत्साह जाहिर कर रहे हैं और संकेत दे रहे हैं कि अपूर्वा मुखिजा जल्द ही 'लॉक अप' सीजन 2 के घर में एंट्री कर सकती हैं। अपनी बेबाक पर्सनैलिटी और जबरदस्त मौजूदगी के लिए मशहूर अपूर्वा को लेकर यह चर्चा तब और तेज हो गई जब फैंस ने 'द ट्रेटर्स' में उनके शानदार परफॉर्मेंस को याद किया और उन्हें फिर से किसी रियलिटी शो में देखने की इच्छा जताई। एक और यूजर ने कहा, 'रेबेल किड को श्रेया कालरा को ज्यादा स्क्रीन स्पेस देने के लिए लाया गया है'। चर्चा यहीं नहीं रुकी। किसी ने यह भी दावा किया, 'अगर अपूर्वा 'लॉक अप 2' में आती है, तो वह शिल्पा और कालरा पर भारी पड़ेगी'।

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

सिक्योरिटीगार्ड

अतिशीघ्र आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 17000 सुपरवाइजर 18000 फील्ड अधिकारी 16000 कंप्यूटर ऑपरेटर 15000 वेतन योग्यतानुसार मेस सुविधा ,आवास भोजन फ्री **संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 7747000016, 7747000019, 7746000019.**(आरो-891)

आवश्यकता है- तेलीबांधा वी.आई.पी चौक, उरकुरा, टाटीबंध,एम.जी. रोड हेतु, सुरक्षा सुपरवाइजर, सुरक्षागार्ड की अतिशीघ्र आवश्यकता है। आयु सीमा- 25-45 वर्ष, कृपया जरूरतमंद ही संपर्क करें। **संपर्क नम्बर:- 9981144486.** (आरो-896)

दुकान कार्य

आवश्यकता है- बर्जर पेंट दुकान में कार्य हेतु लड़कों (कम से कम बारहवीं) की,वेतन 11 से 13,000, अनुभवी एवं आसपास रहने वालों को प्राथमिकता । **अमृत सेल्स , स्टेशन रोड ,रायपुर । मोबाइल 9827174205.** (आरो-195)

आवश्यकता है- दुकान में काम करने हेतु लड़के एंव लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन - 8000 से 10,000 तक **संपर्क करें- सदगुरू आटो एसोसीरीज एम.जी.रोड गुजराती स्कूल सिंधी मार्केट शिवा हार्डवेयर के बाजू में मों.- 7773036060, 8889444544.**(आरो-897)

असिस्टेंट/फील्ड वर्क

आवश्यकता है- ऑफिस असिस्टेंट के साथ फील्ड में भी कार्य कर सके (ऑलराउंडर) ऐसे व्यक्ति की जरूरत है कार चलाने वाले को प्राथमिकता। **खबर वर्ल्ड मिडिया ग्रुप तेलीबांधा रायपुर मो 9329228972.** (आरो-900)

टेक्नीशियन

आवश्यकता है- यूरेका फोर्ब्स (Aquaguard) : सर्विस टेक्नीशियन -10 , टेलीकॉलर - 2, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव - 6, दीपिका सर्विसेज - कर्मचारी कॉलोनी, **कुशालपुर मोबाइल: 9826652461.** (आरो-893)

असिस्टेंट

आवश्यकता है- अशोका रतन, शंकर नगर रायपुर में एक डेंटल क्लीनिक में काम करने हेतु एक असिस्टेंट लड़की जो 12वीं पास हो चाहिए। सैलरी 7000 से 7500 तक **सम्पर्क करें- 8435533000, 9179908935.** (आरो-41446)

घरेलु कार्य

आवश्यकता है- घरेलू महिला सहायक चाहिए, उम्र 18-40। (24 घंटे को प्राथमिकता,) अन्यथा 11-12 घंटे। कपड़े व घरेलू काम, कभी बच्चे की देखभाल; काम वाली न आए तो झाड़- पोछा- बर्तन। अनुभवी जरूरी। 24 घंटे हेतु रहना- खाना। 2 छुट्टी /माह। **न्यू चंगोराभाठा, रायपुर। 7039749769.** (आरो-047)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यकता है- बच्चा सँभालने हेतु 24 घंटे की बाई (लड़की)चाहिये। रहना एवं ख़ाना दिया जाएगा। **स्थान महावीर नगर , रायपुर सॉम्पर्क करे 7024416652.** (आरो-892)

मार्केटिंग

आवश्यकता है- रायपुर में शंकर नगर स्थित एक डेंटल क्लीनिक की मार्केटिंग करने के लिए एक ग्रेजुएट लड़के की आवश्यकता है। मोबाइल और बाइक आवश्यक। **सम्पर्क करें- 9300416538.** (आरो-41452)

टेक्नीशियन

आवश्यकता है- कम्पनी का नाम. ऐशियन पूल्स पता- भाठागांव, रायपुर पद का नाम- टेक्नीशियन योग्यता- 5वीं से 12वीं समय- 10 घंटा वेतन - 12000/- से 15000/- **मो. नं. - 9109260731, 9669082359.** (आरो-895)

आवश्यकता

आवश्यकता है- नौकरी कर्मचारियों की आवश्यकता है :- मल्टी नेशनल कंपनी में कार्य हेतु बेहतरीन करियर अवसर, फ्रेशर और अनुभवी दोनों के लिये, आयु सीमा 22-50 वर्ष, फुल-टाइम या पार्ट-टाइम, मासिक आय 25,000-33,000 + इंसेंटिव + बोनस। महिलाओं को प्राथमिकता, **कार्यस्थल: रायपुर, संपर्क करें 7987566591 / 9516911911 / 9755162144.** (आरो-899)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

सेल्समैन/हेल्पर

आवश्यकता है- थोक कपड़े की दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी सेल्समैन व हेल्पर तथा कम्प्युटर में बिल बनाने हेतु कम्प्युटर ऑपरेटर की आवश्यकता है। 10-15 लड़के चाहिए। मिलने का समय: दोपहर 3 से 6 बजे तक चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर डी 29- 30, **प्रथम गेट टेक्सटाइल मार्केट पंडरी, रायपुर, संपर्क: 9425506658, 9424200658, 9977252503.**(RO-7271)

केयर टेकर

आवश्यकता है- रायपुर में पुरुष कोमा पेशेंट हेतु केयर टेकर चाहिए। आयु अधिकतम 35 वर्ष, न्यूनतम 12वीं उत्तीर्ण। मेडिकल ज्ञान आवश्यक नहीं। रहने की सुविधा उपलब्ध। वेतन योग्यता अनुसार। **संपर्क: राकेश अग्रवाल, ए-73, लविस्ता कॉलोनी, अमलीडीह, रायपुर। मो.: 9575042812। मिलने का समय: सुबह 9 से 11 बजे।**(आरो-898)

ऑफिस कार्य

शीघ्र आवश्यकता है- जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के, आयु 18 से 30 वर्ष वेतन 12000 + कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना फ्री + गाड़ी किराया + कोई शुल्क नहीं लगेगा **संपर्क- 9630922589, 9893029618.**(आरो-530)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

सेल्स ऑफिसर

WANTED- Field / Sales Officer for Chhattisgarh by Pune-based Fertilizer Manufacturing & Marketing Company Edu. Qual :B.Sc./M.Sc. (Agri.) ,Exp.- min. 2 yrs Locations: Bilaspur, Rajnandgaon, Bemetara, Sakti, Mahasamund, Raigarh, Kawardha & Kumhari 2-Wheeler must. Apply within 7 days to hrman-shya@gmail.com **MO.9584040029, 9011001890.**(आरोन-1322)

घरेलु कार्य

आवश्यकता है- रायपुर में एक फैमिली की आवश्यकता हैं - पत्नी जो घर मे रहकर घर के कार्य कर सके एवं पति जिसे ड्राइविंग आती हो जो बुलेरो पिकअप चला सके उसे प्राथमिकता। रहने/ बिजली, पानी की सुविधा। वेतन योग्यता अनुसार। **सम्पर्क:- 9893413130, 9425509393.** (आरो-942)

ड्रायवर

आवश्यकता है- अनुभवी कार ड्राइवर की आवश्यकता न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव अनिवार्य, वेतन 15,000 प्रतिमाह। समय : सुबह ९ बजे से रात्रि ९ बजे तक, **संपर्क करें: 9826708233 ,पता: 4/17, दक्षिण गंगोत्री, पोस्ट सुपेला, भिलाई (छ.ग.)** (RO-SPD/0062)

हरिभूमि

आवश्यकता है- घरेलु गाड़ी व एम्बुलेंस चलाने 2 ड्राइवर की आवश्यकता है, रहने की सुविधा **संपर्क: बांठिया हॉस्पिटल राजातालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009.**(आरो-554)

Education शिक्षण

प्रवेश प्रारंभ- फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करे:-B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, LLB M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLY-TECHNIC, B.tech M.tech (अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा **संपर्क** Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai **9826196515, 9826896515.** (आरो-4157)

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या संस्थाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

दावोस की घोषणा को धरातल पर उतारने में जुटे मुख्यमंत्री

ऊर्जा क्रांतिः सीएम डॉ. यादव की दूरदृष्टि से मप्र रच रहा इतिहास, 24 घंटे मिलेगी हरित ऊर्जा

मध्यप्रदेश को देश का सबसे निवेश मित्र राज्य बनाने और इसे हरित ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की इसी दूरगामी सोच और दृढ़ इच्छाशक्ति का नतीजा है कि मध्यप्रदेश अब देश का ऐसा अग्रणी राज्य बनने जा रहा है, जहाँ 24 घंटे नवकरणीय (हरित) ऊर्जा उपलब्ध कराने की महत्वाकांक्षी परियोजना पर काम शुरू हो चुका है। स्विट्जरलैंड के दावोस में मुख्यमंत्री द्वारा की गई वैश्विक घोषणा को अब धरातल पर उतारने के लिए सरकार ने तेजी से कदम बढ़ा दिए हैं। इसी सिलसिले में नई दिल्ली स्थित मध्यप्रदेश भवन में एक महत्वपूर्ण प्री-बिड मीटिंग का आयोजन किया गया था, जिसे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के समत्व भवन से वर्चुअली संबोधित किया और निवेशकों को मध्यप्रदेश की इस ऐतिहासिक ऊर्जा क्रांति का सहभागी बनने के लिए आमंत्रित किया।

देश में सबसे सस्ती बिजली देने का गौरवः मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश का नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में ट्रैक रिकॉर्ड देश में सबसे बेहतर रहा है। राज्य ने अपनी विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से देश को यह साबित करके दिखाया है कि पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा को न सिर्फ सुलभ, बल्कि किफायती भी बनाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री के प्रयास ला रहे हैं रंग

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार की पारदर्शी नीतियों, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता और उत्कृष्ट अधोसंरचना के कारण राज्य देश का सबसे बड़ा निवेश हब बनकर उभरा है। नई दिल्ली में हुई प्री-बिड बैठक में मुख्यमंत्री की इसी साख और भरोसे का असर देखा गया, जहाँ देश की दिग्गज कंपनियों- टाटा पॉवर, रिलायंस एनर्जी, टोरेंट पॉवर, जिंदल रिन्युएबल, एनटीपीसी, अडानी ग्रीन्स, हिन्दुस्तान पॉवर और महिंद्रा सिस्टम्स के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और मध्यप्रदेश के विजन की सराहना की।

रीवा सोलर प्रोजेक्ट

रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर परियोजना ने देश में सबसे कम सौर टैरिफ स्थापित कर भारत को वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान दिलाई है।

शाजापुर-नीमच पार्क

इन पार्कों ने मात्र 2.14 रुपए प्रति यूनिट का प्रदेश में सबसे न्यूनतम टैरिफ अर्जित करने का रिकॉर्ड बनाया।

मुरैना स्टोरेज प्लस प्रोजेक्ट

हाल ही में मुरैना की 4 घंटे की स्टोरेज प्लस परियोजना के लिए 2.70 रुपये प्रति यूनिट पर पावर परचेज एग्रीमेंट (पीपीए) हुआ है, जो देश की सबसे प्रतिस्पर्धी ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं में से एक है।

ऊर्जा सुरक्षा है अंतिम लक्ष्य

मध्यप्रदेश सरकार का विजन सिर्फ सौर या पवन ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करना नहीं है, बल्कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की दूरदृष्टि के अनुसार राज्य को हरित ऊर्जा, सतत विकास और ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में देश का आदर्श राज्य बनाना है। सरकार का यह नया कदम न केवल मध्यप्रदेश की औद्योगिक ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी मील का पत्थर साबित होगा।

वर्तमान क्षमता और लक्ष्य

राज्य में कुल स्थापित रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता में सौर ऊर्जा का सबसे बड़ा योगदान है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मध्यप्रदेश में लगभग 5,118 मेगावाट से अधिक की स्थापित ग्रिड-कनेक्टेड सौर क्षमता है, जिसमें लगातार विस्तार हो रहा है।

2030 का विज़न

मध्यप्रदेश सरकार ने लक्ष्य रखा है कि वर्ष 2030 तक राज्य अपनी कुल बिजली आवश्यकता (अनुमानित 40,000 मेगावाट) का 50% हिस्सा (यानी 20,000 मेगावाट) केवल सौर ऊर्जा और अन्य नवकरणीय स्रोतों से पूरा करेगा।

दुनिया और देश के प्रमुख लैंडमार्क प्रोजेक्ट्स

रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर पार्क

यह एशिया के सबसे बड़े सिंगल-साइट सौर संयंत्रों में से एक है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह देश का पहला ऐसा प्रोजेक्ट है जो देश के व्यावसायिक उपयोग में बड़ा उदाहरण बना हुआ है।

ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट

खंडवा जिले में नर्मदा नदी पर ओंकारेश्वर बांध के जलाशय पर दुनिया की सबसे बड़ी फ्लोटिंग (पानी पर तैरती हुई) सौर परियोजनाओं में से एक का निर्माण किया गया है। यह तकनीक भूमि अधिग्रहण की समस्या को खत्म करती है और पानी के वाष्पीकरण को भी कम करती है।

मुरैना सोलर प्लस स्टोरेज प्रोजेक्ट

मुरैना में देश की पहली सोलर प्लस स्टोरेज परियोजना को मंजूरी दी गई है, जिसने 2.70 प्रति यूनिट का ऐतिहासिक न्यूनतम टैरिफ (बिजली दर) दर्ज किया है। यह प्रोजेक्ट 95% वार्षिक उपलब्धता के साथ सुबह और शाम के पीक आवर्स (जब बिजली की मांग सबसे ज्यादा होती है) में भी 440 मेगावाट की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। इसके अलावा, मुरैना में एक बड़े 8,000 मेगावाट के मेगा सोलर पार्क के विकास को लेकर भी कार्ययोजना तैयार की गई है।

नीमच -शाजापुर सोलर पार्क

हाल ही में नीमच (500 मेगावाट) और शाजापुर में बड़ी सौर परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया है। नीमच के नए सोलर पार्क से देश की सबसे सस्ती सौर दरों में से एक 2.14 प्रति यूनिट बिजली मिलने का रास्ता साफ हुआ है।

सोलर सिटी

सांचीः देश की पहली 'सोलर सिटी': रायसेन जिले में स्थित विश्व धरोहर स्थल सांची को देश की पहली पूर्ण 'सोलर सिटी' के रूप में विकसित किया गया है, जहाँ घरेलू से लेकर व्यावसायिक और नागरिक सुविधाओं तक की बिजली जरूरतें सौर ऊर्जा से पूरी की जा रही हैं।

सीएम डॉ. यादव की नीतियों से ऊर्जा क्षेत्र में रचा जा रहा है इतिहास

मुरैना में देश का सबसे अनूठा 'सोलर प्लस स्टोरेज प्रोजेक्ट', 2.70 की न्यूनतम दर से मप्र ने रचा इतिहास

मध्यप्रदेश को देश का सबसे समृद्ध और 'हरित ऊर्जा हब' बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों और उनकी दूरगामी सोच के ऐतिहासिक परिणाम सामने आए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की कुशल कार्यशैली और औद्योगिक नीतियों का ही नतीजा है कि मध्यप्रदेश ने नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में एक और अभूतपूर्व कीर्तिमान स्थापित किया है। प्रदेश में देश की अपनी तरह की अनूठी 440 मेगावॉट मुरैना सोलर प्लस स्टोरेज परियोजना के लिए पॉवर परचेज एग्रीमेंट (पीपीए) संपन्न हो गया है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार की बेहतर कार्यप्रणाली के कारण ही इस परियोजना में मात्र दो रुपए 70 पैसे प्रति यूनिट की प्रतिस्पर्धी दर प्राप्त हुई है, जो देश में अब तक की न्यूनतम दर है और इस श्रेणी की परियोजनाओं के लिए पूर्व राष्ट्रीय मानक से भी बहुत कम है।

इस गौरवपूर्ण अवसर पर केंद्रीय नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा की केंद्र की मोदी सरकार ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश ने नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में अद्भुत कार्य कर दिखाया है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आशीर्वाद मध्यप्रदेश को नंबर वन बनाने में मिल रहा है। देश के सभी राज्य इस क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं, लेकिन मध्यप्रदेश की प्रगति सबसे तेज और अनूठी है। उन्होंने कहा कि नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में मध्यप्रदेश डॉ. यादव के नेतृत्व में अपने ही रिकॉर्ड तोड़कर देश में सबसे आगे बना हुआ है। मुरैना की इस युगांतरकारी परियोजना को धरातल पर उतारने में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रशासनिक तालमेल और नीतियों की बड़ी भूमिका रही है। इस परियोजना की सबसे बड़ी विशेषता इसका अभिनव बैटरी उपयोग मॉडल है, जिसमें एक ही बैटरी का प्रतिदिन दो बार उपयोग किया जाना संभव होगा। इससे बैटरी असैट्स की उत्पादकता बढ़ी है और ऊर्जा भंडारण की लागत में उल्लेखनीय कमी आई है। मुख्यमंत्री द्वारा वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम, दावोस में घोषित विज़न के अनुरूप राज्य ने ऊर्जा भंडारण को अधिक किफायती और व्यावसायिक रूप से व्यावहारिक बना दिया है।

सीएम यादव के प्रयासों से लगभग एक गीगावॉट स्वच्छ ऊर्जा राष्ट्र को समर्पित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों से प्रदेश केवल योजनाएं बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें तेजी से समय पर पूरा भी कर रहा है। इसी कड़ी में 500 मेगावॉट नीमच एवं 450 मेगावॉट शाजापुर सोलर पार्कों के माध्यम से कुल 950 मेगावॉट स्वच्छ ऊर्जा क्षमता राष्ट्र को समर्पित की गई है। यह उपलब्धि रीवा सौर परियोजना से प्रारम्भ हुई मध्यप्रदेश की अक्षय ऊर्जा यात्रा में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। मुख्यमंत्री की इसी दूरगामी सोच का असर है कि आज आगर-शाजापुर-नीमच (एएसएन) सौर परियोजना से भारतीय रेल को स्वच्छ विद्युत आपूर्ति की जा रही है, जबकि रीवा सौर परियोजना से दिल्ली मेट्रो को स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराई जा रही है। इन परियोजनाओं का विकास एनटीपीसी नवकरणीय ऊर्जा लिमिटेड, टाटा पॉवर तथा वारी एनर्जीस जैसे प्रतिष्ठित डेवलपर्स द्वारा किया गया है, जो शासन, ट्रांसमिशन एजेंसियों और स्थानीय प्रशासन के उत्कृष्ट समन्वय का परिणाम है।

किसानों को दिन में बिजली और 20 हजार मेगावॉट का बड़ा लक्ष्य

मुख्यमंत्री के ग्रामीण और कृषि विकास के विजन के चलते प्रदेश में 4,022 मेगावॉट फीडर सौर ऊर्जीकरण कार्यक्रम की निविदा में 2.40 प्रति यूनिट की रिकॉर्ड न्यूनतम दर प्राप्त हुई है। इसके कारण अब राज्य के किसानों को दिन के समय भी गुणवत्तापूर्ण एवं विश्वसनीय विद्युत उपलब्ध होगी, जिससे उनके जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार आएगा। वर्तमान में राज्य में सौर, पवन, बैटरी ऊर्जा भंडारण तथा पम्प्ड स्टोरेज की अनेक परियोजनाएँ विभिन्न चरणों में प्रगति पर हैं। आगामी वर्षों में 20 हजार मेगावॉट से अधिक अतिरिक्त अक्षय ऊर्जा क्षमता विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो संकल्प को साकार करने की दिशा में प्रदेश की अग्रणी भूमिका को सुनिश्चित करता है।

प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में चंबल-मालवा को समृद्धि का उपहार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रयासों से चंबल क्षेत्र को एक बड़ी सौगात मिली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पार्वती-कालीसिंध-चंबल अंतर्राज्यीय नदी जोड़ो परियोजना को मंजूरी मिली है, जिससे मध्यप्रदेश के चंबल और मालवा से लेकर 13 जिलों के वृहद क्षेत्र को समृद्धि का लाभ मिलेगा। इसी तरह नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में पंप स्टोरेज, बैटरी स्टोरेज, कोल, हाइड्रो के साथ सोलर एनर्जी के कई प्रकार उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। मध्यप्रदेश में मुरैना सोलर ऊर्जा भण्डारण की परियोजना वर्तमान दौर में ऊर्जा उत्पादन की नई संभावनाओं को क्रियान्वित करने का सबसे ठोस उदाहरण है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश का बड़ा कदम

एमपीपीजीसीएल लगाएगा 110 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाएं

मध्यप्रदेश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर और पर्यावरण अनुकूल बनाने के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संकल्पों को धरातल पर उतारते हुए मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड (एमपीपीजीसीएल) ने एक ऐतिहासिक छलांग लगाई है। पारंपरिक ऊर्जा उत्पादन में अग्रणी रहने के बाद अब कंपनी ने स्वच्छ और नवकरणीय ऊर्जा की ओर मजबूत कदम बढ़ाए हैं। प्रदेश में पर्यावरण अनुकूल बिजली उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तीन प्रमुख ताप विद्युत गृहों के परिसर में कुल 110 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विकासपरक नीतियों के कारण यह परियोजनाएं श्रीसिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया में 40 मेगावाट, अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई में 40 मेगावाट और संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर में 30 मेगावाट की क्षमता के साथ स्थापित हो रही है।

पीएम मोदी के पंचामृत संकल्पों को मिल रही रफ्तार

मध्यप्रदेश सरकार की यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और उनके द्वारा कॉप-26 सम्मेलन में घोषित 'पंचामृत' लक्ष्यों के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में वर्ष 2030 तक देश की 50 प्रतिशत ऊर्जा आवश्यकताओं को नवकरणीय स्रोतों से पूरा करने का राष्ट्रीय लक्ष्य तय किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में मध्यप्रदेश, प्रधानमंत्री के इस राष्ट्रीय मिशन में अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

ग्रीन एनर्जी और सतत विकास का नया दौर

कंपनी इससे पहले मंदसौर जिले के रातागुराड़िया में 7 मेगावाट का सौर संयंत्र सफलतापूर्वक स्थापित कर चुकी है। अब इस बड़े कदम से न केवल बिजली वितरण कंपनियों को सस्ती और हरित ऊर्जा मिलेगी, बल्कि कार्बन उत्सर्जन में भी भारी कमी आएगी। इसके साथ ही, राज्य को स्वच्छ ऊर्जा का हब बनाने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए कंपनी ने नगरीय निकायों में सामूहिक रूप से लगने वाले प्रस्तावित प्लांट्स के लिए मुख्य सलाहकार की भूमिका भी संभाल ली है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विजन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उठाए जा रहे ये कदम मध्यप्रदेश को एक सुरक्षित, स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा भविष्य की ओर ले जा रहे हैं।

नवकरणीय ऊर्जा में आगे बढ़ता एमपी

मध्यप्रदेश में कृषि, औषधीय संपदा और उद्यमशीलता के लिए प्रसिद्ध नीमच अब विनिर्माण, ग्रीन एनर्जी, टेक्सटाइल और फूड प्रोसेसिंग उद्योगों का भी केंद्र बनने जा रहा है। आज 1 हज़ार 481 करोड़ रुपये की लागत से 30 औद्योगिक इकाइयों की सौगात नीमच क्षेत्र को मिल रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की विद्युत क्षमता में 30 प्रतिशत हिस्सा क्लीन एनर्जी का है। राज्य ने 12 हजार 18 मेगावाट से अधिक नवकरणीय ऊर्जा क्षमता स्थापित कर ली है। जलूद में 271 करोड़ 16 लाख रुपये की लागत से 60 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र का लोकार्पण किया गया। मक्सी में जैक्सन इंटीग्रेटेड सोलर लिमिटेड द्वारा 6 गीगावाट क्षमता की अत्याधुनिक सोलर विनिर्माण इकाई स्थापित की जा रही है, जो भारत की सबसे बड़ी ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स में से एक होगी। रीवा का अल्ट्रा मेगा सोलर पार्क और ओंकारेश्वर का फ्लोटिंग सोलर पावर प्रोजेक्ट देश में उदाहरण स्थापित कर रहे हैं।

निवेश के लिए विशेष स्थान बना मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पिछले ढाई वर्षों में 33 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले। करीब 10 लाख करोड़ के प्रस्ताव जमीन पर उतरे। पिछले ढाई वर्षों में वैश्विक कंपनियों का 9 हजार 200 करोड़ से अधिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश मध्यप्रदेश की धरती पर उतर रहा है, जिससे 4,200 से अधिक नौकरियां सृजित हो रही हैं। मध्यप्रदेश, देश का पहला राज्य, जहां लेबर केस मैनेजमेंट सिस्टम लागू है। उद्योगों के लिए पर्याप्त जमीन, पानी और बिजली उपलब्ध है। D-19123/26

हुरुन की रियल एस्टेट सूची में आईएचसीएल और प्रिज्म शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा समूह की इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आईएचसीएल) और आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी कर रही ओयो की मूल कंपनी प्रिज्म वर्ष 2026 की ग्रोहे-हुरुन इंडिया रियल एस्टेट-150 सूची में शीर्ष-10 में जगह बनाने वाली आतिथ्य (हॉस्पिटैलिटी) क्षेत्र की कंपनियां हैं। इस दौरान प्रिज्म का मूल्यांकन 107 प्रतिशत बढ़कर 67,200 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। रिपोर्ट के अनुसार, खुदरा क्षेत्र के साथ आतिथ्य ऐसा दूसरा क्षेत्र रहा, जिसने इस वर्ष मूल्यांकन के लिहाज से वृद्धि दर्ज की। रिपोर्ट में कहा गया कि रितेश अग्रवाल की अगुवाई वाली प्रिज्म (ओयो) इस वर्ष आतिथ्य क्षेत्र की सबसे बड़ी सफलता की कहानी बनकर उभरी। कंपनी का मूल्यांकन 34,700 करोड़ रुपये बढ़कर 67,200 करोड़ रुपये हो गया, जिससे वह छह पायदान ऊपर चढ़कर पांचवें स्थान पर पहुंच गई और पहली बार शीर्ष-10 में शामिल हुई।

दोनों ही कंपनियों ने सूची के शीर्ष दस में स्थान बनाया

प्रिज्म देश की दूसरी सबसे मूल्यवान कंपनी रही

रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष सूची में शामिल 151 कंपनियों में से केवल 31 के मूल्यांकन में वृद्धि हुई। मौजूदा कंपनियों में अदाणी प्रॉपर्टीज और प्रिज्म (ओयो) ने कुल मूल्य सृजन का लगभग दो-तिहाई हिस्सा जोड़ा। प्रिज्म 2026 में अदाणी प्रॉपर्टीज के बाद देश की दूसरी सबसे मूल्यवान गैर-सूचीबद्ध रियल एस्टेट कंपनी भी रही।

रियल एस्टेट का मूल्यांकन 16 फीसदी गिरा

हुरुन इंडिया के संस्थापक और मुख्य शोधकर्ता अनस रहमान जुनैद ने कहा कि इस वर्ष उपभोक्ता खर्च से जुड़े क्षेत्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि डेवलपर्स पर निर्भर क्षेत्रों में गिरावट रही। आवासीय रियल एस्टेट का मूल्यांकन लगभग 16 प्रतिशत और वाणिज्यिक रियल एस्टेट का 14 प्रतिशत घटा, जबकि खुदरा क्षेत्र में आठ प्रतिशत और आतिथ्य क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई।

आईटीसी होटल्स ने पहली बार सूची में जगह बनाई

टाटा समूह की इंडियन होटल्स कंपनी का मूल्यांकन 93,300 करोड़ रुपये रहा, जबकि हाल में अलग सूचीबद्ध हुई आईटीसी होटल्स ने 32,300 करोड़ रुपये के मूल्यांकन के साथ पहली बार इस सूची में जगह बनाई। रिपोर्ट कहती है कि प्रिज्म के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) 32 वर्षीय रितेश अग्रवाल सूची में सबसे युवा कारोबारी रहे, जबकि इंटरग्लोब होटल्स के 93 वर्षीय कपिल भाटिया सबसे वरिष्ठ उद्यमी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, एक दशक पहले तक आतिथ्य क्षेत्र का रियल एस्टेट सूची में सीमित योगदान था, लेकिन अब यह आवास क्षेत्र के बाद कंपनियों की संख्या के लिहाज से दूसरा सबसे बड़ा वर्ग बन गया है। इस वर्ष सूची में 24 आतिथ्य कंपनियां शामिल हैं।

खबर संक्षेप

अगले सप्ताह आएंगे चार सार्वजनिक निर्गम

नई दिल्ली। अगले सप्ताह प्राथमिक बाजार में गतिविधियां तेज रहने की उम्मीद है। इस दौरान चार सार्वजनिक निर्गम खुलने जा रहे हैं, जिनमें क्यूब हाइवेज ट्रस्ट का इनविट और इंडो एमआईएम, लोहिया कॉर्प तथा एक्स्ट्रानेट टेक्नोलॉजीज के आईपीओ शामिल हैं। क्यूब हाइवेज ट्रस्ट का 5,000 करोड़ रुपये का इनविट सार्वजनिक निर्गम 22 जुलाई को खुलेगा और 24 जुलाई को बंद होगा।

नियमों का पालन न करने पर मुथूट व अन्य पर जुर्माना

मुंबई। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने घोषणा की कि उसने नियामकीय नियमों का पालन न करने के लिए छह कंपनियों पर जुर्माना लगाया है। इनमें गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी मुथूट फाइनेंस भी शामिल है। आरबीआई की अधिसूचना के अनुसार, सेंट्रल बैंक ने मुथूट फाइनेंस पर 5.80 लाख रुपये, सत्य माइक्रोकैपिटल और पैन एमामी कॉस्मेड पर 3.10-3.10 लाख रुपये, धनी लोन्स एंड सर्विसेज और मुथूट व्हीकल एंड एसेट फाइनेंस पर 2.70-2.70 लाख रुपये और अवेल फाइनेंशियल सर्विसेज पर 6.20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

मेकमाईट्रिप का सेबी के पास आईपीओ दस्तावेज जमा

नई दिल्ली। अमेरिकी शेयर बाजार नैस्डैक में सूचीबद्ध यात्रा बुकिंग मंच ''मेकमाईट्रिप'' ने कहा कि उसने अपनी भारतीय अनुषंगी कंपनी के प्रस्तावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास गोपनीय तरीके से दस्तावेज जमा किए। कंपनी ने कहा कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी ने सेबी के पास अपना गोपनीय मार्ग से दस्तावेज जमा किए।

पूंजीकरण में सबसे अधिक लाभ टीसीएस को हुआ

नई दिल्ली। संसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1.54 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को सबसे ज्यादा लाभ हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स में 582.06 अंक या 0.75 प्रतिशत और एनएसई निफ्टी 127.4 अंक या 0.52 प्रतिशत के लाभ में रहा।

कच्चे तेल की ऊंची कीमतों का सराफा पर रहेगा असर

अमेरिका-ईरान तनाव से सोने-चांदी की कीमतों पर दबाव की आशंका : विश्लेषक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और वैश्विक वृहद आर्थिक आंकड़ों के बीच अगले सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों पर दबाव बना रह सकता है। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताया है।

निवेशक अमेरिकी साप्ताहिक बेरोजगारी दावों और प्रारंभिक पीएमआई जैसे महत्वपूर्ण आंकड़ों के साथ ही यूरोप और चीन के मौद्रिक नीति फैसलों तथा प्रमुख आर्थिक संकेतकों पर भी नजर रखेंगे। इनसे वैश्विक ब्याज दरों की दिशा को लेकर संकेत मिल सकते हैं। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका से जुड़े ठिकानों पर हमलों के बाद अमेरिकी सेना ने रविवार को ईरान के खिलाफ नए हवाई हमले किए, जिससे पहले से तनावपूर्ण पश्चिम एशिया की स्थिति और गंभीर हो गई है।

बाजार का ध्यान खाड़ी युद्ध पर

जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड में जिंस एवं मुद्रा शोध के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, /''माह के अंत में होने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक से पहले सोने में गिरावट का दौर जारी है। हालांकि, बाजार का ध्यान अमेरिका और ईरान के बीच घटनाक्रम पर बना रहेगा।/''

सोने में पिछले सप्ताह दो फीसदी गिरावट

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अगस्त की आपूर्ति वाले सोने का वायदा भाव पिछले सप्ताह 2,572 रुपये यानी करीब दो प्रतिशत की गिरावट के साथ 1.40 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। वहीं, सितंबर अनुबंध वाली चांदी 6,261 रुपये यानी 2.8 प्रतिशत टूटकर 2.16 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

चीन की मौद्रिक नीति फैसलों पर निवेशकों ही होगी नजर
फेड की बैठक से पहले सोने में गिरावट का दौर जारी रहेगा

कारोबारी मुनाफावसूली को प्राथमिकता दे रहें

एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष (शोध विश्लेषक-जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा कि मजबूत अमेरिकी डॉलर, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और लंबे समय तक ब्याज दरें ऊंची बने रहने की संभावना के कारण सोने में गिरावट का दौर जारी रहा। उन्होंने कहा कि सोने में हर तेजी पर नई बिकवाली देखने को मिली, जिससे संकेत मिलता है कि कारोबारी नई खरीदारी करने के बजाय मुनाफावसूली को प्राथमिकता दे रहे हैं।

रुपए में मामूली सुधार से सोने को बल

त्रिवेदी ने कहा कि रुपये में मामूली सुधार से भी सोने को ज्यादा बल नहीं मिला, क्योंकि मजबूत डॉलर का दबदबा बना रहा। वैश्विक बाजार में पिछले सप्ताह कॉमेक्स सोना वायदा 95 डॉलर यानी 2.3 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,018.8 डॉलर प्रति औंस रह गया।

अमेरिका-चीन के तनाव से सोने की मांग बढ़ेगी

मिराए एसेट शेयरखान के जिंस प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा कि फेडरल रिजर्व के चेयरमैन केविन वार्श की सख्त मौद्रिक नीति संबंधी टिप्पणियों ने अमेरिका में नरम मुद्रास्फीति के आंकड़ों के प्रभाव को कम कर दिया है। इससे कड़ी मौद्रिक नीति जारी रहने की संभावना मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और चीन के बीच किसी नए तनाव से सोने की मांग फिर बढ़ सकती है।

अमेरिकी बांड पर प्रतिफल बढ़ने से मांग प्रभावित

वहीं, न्यूयॉर्क में चांदी करीब चार डॉलर यानी 6.4 प्रतिशत टूटकर 56.32 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई। मेर ने कहा कि शुक्रवार को सोने और चांदी में सुधार जरूर आया, लेकिन पूरे सप्ताह दोनों की कीमतें गिरावट के साथ बंद हुईं। कच्चे तेल की कीमतों में आपूर्ति बाधित होने की आशंका से 14 प्रतिशत से अधिक की तेजी और अमेरिकी बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने से सोने की मांग प्रभावित हुई।

कर्मचारियों को मिलेगा बढ़ोतरी का लाभ

एक्सेंचर ने वेतन वृद्धि के तरीके में किया संशोधन

नई दिल्ली। वैश्विक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा कंपनी एक्सेंचर ने मौजूदा आर्थिक परिस्थितियों के बीच अधिक कर्मचारियों को वेतन वृद्धि का लाभ देने के लिए अपने वेतन संशोधन के तरीके में बदलाव किया है।

कंपनी अब वेतन वृद्धि का 50 प्रतिशत हिस्सा मूल वेतन (बेस पे) में जोड़ेगी, जबकि शेष 50 प्रतिशत एकमुश्त भुगतान के रूप में देगी। कंपनी के एक आंतरिक दस्तावेज के अनुसार, इस वर्ष जून के मुख्य वेतन संशोधन चक्र में यह नई व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत टैलेंट और ग्रुप लीड पात्र कर्मियों के लिए कुल वेतन वृद्धि का प्रतिशत तय करेंगे, जिसे बाद में इसे दो बराबर-बराबर हिस्सों में बांटा जाएगा।

कंपनी वेतन वृद्धि का 50 प्रतिशत हिस्सा मूल वेतन में जोड़ेगी

उदाहरण के तौर पर, यदि किसी कर्मचारी के लिए तीन प्रतिशत वेतन वृद्धि स्वीकृत होती है, तो 1.5 प्रतिशत उसके मूल वेतन में जोड़ा जाएगा और शेष 1.5 प्रतिशत एकमुश्त भुगतान के रूप में दिया जाएगा। कंपनी का कहना है कि इस व्यवस्था से कर्मचारियों को तत्काल नकद राशि का लाभ मिलेगा, जिसे कई कर्मचारी महत्व देते हैं। साथ ही, मूल वेतन पर दीर्घकालिक भार सीमित रहने से कंपनी अधिक कर्मचारियों को वेतन वृद्धि का लाभ दे सकेगी।

एकमुश्त भुगतान पर कटौतियां लागू होंगी

इसके अलावा, मूल वेतन में वृद्धि और एकमुश्त भुगतान- दोनों को कर्मचारी की वित्त वर्ष 2025-26 की पात्र आय का हिस्सा माना जाएगा और इन्हीं के आधार पर बोनस की गणना की जाएगी। स्वैच्छिक इक्विटी निवेश कार्यक्रम (वीईआईपी) या कर्मचारी शेयर खरीद योजना (ईएसपीपी) में शामिल कर्मचारियों के लिए एकमुश्त भुगतान पर भी सामान्य नियमानुसार कटौतियां लागू होंगी।

ब्रिटानिया प्रतिस्पर्धा का मुकाबला करने रणनीति मजबूत कर रहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बिस्कुट बनाने वाली कंपनी ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज क्षेत्रीय ब्रांड की बढ़ती प्रतिस्पर्धा का मुकाबला करने के लिए अपनी स्थानीय रणनीति को मजबूत कर रही है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रक्षित हर्गेव ने कहा है कि कंपनी क्षेत्रीय बाजारों की जरूरतों के अनुरूप उत्पादों में बदलाव कर रही है और स्थानीय टीमों को अधिक अधिकार दे रही है।

कंपनी को मजबूत ब्रांड का लाभ मिलता है

सीईओ ने कहा कि कंपनी को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत ब्रांड पहचान का लाभ जरूर मिलता है, लेकिन उपभोक्ता स्तर पर सफलता के लिए कीमत, स्वाद और पैकेजिंग जैसे पहलुओं पर स्थानीय प्रतिस्पर्धियों के बराबर खड़ा होना जरूरी है। हालांकि, उन्होंने मूल्य रणनीति पर कुछ नहीं कहा। पैकेटबंद खाद्य पदार्थ क्षेत्र में क्षेत्रीय कंपनियों के विस्तार से बड़ी कंपनियों के सामने चुनौती बढ़ी है। ये कंपनियां स्थानीय स्वाद के अनुसार उत्पाद, आकर्षक कीमतें और बेहतर वितरण नेटवर्क के माध्यम से बाजार में अपनी पकड़ मजबूत कर रही हैं।

टाटा टेक्नोलॉजीज के लाभ में 6.2 फीसदी का इजाफाः ***नई दिल्ली।*** *वैश्विक उत्पाद इंजीनियरिंग और डिजिटल सेवाएं देने वाली कंपनी टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 6.2 प्रतिशत बढ़कर 180.75 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में 170.28 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।*

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
सीला मलहम ®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखे
94060-21769

सिएट को चालू वित्त वर्ष में दोहरे अंक 10 फीसदी वृद्धि की उम्मीद

नई दिल्ली। वाहन टायर विनिर्माता कंपनी सिएट लिमिटेड को वित्त वर्ष 2026-27 में मजबूत दोहरे अंक यानी 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की उम्मीद है। कंपनी का मानना है कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती के बाद बढ़ी घरेलू मांग, ग्रामीण बाजारों में तेजी और अंतरराष्ट्रीय कारोबार की मजबूत ऑर्डर बुक उसकी वृद्धि को गति देंगे। हालांकि, पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण कुछ बाजारों में अस्थिरता बनी हुई है। सिएट के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अर्नब बनर्जी ने कहा कि कंपनी क्षमता विस्तार पर 1,205 करोड़ रुपये का निवेश करने की घोषणा कर चुकी है।

कंपनी को वृद्धि को आगे बढ़ाने के लिए और क्षमता उपलब्ध होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि कंपनी को पूरे वित्त वर्ष 2026-27 में मजबूत दोहरे अंक की वृद्धि की उम्मीद है। सिएट का एकीकृत राजस्व चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सालाना आधार पर 22 प्रतिशत बढ़कर 4,318 करोड़ रुपये रहा है।

डेलॉयट इंडिया ने जताया अनुमान

भारतीय अर्थव्यवस्था 6.5 से 6.8 फीसदी की दर से बढ़ेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चालू वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.5 से 6.8 प्रतिशत रहेगी। डेलॉयट इंडिया ने यह अनुमान लगाया है। डेलॉयट ने अपनी ताजा आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में कहा है कि वित्त वर्ष की पहली छमाही में वृद्धि की रफ्तार कुछ धीमी रह सकती है, लेकिन दूसरी छमाही में त्योहारी मांग, मौद्रिक नीतियों में नरमी और वैश्विक हालात में सुधार से अर्थव्यवस्था को गति मिलने की उम्मीद है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने वर्ष 2026 की शुरुआत मजबूत आर्थिक बुनियाद के साथ की थी, लेकिन पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक घटनाक्रमों ने आर्थिक माहौल को प्रभावित किया है।

आर्थिक वृद्धि के लिए महंगाई प्रमुख जोखिम

डेलॉयट ने महंगाई को आर्थिक वृद्धि के लिए एक प्रमुख जोखिम बताया है। कच्चे तेल, उर्वरक, आवश्यक खनिज और खाद्य तेलों की बढ़ती कीमतों के साथ कमजोर रुपये का असर घरेलू कीमतों पर पड़ सकता है। जून में भारत की उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति की दर बढ़कर 4.38 प्रतिशत हो गई, जो पिछले 18 माह का उच्च स्तर है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं स्पेशलिस्ट : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी, खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221, 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

अर्जेंटीना को हराकर स्पेन ने 16 साल बाद जीता वर्ल्ड कप

रंगारंग समारोह के बीच विश्वकप का हुआ समापन, बीबर और शकीरा ने बांधा समा

एजेंसी ⏭ ईस्ट रदरफोर्ड

न्यूजर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में फीफा विश्व कप का खिताबी मुकाबला अर्जेंटीना और स्पेन के बीच खेला गया। अर्जेंटीना ने आक्रामक खेल दिखाया। वही स्पेन ने रक्षात्मक खेल का प्रदर्शन किया और मेस्सी की टीम के आक्रामण को धराशायी किया। मैच के पहले हाफ में दोनों टीमों के खिलाड़ी अपना दबदबा कायम करने की कोशिश में लगे रहे और पहला हाफ गोलरहित रहा। हाफ टाइम शो में सबसे पहले कनाडाई सिंगर जस्टिन बीबर ने परफॉर्म किया। उनके बाद कोलंबियाई पॉप स्टार शकीरा ने समा बांधा। 90 मिनट तक दोनों टीम गोल नहीं कर पाईं। इंजरी टाइम में चार मिनट का टाइम दिया गया। 30 मिनट के एक्स्ट्रा टाइम में स्पेन ने एक गोल दागा और अर्जेंटीना को हराकर स्पेन ने 16 साल बाद फुटबॉल वर्ल्ड कप जीता।

यमाल के नाम हुआ बड़ा रिकॉर्ड

यमाल अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल के इतिहास में टीनेजर (19 साल या उससे कम उम्र) के तौर पर यूरो कप फाइनल और फीफा वर्ल्ड कप फाइनल दोनों बड़े टूर्नामेंट्स के फाइनल खेलने वाले दुनिया के पहले और इकलौते फुटबॉलर बन गए हैं।

अर्जेंटीना के मार्टिनेज को यलो कार्ड

अर्जेंटीना के सेंटर-बैक लिसांड्रो मार्टिनेज को रेफरी ने यलो कार्ड दिखाया। मार्टिनेज ने स्पेन के स्ट्राइकर मिकेल ओयारजाबल को उस समय पीछे से पकड़कर गिरा दिया, जब वह तेजी से गोल की ओर बढ़ रहे थे। इस फाउल के बाद रेफरी ने बिना देर किए उन्हें चेतावनी के तौर पर पीला कार्ड दिखाया।

राष्ट्रपति ट्रंप पहुंचे न्यू जर्सी स्टेडियम

खिताबी मुकाबले देखने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप न्यू जर्सी स्टेडियम पहुंचे। इस दौरान उनकी पत्नी मेलानिया और फीफा प्रमुख जियानी इन्फेंटिनो भी स्टेडियम में मौजूद हैं। स्टेडियम पहुंचने के बाद ट्रंप ने स्पेन की महारानी लेटिजिया से मुलाकात की।

महासंग्राम को देखने स्टेडियम में दर्शकों का हुजूम उमड़ पड़ा और पूरा माहौल फुटबॉल के रंग में रंगा। दोनों ही देशों के फैंस अपनी-अपनी टीम का हौसला बढ़ाने के लिए भारी तादाद में पहुंचे। स्टेडियम पोस्टर और झंडों से पूरा स्टेडियम रंग-बिरंगा नजर आया।

समापन समारोह में मेलोन ने दिया धमाकेदार लाइव परफॉर्मेंस

समापन समारोह में अमेरिकी सुपरस्टार पोस्ट मेलोन ने धमाकेदार लाइव परफॉर्मेंस दिया। भव्य कार्यक्रम में हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज ने विशेष उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं इटली की मशहूर गायिका एल. पाउसिनी, अमेरिकी सिंगर निकोल शेर्जिंगर, ब्रिटिश पॉप स्टार रॉबी विलियम्स और लोकप्रिय यूट्यूबर एवं कंटेंट क्रिएटर आईशोस्पीड ने भी शानदार प्रस्तुतियां देकर समापन समारोह को यादगार बना दिया।

जेनिफर ने गाया अमेरिकी राष्ट्रगान

फाइनल मुकाबले से पहले गायिका जेनिफर हडसन ने अमेरिका का राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। उनकी दमदार प्रस्तुति के बाद पूरे स्टेडियम में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इसके बाद 'अमेरिका द ब्यूटीफुल' की विशेष प्रस्तुति क्रिस्टोफर मैकियो ने दी, जो अमेरिका के 250वें स्थापना वर्ष के जश्न का भी हिस्सा रही।

गोलों की सुनामी में इंग्लैंड विजेता, एमबाप्पे का वर्ल्ड रिकॉर्ड

बुकायो साका के तीन गोल की बदौलत इंग्लैंड ने तीसरे स्थान के रोमांचक प्ले ऑफ मुकाबले में 6-4 से जीत दर्ज की जबकि किलियन एमबाप्पे ने दूसरे हाफ में दो गोल करके फुटबॉल विश्व कप में लियोनल मेस्सी के सर्वाधिक गोल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया और 'गोल्डन बूट' की दौड़ में सबसे आगे निकल गए। यह 1982 में हंगरी की अल सल्वाडोर पर 10-1 की जीत के बाद विश्व कप में सबसे अधिक गोल वाला मैच था। तीसरे स्थान के मैच में 10 गोल अब तक के सबसे अधिक गोल हैं। साका ने 37वें मिनट और पहले हाफ के इंजरी टाइम में गोल करने के बाद 87वें मिनट में पेनल्टी से अपना तीसरा गोल करके इंग्लैंड के लिए अपने करियर की दूसरी हैट्रिक पूरी की।

इंग्लैंड ने किया दूसरा सबसे अच्छा नतीजा हासिल : इंग्लैंड के लिए डेकलान राइस और एजरी कोंसा ने भी पहले हाफ में गोल किए, जिससे मध्यांतर तक इंग्लैंड की टीम 4-0 से आगे हो गई। रोमांचक दूसरे हाफ में भी इंग्लैंड ने अपनी बढ़त बनाए रखी और विश्व कप में अपना दूसरा सबसे अच्छा नतीजा हासिल किया। इंग्लैंड ने अपना एकमात्र खिताब 1966 में जीता था। इंग्लैंड के लिए छठा गोल जूड बेलिंघम ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के आठवें मिनट में किया, जो टूर्नामेंट में उनका सातवां गोल था।

एमबाप्पे के 22 गोल

किलियन एमबाप्पे ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे स्थान के मैच में फ्रांस के लिए दो गोल करके फुटबॉल विश्व कप में अपने कुल गोल की संख्या 22 तक पहुंचाई और लियोनल मेस्सी के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। फ्रांस के स्टार एमबाप्पे ने मौजूदा विश्व कप में 10 गोल किए हैं और 'गोल्डन बूट' की दौड़ में मेस्सी से दो गोल आगे चल रहे हैं। यह पुरस्कार टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने वाले को दिया जाता है।

कतर में जीता था गोल्डन बूट एमबाप्पे ने कहा, 'मैं इतिहास का शीर्ष स्कोरर नहीं बनकर फाइनल खेलना अधिक पसंद करता।'

आखिरकार हम जीत नहीं पाए : एमबाप्पे

एमबाप्पे ने कहा, 'आखिरकार हम जीत नहीं पाए और यह कोच के लिए दुख की बात है। पहले हाफ से ऐसा लगता है कि हमने उन्हें निराश किया। हम बिल्कुल नहीं चाहते थे कि उन्हें ऐसा महसूस हो। यह मैच डिडियर डेसचैम्प्स की विरासत पर कोई दाग नहीं लगाएगा।' फ्रांस ने डेसचैम्प्स की कोचिंग में 2018 में विश्व कप जीता था लेकिन 2022 में फाइनल में अर्जेंटीना से पेनल्टी शूटआउट में हारा गया था। इस साल फ्रांस को सेमीफाइनल में स्पेन ने हराया। डेसचैम्प्स के 14 साल के कार्यकाल का यह एक निराशाजनक अंत था जबकि उनकी स्टार खिलाड़ियों से भरी टीम एक और विश्व कप जीतने की प्रबल दावेदार मानी जा रही थी।

इंग्लैंड ने जीती सीरीज, रोहित की पारी पर फिरा पानी

लंदन। रोहित शर्मा ने 138 रन की आक्रामक पारी खेल कर आलोचकों को करारा जवाब दिया लेकिन उनकी शानदार बल्लेबाजी के बावजूद लॉड्र्स में रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए तीसरे और निर्णायक वनडे में भारत को 27 रन से हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड ने इसके साथ ही तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली। इंग्लैंड ने बेन डकेट के करियर के सर्वश्रेष्ठ 142 रन और जैकब बेथेल के 91 रन की मदद से पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट पर 387 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने रोहित शर्मा के 138 रन, शुभमन गिल के 77 और विराट कोहली के 74 रन की बदौलत 7 विकेट पर 360 रन बनाए। इंग्लैंड की जीत में पूर्व कप्तान जोस बटलर की आखिरी ओवरों में खेली गई 13 गेंदों में 41 रन की तूफानी पारी निर्णायक साबित हुई। उनकी इस पारी के दम पर इंग्लैंड ने अंतिम 5 ओवरों में 82 रन जुटाए। रोहित के लिए यह मुकाबला बेहद अहम था।

लॉड्र्स में शतक लगाने वाले पहले भारतीय बने रोहित

रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में लॉड्र्स में इतिहास रच दिया। वो इस मैदान पर वनडे इतिहास में शतक लगाने वाले पहले भारतीय बैटर बने। ये रोहित के वनडे क्रिकेट करियर का 34वां शतक भी रहा साथ ही इंग्लैंड के खिलाफ चौथा शतक भी रहा। यही नहीं इंग्लैंड की धरती पर वनडे में ये रोहित का 8वां शतक रहा। रोहित ने सचिन तेंदुलकर, सईद अनवर, एबी डिविलियर्स और क्विंटन डीकॉक का रिकॉर्ड तोड़ा। रोहित अब किसी विदेशी देश में सबसे ज्यादा वनडे शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर आ गए। इससे पहले सचिन, अनवर, एबी और डीकॉक ने 7-7 शतक विदेशी धरती पर लगाए थे।

लॉर्डस में पहली बार दोनों पारियों में शतकीय साझेदारी

इंग्लैंड के खिलाफ रविवार को लॉड्र्स के मैदान पर रोहित शर्मा और कप्तान शुभमन गिल की सलामी जोड़ी के बीच 146 गेंदों में 147 रन की साझेदारी हुई। इससे पहले, इंग्लैंड की पारी में बेन डकेट/जैकब बेथेल और बेन डकेट/जो रूट की जोड़ी के बीच शतकीय साझेदारी हुई थी। ऐसा पहली बार है, जब लॉड्र्स के मैदान पर दोनों पारियों में शतकीय साझेदारी देखने को मिली। इंग्लैंड की पारी में बेन डकेट/जैकब बेथेल की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 181 गेंदों में 192 रन जुटाए थे।

स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड	रन	गेंद	4	6
डकेट का एवं बो प्रिंस	141	135	18	1
बेथल का रोहित बो प्रसिद्ध	91	93	11	2
रूट नाबाद	74	48	9	0
ब्रुक का कोहली बो प्रसिद्ध	14	12	0	0
बटलर नाबाद	41	13	4	3

अतिरिक्त: 26
कुल योग: 50 ओवर में 387/3 रन
विकेट पतन: 1-192, 2-293, 3-324
गेंदबाजी: अर्शदीप 10-0-72-0, प्रसिद्ध 10-0-69-2, प्रिंस 10-0-79-1, बराड़ 10-0-97-0, अक्षर 10-0-61-0

भारत	रन	गेंद	4	6
रोहित शर्मा बो बेथल	138	110	17	5
गिल पगबाधा रशीद	77	84	10	1
कोहली का ब्रूक बो कुरन	74	60	4	3
इशान का स्थानापन्न बो कुरन	14	12	1	0
अय्यर का स्थानापन्न बो कुरन	00	3	0	0
लोकेश राहुल बो आर्चर	12	8	2	0
अक्षर का जैक्स बो कुरन	02	3	0	0
गुरनूर बराड़ नाबाद	18	14	1	1
अर्शदीप सिंह नाबाद	15	6	3	0

अतिरिक्त: 10
गेंदबाजी: आर्चर 10-0-62-1, एटकिंसन 6-0-24-0, टंग 5-1-43-0, कुरन 10-0-75-4, रशीद 8-0-64-1, जैक्स 4-0-38-0, बेथल 7-0-49-1

संग्राम बने 'स्ट्राइक एशिया' चैंपियन, आबिद अली को 80 सेकंड में हराया

कुआलालंपुर। भारत के दिग्गज पहलवान और मिश्रित मार्शल आर्ट्स (एमएमए) खिलाड़ी संग्राम सिंह ने पाकिस्तान के मोहम्मद आबिद अली को महज एक मिनट 20 सेकंड में नॉकआउट करते हुए 'स्ट्राइक एशिया' चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया। भारत-पाकिस्तान के खिलाड़ियों के बहुचर्चित मुकाबले में संग्राम शुरुआत से ही पूरी तरह आक्रामक नजर आए। उन्होंने पहले ही दौर में सटीक और दमदार प्रहारों से आबिद अली को संभलने का कोई मौका नहीं दिया। उन्होंने केवल 80 सेकंड में मुकाबला समाप्त कर खिताब जीतने के साथ एमएमए में अपने अपराजित पेशेवर रिकॉर्ड को भी बरकरार रखा। संग्राम ने कहा, 'यह जीत मेरे देश भारत के 147 करोड़ देशवासियों को समर्पित है।

मेजर लीग क्रिकेट 2026

लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स ने जीता एमएलसी का खिताब

ओकलैंड। मेजर लीग क्रिकेट 2026 के फाइनल में शाहरुख खान की मालिकाना हक वाली लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स ने इतिहास रच दिया। पहली बार फाइनल खेलने उतरी एलएकेआर ने रोमांचक मुकाबले में स्टीव स्मिथ की कप्तानी वाली वाशिंगटन फ्रीडम को सिर्फ एक रन से हराकर खिताब अपने नाम किया.

नाइट राइडर्स की टीम इस लीग में पहली बार फाइनल खेलने उतरी और उसने रोमांचक मैच में स्टीव स्मिथ की कप्तानी वाली वाशिंगटन फ्रीडम को एक रन से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। साल 2023 से शुरू होने वाली इस लीग के चौथे सीजन में अब नाइट राइडर्स पहली बार चैंपियन बनी, तो वाशिंगटन फ्रीडम को लगातार दूसरे सीजन फाइनल में हार मिली।

नाइट राइडर्स ने 164 रन बनाए

ओकलैंड के मैदान पर नाइट राइडर्स की टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी। उसके लिए सलामी बल्लेबाज कॉलिन मुनरो ने 29 गेंदों में चार छक्कों से 40 रन, तो आंद्रे फ्लेचर ने 27 गेंदों में सात चौकों व एक छक्के से 47 रन की तेजतर्रार पारियां खेलीं। जबकि इसके बाद 21 गेंदों में तीन चौकों और तीन छक्कों से 39 रन मैथ्यू ट्रंप ही बना सके।

2 साल बाद जीता कोई टाइटल, यामागुची को 21-17, 21-17 से हराया

जापान ओपन जीतने वाली पहली भारतीय बनीं सिंधू

एजेंसी ⏭ टोकियो

पीवी सिंधू ने जापान ओपन में शानदार आक्रामक बैडमिंटन खेलते हुए स्थानीय प्रबल दावेदार अकाने यामागुची को सीधे गेम में हराकर पहली बार सुपर 750 टूर्नामेंट का खिताब जीता। जापान ओपन जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी 31 साल की सिंधू ने लगातार आक्रमण के साथ-साथ रणनीतिक अनुशासन और अहम पलों में संयम बनाए रखते हुए तीन बार की विश्व चैंपियन यामागुची को 21-17, 21-17 से हराया और लगभग दो साल में अपना पहला खिताब जीता।

यह जीत मेरे लिए बहुत अहम : सिंधू

सिंधू ने कहा, 'मैं बहुत खुश हूं, मेरे पास शब्द नहीं हैं क्योंकि पिछली जीत के बाद से 19 महीने बीत चुके थे।' उन्होंने कहा, ' मुझे लगता है कि यह जीत मेरे लिए बहुत अहम थी क्योंकि फाइनल में खेलना या वहां तक पहुंचना एक बात है लेकिन जीतना और पोडियम पर खड़े होकर स्वर्ण पदक पाना बिल्कुल अलग बात है।' सिंधू ने कहा, 'मैं खुश हूं कि मैं सकारात्मक स्थिति में हूं और मुझे लगता है कि इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है। मैं अपने कोच, माता-पिता, सहयोगी स्टाफ और निश्चित रूप से अपने पति की बहुत आभारी हूं।' सिंधू ने अपना पिछला खिताब 2024 में सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय में जीता था। जापान ओपन की यह जीत 2019 में विश्व चैंपियनशिप का खिताब जीतने के बाद उनकी सबसे बड़ी खिताबी जीत है।

भारतीय खिलाड़ी ने शुरुआत से बनाया दबदबा

भारतीय खिलाड़ी ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा। उन्होंने खेल को शानदार ढंग से नियंत्रित किया और सिर्फ ताकत की जगह रणनीतिक खेल दिखाया। जब भी यामागुची ने वापसी की कोशिश की तो सिंधू ने इसका कड़ा जवाब दिया। मुकाबले में जबरदस्त स्मैश के साथ-साथ सिंधू का नेट पर सटीक खेल भी निर्णायक साबित हुआ।

पीवी ने दूसरे गेम में बनाए रखी लय

सिंधू ने दूसरे गेम में भी अपनी लय बनाए रखी। 44 शॉट की एक और थका देने वाली रैली तब खत्म हुई जब यामागुची का शॉट बाहर चला गया। सिंधू ने लगातार छह अंक के साथ 8-3 की बढ़त बनाई। यामागुची ने वापसी करते हुए स्कोर 7-8 कर दिया लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने ब्रेक तक 11-7 की बढ़त बना ली। सिंधू ने अपनी बढ़त को 14-7 किया लेकिन जापान की खिलाड़ी ने एक बेहतरीन नेट शॉट, डीप फ्लैट पुश और भारतीय खिलाड़ी की कुछ गलतियों की मदद से अंतर को 12-14 कर दिया। नेट पर एक गलती ने यामागुची की लय तोड़ी। दो जोरदार स्मैश से सिंधू ने स्कोर 17-14 किया और फिर 19-17 तक पहुंचाया।

सिंधू ने 36 शॉट की जबरदस्त रैली जीती

ब्रेक के बाद सिंधू ने 36 शॉट की जबरदस्त रैली जीतकर स्कोर 11-11 से बराबर कर दिया। एक जोरदार क्रॉस कोर्ट स्मैश से वह 13-12 से आगे हो गईं और फिर स्कोर 16-12 किया। जब स्कोर 17-15 था तब दोनों खिलाड़ियों के बीच 38 शॉट की शानदार रैली हुई, जिसमें यामागुची ने बेहतरीन डिफेंस का प्रदर्शन किया। इसके बाद सिंधू ने जापानी खिलाड़ी को बराबरी करने का मौका दे दिया। सिंधू ने क्रॉस कोर्ट स्मैश और यामागुची की गलती से स्कोर 19-17 किया। फिर यामागुची का शॉट नेट में उलझ गया, जिससे सिंधू को तीन गेम प्वाइंट मिले और फिर भारतीय खिलाड़ी ने कोने में सटीक शॉट खेलकर गेम जीत लिया।

बांग्लादेश ने जीती टी20 सीरीज, तीसरे मैच में जिम्बाब्वे को 4 विकेट से हराया

बुलावायो। बांग्लादेश ने जिम्बाब्वे के खिलाफ खेली गई 3 टी20 मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली है। रविवार को खेले गए तीसरे टी20 में जिम्बाब्वे को 4 विकेट से हराकर बांग्लादेश ने टी20 सीरीज अपने नाम की। इस जीत से बांग्लादेश ने इस दौरे पर टेस्ट और वनडे सीरीज में मिली हार का बदला भी चुकता कर लिया। दोनों टीमों के बीच टी20 सीरीज का तीसरा और निर्णायक मुकाबला बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में खेला गया। जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 143 रन बनाए थे। जिम्बाब्वे की तरफ से सिर्फ 2 बल्लेबाज ही रन बना सके। अन्य बल्लेबाज 2 अंकों में प्रवेश नहीं कर सके। 144 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश को पहला झटका महज 4 के स्कोर पर लगा, जब सैफ हसन 4 रन के निजी स्कोर पर आउट हो गए। इसके बाद तंजीद हसन के नाबाद 66, परवेज हुसैन इमोन के 24, और कप्तान तौहिद हृदय के 24 रन की बदौलत बांग्लादेश ने 19.4 ओवर में 6 विकेट पर 144 रन बनाकर मैच 4 विकेट से जीत लिया। तंजीद ने परवेज हुसैन के साथ दूसरे विकेट के लिए 55 और कप्तान तौहिद हृदय के साथ तीसरे विकेट के लिए 63 रन की अहम और मैच विजयी साझेदारी की।

वो भुतिया महल, जिसका 38 सालों तक चला निर्माण, खर्च हुए करोड़ों रुपए

एजेंसी ⏭ न्यूयार्क

अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य के सैन जोस शहर में एक बेहद खूबसूरत विक्टोरियन शैली का महल स्थित है। बाहर से देखने पर सुंदर बगीचों से घिरा यह विशाल घर किसी आम आलीशान हवेली जैसा ही नजर आता है। लेकिन, जैसे ही आप इसके मुख्य दरवाजे से अंदर कदम रखते हैं, आपको एक अलग ही रहस्यमयी दुनिया का अहसास होता है। विंचेस्टर मिस्ट्री हाउस के नाम से मशहूर यह सात मंजिला महल अपनी अनोखी और अजीब बनावट के लिए पूरी दुनिया में चर्चित है। यह घर असल में बंदूक निर्माण के बड़े कारोबारी विलियम विर्ट विंचेस्टर की विधवा सारा विंचेस्टर का था। 160 से भी ज्यादा कमरों वाले इस महल में ऐसी-ऐसी वास्तुकला की चीजें मौजूद हैं जो किसी का भी दिमाग घुमा दे।

जानिए क्यों एक अकेली औरत ने बनाया यह

अपने जमाने के हिसाब से बेहद आधुनिक था

यदि कोई योजना सही काम नहीं करती थी, तो वे उसे तुरंत तोड़कर फिर से बनवाने लगती थीं। माना जाता है कि बिना सिर-पैर की सीढ़ियां और उलझी हुई गलियारे सारा ने इसलिए बनवाए, ताकि भटकती हुई आत्माएं और भूत इस भुलभुलैया में उलझकर भटक जाएं। यह घर अपने जमाने के हिसाब से बेहद आधुनिक था। इसमें इनडोर टॉयलेट, गर्म पानी के शॉवर, गैस लाइट, लिफ्ट और सोने-चांदी के झूमर जैसी तमाम आधुनिक सुविधाएं मौजूद थीं।

शुरुआत साल 1881 में हुई

आपको जानकर हैरानी होगी, लेकिन बता दें कि इस घर की सीढ़ियां सीधे छत से टकराकर खत्म हो जाती हैं, तो कई दरवाजे सीधे ऊंचाइयों पर खुलते हैं, जहां से नीचे गिरने पर किसी की भी मौत हो सकती है। ऐसा लगता है मानो यह घर नहीं, कोई अजूबो हो। इसका निर्माण इसकी मालकिन सारा विंचेस्टर के खौफ और जिद के कारण हुआ था, जिन्होंने लगातार 38 सालों तक बिना रुके दिन-रात इस घर को बनवाया। शुरुआत साल 1881 में हुई, जब मशहूर विंचेस्टर राइफल कंपनी के मालिक विलियम विर्ट विंचेस्टर की अचानक बीमारी से मौत हो गई। उनके निधन के बाद उनकी विधवा पत्नी सारा विंचेस्टर के पास उस दौरान 192 करोड़ रुपए से ज्यादा की अकूत संपत्ति और कंपनी की 50 प्रतिशत हिस्सेदारी आ गई, जिससे उन्हें रोजाना तब लगभग 1 लाख रुपए की भारी-भरकम कमाई होती थी।

तांत्रिक ने दी भूतों के लिए घर बनाने की सलाह

हालांकि, महिला को मिली यह अपार दौलत उनके दुखों को कम नहीं कर सकी। पति से 15 साल पहले वे अपनी नवजात बेटी को भी खो चुकी थीं। अपनों को खोने के गम में डूबी सारा सलाह लेने के लिए एक तांत्रिक के पास गईं। तांत्रिक ने उन्हें बताया कि उनके पति की कंपनी की बंदूकों से जितने भी लोग मारे गए हैं, उनकी आत्माएं विंचेस्टर परिवार को भटककर परेशान कर रही हैं और उनकी बेटी तथा पति की बेवक्त मौत भी उसी शाप का नतीजा है। तांत्रिक ने उन्हें पश्चिम दिशा की ओर जाकर भूतों के लिए एक घर बनाने और उसका निर्माण कभी न रोकने की सलाह दी। तांत्रिक की बात मानकर सारा कनेक्टिकट छोड़कर सैन जोस आ गईं और एक मामूली सी संपत्ति खरीदकर घर बनाना शुरू कर दिया। इस विशाल घर को बनाने के लिए सारा ने किसी भी पेशेवर आर्किटेक्टकी मदद नहीं ली और न ही उनके पास कोई नक्शा था। सारा रोज सुबह अपने फोरमैन से मिलती थीं और उसे हाथ से बने अपने चित्र दिखाती थीं।

रोचक खबरें

अमेरिका गॉट टैलेंट में गोल्डन बजर जीतने वाली २ साल की ट्विंकी ने बनाया वर्ल्ड

वॉशिंगटन। मशहूर रियलिटी शो अमेरिका गॉट टैलेंट में होस्ट टेरी क्रूज से 'गोल्डन बजर' हासिल करने वाली 2 साल की पोमेरियन डॉगी 'ट्विंकी' ने एक बार फिर दुनिया को हैरान कर दिया है। एक्रो कैनाइन क्रू डांस ग्रुप की इस स्टार ने कनाडा में अपने घर के बैकयार्ड में ही गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बना डाला है। 46 वर्षीय कैनेडियन प्रोफेशनल डॉग ट्रेनर जेनिफर फ्रेजर ने अपनी बांहों का घेरा बनाया और ट्विंकी ने उसके बीच से 10 बार छलांग लगाई। इस आर्म जंप चैलेंज को पूरा करने में ट्विंकी को सिर्फ 7.48 सेकंड लगे, जो दुनिया में सबसे तेज है। देखने में ट्विंकी भले ही छोटी हो, लेकिन जेनिफर उसे छोटे शरीर में कैद फुर्तीला बॉर्डर कोली मानती हैं। गजब के आत्मविश्वास से भरी ट्विंकी आर्म जंप के अलावा कैच, लेग फ्लिप, फुट जंप, बैक जंप और जंपिंग कैच जैसी कई एडवांस ट्रिक्स चुटकियों में कर लेती है। स्वभाव से बेहद मिलनसार इस डॉगी को लोगों से गले मिलना और हुनर दिखाना बहुत पसंद है।

सालों से छिपी थी बंदरों की ये अनोखी प्रजाति, बत्तख जैसी है शक्ल

किंशासा। धरती पर आज भी ऐसे कई जीव मौजूद हैं, जिनके बारे में वैज्ञानिकों को पूरी जानकारी नहीं है। घने जंगलों और दुर्गम इलाकों में नई प्रजातियों की खोज लगातार जारी रहती है। अब मध्य अफ्रीका के डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआर कांगो) के घने वर्षावनों से एक ऐसी ही अनोखी खोज सामने आई है, जिसने जीव वैज्ञानिकों को उत्साहित कर दिया है। वैज्ञानिकों ने बंदरों की एक नई प्रजाति की आधिकारिक पुष्टि की है, जिसे 'लिक्वेली मंकी' नाम दिया गया है। यह प्रजाति अपने चमकीले नारंगी होंठ, चेहरे की अनोखी बनावट, विशिष्ट गंध और डकार जैसी आवाजों के जरिए संवाद करने की क्षमता के कारण चर्चा में है। रिपोर्टों के अनुसार, इस रहस्यमयी बंदर की पहली अपुष्ट तस्वीर वर्ष 2008 में सामने आई थी। उस समय वैज्ञानिकों को संदेह हुआ कि यह किसी अज्ञात प्रजाति का सदस्य हो सकता है। इसके बाद शोधकर्ताओं ने कई वर्षों तक इस जीव की तलाश शुरू की। घने जंगल, कठिन भौगोलिक परिस्थितियां और बंदर का बेहद शर्मीला स्वभाव इस खोज को चुनौतीपूर्ण बनाते रहे। आखिरकार, लगभग आठ वर्षों तक चले विस्तृत वैज्ञानिक अध्ययन और कुल मिलाकर करीब दो दशक की खोज के बाद इसकी पहचान एक नई प्रजाति के रूप में की गई है। लिक्वेली मंकी की सबसे बड़ी पहचान उसके बड़े और चमकीले नारंगी रंग के होंठ हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि ये होंठ केवल पहचान का हिस्सा नहीं हैं, बल्कि सामाजिक व्यवहार और दृश्य संकेत में भी भूमिका निभा सकते हैं।

दुनिया का इकलौता ज्वालामुखी जिससे निकलता है नीला लावा!

नुसंतारा। ज्वालामुखी का नाम सुनते ही आंखों के सामने लाल-नारंगी लावा, धुआं और तबाही की तस्वीर उभरती है। लेकिन, दुनिया में एक ऐसा अनोखा ज्वालामुखी भी है जो इन सबसे अलग है। यहां लावा लाल नहीं, बल्कि नीले रंग का दिखाई देता है। रात के अंधेरे में यह नीली आग आसमान की तरह चमकती है और पर्यटकों को अपनी ओर खींचती है। इसका नाम है कावाह इजेन ज्वालामुखी, जो इंडोनेशिया के जावा द्वीप पर स्थित है। यह दुनिया का इकलौता ऐसा ज्वालामुखी है जहां नीली आग का यह नजारा देखने को मिलता है। लेकिन वजह क्या है कि जहां बाकी ज्वालमुखी से लाल लावा निकलता है, वहीं इसके अंदर से निकलने वाली लावा नीले रंग की हो

नीली आग का राज

ज्यादातर लोग सोचते हैं कि यहां नीला लावा निकलता है, लेकिन असलियत कुछ और है। कावाह इजेन में बहुत ज्यादा मात्रा में सल्फर (सल्फर गैस) पाया जाता है। जब यह गैस उच्च तापमान पर जलती है तो नीले रंग की लपटें पैदा करती है। रात में यह नजारा और भी खूबसूरत लगता है। सल्फर गैस 600 डिग्री सेल्सियस तक जल सकती है और नीली आग का यह कमाल पैदा करती है। वैज्ञानिक इसे 'ब्लू फायर' कहते हैं। दिन में यह जगह सामान्य ज्वालामुखी की तरह दिखती है, लेकिन रात में जादुई नजारा बन जाता है।

कैसे पहुंचें?

कावाह इजेन पहुंचने के लिए सबसे पहले बाली या जावा के बड़े शहर से ट्रांसपोर्ट लेना पड़ता है। फिर रात की ट्रेकिंग करनी होती है। पूरा ट्रेक करीब 3-4 घंटे का होता है। स्थानीय गाइड के साथ जाना सुरक्षित रहता है। नीली आग का यह नजारा मुख्य रूप से रात 12 बजे के बाद सबसे अच्छा दिखता है। यहां निकलने वाला सल्फर दुनिया के सबसे प्योर सल्फर में से एक है। कई डॉक्यूमेंट्री फिल्मों और नेशनल ज्योग्राफिक में इस जगह को दिखाया जा चुका है।

खतरनाक, लेकिन आकर्षक

कावाह इजेन सिर्फ नीली आग के लिए नहीं बल्कि खतरनाक गैसों और एसिडिक झील के लिए भी जाना जाता है। यहां की झील दुनिया की सबसे ज्यादा एसिडिक झीलों में से एक है। स्थानीय मजदूर यहां से सल्फर निकालने का काम करते हैं, जो उनके स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है। फिर भी हर साल हजारों पर्यटक रात में ट्रेकिंग करके इस नीली आग को देखने पहुंचते हैं। फोटोग्राफर और नेचर लवर्स के लिए यह स्वर्ग है।

पर्यटन पर प्रभाव

इस अनोखे ज्वालामुखी ने इंडोनेशिया के पर्यटन को नई ऊंचाई दी है। लोग खासतौर पर ब्लू फायर देखने के लिए आते हैं। हालांकि, स्थानीय सरकार पर्यटकों की सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण पर भी ध्यान दे रही है।

अरबपति ने प्रॉपर्टी टैक्स बचाने के लिए जमीन नहीं, समुद्र को बनाया घर

वॉशिंगटन। माइक्रोसॉफ्ट वर्ड और एक्सेल बनाने वाले टेक दिग्गज चार्ल्स सिमोनी ने जमीन पर महंगे घर खरीदने के बजाय समुद्र को अपना ठिकाना बना लिया था। करीब 100 मिलियन डॉलर की सुपरयॉट 'स्काट' में वह साल के आधे समय तक रहते थे। इस तैरते घर ने उन्हें लग्जरी लाइफ के साथ-साथ अलग-अलग जगहों के प्रॉपर्टी टैक्स और नियमों से भी राहत दी। उनकी यह अनोखी सोच आज भी चर्चा का विषय बनी हुई है। दुनिया के सबसे अमीर लोगों के पास आलीशान घरों की कमी नहीं होती। बड़े शहरों में महंगे अपार्टमेंट, प्राइवेट विला और लग्जरी प्रॉपर्टी खरीदना अरबपतियों के लिए आम बात है। लेकिन, माइक्रोसॉफ्ट के दिग्गज इंजीनियर चार्ल्स सिमोनी ने इस मामले में बिल्कुल अलग रास्ता चुना।

उन्होंने जमीन पर घर बनाने के बजाय समुद्र में अपना ऐसा ठिकाना बनाया, जिसे देखकर बड़े-बड़े लोग भी हैरान रह गए। चार्ल्स सिमोनी ने 233 फीट लंबी एक सुपरयॉट बनवाई, जिसका नाम था 'स्काट'। यह सिर्फ एक लग्जरी जहाज नहीं था, बल्कि उनके लिए चलता-फिरता घर, ऑफिस और सफर का साथी था। करीब 100 मिलियन डॉलर यानी लगभग 800 करोड़ रुपए से ज्यादा की इस सुपरयॉट में वह कई सालों तक हर साल करीब छह महीने बिताते थे। चार्ल्स सिमोनी दुनिया के जाने-माने टेक एक्सपर्ट हैं।

शांति के लिए खास : चार्ल्स सिमोनी चाहते थे कि उनकी यॉट पर उन्हें पूरी शांति मिले। इसके लिए इसमें खास नॉइस कंट्रोल सिस्टम लगाया गया था। यॉट के इंजन, जनरेटर और दूसरी भारी मशीनों को इस तरह लगाया गया था कि उनकी आवाज और कंपन अंदर तक न पहुंचे।

सुपरयॉट बनी आलीशान ऑफिस और घर

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, स्काट सुपरयॉट सिर्फ घूमने के लिए इस्तेमाल होने वाली यॉट नहीं थी। सिमोनी इसे अपना ऑफिस भी बनाकर इस्तेमाल करते थे। वह इस पर रहते, काम करते और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में घूमते थे। इस सुपरयॉट में हर तरह की मॉडर्न सुविधा मौजूद थी। इसमें शानदार कमरे, आर्ट गैलरी जैसा इंटीरियर, हेलिपैड और बेहतरीन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया था। सिमोनी कई बार यूरोप के बड़े शहरों में अपनी यॉट को ऐसे स्थानों पर खड़ा करते थे, जहां आम लोगों के लिए प्रॉपर्टी खरीदना लगभग नामुमकिन होता है। नॉर्वे, डेनमार्क और स्वीडन जैसे देशों की राजधानियों में उनकी यॉट राजमहलों के पास तक दिखाई देती थी। उन्होंने मजाक में कहा था कि उनकी तैरती हुई प्रॉपर्टी उन्हें दुनिया की सबसे शानदार लोकेशन, बेहतरीन बाथरूम और शानदार रेस्टोरेंट सब कुछ एक साथ देती है।

एक ऐसा श्रापित गांव! जहां हर शख्स है अंधा, जानवर भी अंधे

मेक्सिको सिटी। कल्पना कीजिए एक ऐसे गांव की जहां किसी ने कभी सूरज की रोशनी नहीं देखी है। ऐसा नहीं है कि यहां सूरज नहीं उगता, लेकिन मेक्सिको के ओआक्साका प्रांत में बसा टिल्टेपेक गांव ठीक वैसा ही है। यहां पैदा होने वाला हर शिशु और हर जानवर कुछ समय बाद अपनी आंखों की रोशनी खो देता है। यह रहस्य सदियों से चला आ रहा है और इसे 'अंधों का गांव' भी कहा जाता है।

टिल्टेपेक गांव में करीब 300-400 लोग रहते हैं। यहां नवजात बच्चे आंखें खोलकर पैदा होते हैं, लेकिन कुछ दिनों या हफ्तों में उनकी रोशनी धीरे-धीरे कम होने लगती है और अंत में पूरी तरह चली जाती है। यही हाल गांव के कुत्तों, बिल्लियों, गायों, पक्षियों और अन्य जानवरों का भी है। स्थानीय लोग बताते हैं कि यह कोई प्राचीन अभिशाप है। किंवदंती है कि सदियों पहले गांव में एक खास पेड़ था। जिसने भी उस पेड़ को देखा, वह अंधा हो गया। आज भी कई लोग उस पेड़ या उसके आसपास की जगह को समस्या का कारण मानते हैं।

अंधेपन के बावजूद गांववासी सामान्य जीवन जीते हैं। वे आवाज, स्पर्श, गंध और अन्य इंद्रियों का इस्तेमाल करके सब कुछ करते हैं। बच्चे विशेष तरीके से शिक्षा प्राप्त करते हैं। घरों में खिड़कियां कम होती हैं, क्योंकि रोशनी की जरूरत नहीं पड़ती। सरकार ने कई बार गांव वालों को दूसरे जगह बसाने की कोशिश की, लेकिन वे अपनी मातृभूमि छोड़ना नहीं चाहते। नई जगह पर अनुकूलन ना हो पाने के कारण कई लोग वापस लौट आए।

वैज्ञानिक जांच और संभावित कारण

जब मेक्सिको सरकार और वैज्ञानिक टीम ने जांच की तो कुछ रोचक तथ्य सामने आए। इसमें सबसे प्रमुख कारण बताया गया विषैले कीट। गांव में मौजूद कुछ विशेष प्रकार की मक्खियां ऐसी हैं, जिनके संपर्क में आने से आंखों की रोशनी चली जाती है। कुछ अध्ययनों में जेनेटिक कारण भी पाए गए। छोटे समुदाय में शादियां होने के कारण रेसेसिव जीन मजबूत हो गए हैं, जिससे आनुवंशिक अंधापन फैल गया। वहीं, पर्यावरणीय कारक जैसे पानी में रसायन, मिट्टी का प्रदूषण या स्थानीय पौधे भी इसके लिए जिम्मेदार हो सकते हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com